


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 158 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद शु.11 2082 बुधवार, 3 सितंबर-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## मोहाली में जम्मू-कश्मीर के 3 युवक गिरफ्तार

**जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने का दावा, टैक्सी ड्राइवर के अपहरण और मर्डर केस में पकड़े गए**

पंजाब, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मोहाली पुलिस ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इस मामले में जम्मू-कश्मीर के तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों का संबंध टैक्सी ड्राइवर अनिल कुमार के अपहरण और हत्या से निकला है। अनिल, जो नयागांव का निवासी था, घर से चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन सवारी लेने गया था और उसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला। उसकी कार रोपड़ टोल पर देखी गई थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान साहिल बशीर, मुनीश सिंह और एजाज अहमद के रूप में हुई है।

# 'मां के प्रति श्रद्धा बिहार की पहचान'

**> प्रधानमंत्री ने 105 करोड़ रुपए की राशि को जीविका निधि में ट्रांसफर किया**



पटना, 2 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने 105 करोड़ रुपए की राशि को जीविका निधि में ट्रांसफर किया। कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, आज प्रधानमंत्री मोदी जीविका निधि का शुभारंभ कर रहे हैं।

इस कार्य से स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदीयों को ऋण राशि प्राप्त करने में सुविधा होगी। राज्य सरकार ने इस कार्य के लिए 1 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

**'बिहार की माताओं-बहनों की मिलेगी नई सुविधा'**

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मंगलवार के दिन बहुत मंगल कार्य की शुरुआत हो रही है। बिहार की माताओं-बहनों को आज एक नई सुविधा मिलने जा रही है- जीविका निधि साख सरकारी संघ। इससे गांव-गांव में जीविका से जुड़ी बहनों को अब और आसानी से पैसा मिलेगा। उन्हें आर्थिक मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, मुझे ये देखकर खुशी हो रही है कि जीविका निधि की व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल है। मैं बिहार की माताओं-बहनों को बहुत बधाई देता हूं और इस अद्भुत पहल के लिए मैं नीतीश कुमार और बिहार की एनडीए सरकार का भी अभिनंदन करता हूं।

उन्होंने आगे कहा, विकसित भारत का बहुत बड़ा आधार है, भारत की सशक्त महिलाएं। महिलाओं को सशक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि उनकी जिंदगी से हर प्रकार की मुश्किलें कम हों। इसलिए हम माताओं-बहनों-बेटियों की जिंदगी को आसान बनाने के लिए अनेक काम कर रहे हैं।

हमने महिलाओं के लिए करोड़ों शौचालय बनवाए, ताकि उन्हें खुले में शौच की मजबूरी से मुक्ति मिले। हमने पीएम आवास योजना के अंतर्गत पक्के घर बनवाए और इसमें ये भी ध्यान रखा कि वो घर हो सके तो महिलाओं के नाम पर हो। महिला जब घर की मालकिन होती है, तो उसकी आवाज का भी वजन बढ़ जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, केंद्र सरकार आज मुफ्त राशन की योजना भी चला रही है। >14

# एमएलसी कविता पार्टी से निलंबित

**> बीआरएस ने 'दल विरोधी गतिविधियों' का आरोप लगाया**



हैदराबाद, 2 सितंबर (एजेंसियां)। तेलंगाना की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने अपनी एमएलसी और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी के. कविता को पार्टी से निलंबित कर दिया है। बीआरएस ने कहा कि हाल के दिनों में कविता के व्यवहार और उनकी गतिविधियां पार्टी के हितों के खिलाफ रही हैं।

उन पर 'पार्टी विरोधी गतिविधियों' में शामिल होने और संगठन को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। बीआरएस ने कहा है कि पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर राव ने एमएलसी कविता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला लिया है। कविता को पार्टी से ऐसे समय में बर्खास्त किया गया है, जब बीआरएस पहले से ही अंदरूनी चुनौतियों का सामना कर रही है। बर्खास्तगी से एक दिन पहले कविता ने उस समय पार्टी के भीतर तूफान खड़ा कर दिया था, जब उन्होंने अपनी ही पार्टी के नेताओं पर केसीआर की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने वरिष्ठ नेता टी. हरीश राव और पूर्व सांसद मेघा कृष्णा रेड्डी पर उनके पिता पर 'भ्रष्टाचार का ठप्पा' लगाने का आरोप लगाया और दावा किया कि हरीश राव और संतोष कुमार ने उन्हें हाशिये पर धकेलने की साजिश रची। 22 अगस्त को कविता जब विदेश थीं, तब उन्हें अचानक तेलंगाना तेलंगाना बोग्गु घानी कर्मिका संघम (टीबीजीकेएस) की मानद अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। उन्होंने इसे एक साजिश बताया था और कहा था कि यह कदम पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। कविता ने आरोप लगाया था कि टीबीजीकेएस के लिए चुनाव उनकी बिना जानकारी के पार्टी दफ्तर में हुआ और यह श्रम कानूनों का उल्लंघन भी हो सकता है। उन्होंने कहा, मैंने केवल पार्टी के अंदरूनी कामकाज पर सवाल उठाया, इसी बात की मुझे सजा दी जा रही है। उन्होंने इसके लिए पार्टी के कुछ लोगों को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने यह भी बताया कि बीआरएस की बैठक के बाद जो पत्र उन्होंने अपने पिता और पार्टी अध्यक्ष को लिखा था, उसका लीक होना उनके खिलाफ माहौल बनने की वजह बना। >14

## 'गया था इसलिए ताली बजा रहे हैं या आया हूं इसलिए'

**जब पीएम मोदी की बात पर ठहाकों से गूंजा हॉल**

नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित सेमीकॉन इंडिया 2025 कार्यक्रम में शिरकत की। इस कार्यक्रम में दुनियाभर के सेमीकंडक्टर क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हुए। कार्यक्रम में अपने भाषण की शुरुआत में पीएम मोदी ने कुछ ऐसा कहा कि पूरा सभागार ठहाकों से गूंज उठा।

दरअसल पीएम मोदी ने अपना संबोधन शुरू करते हुए कहा कि 'कल रात ही मैं जापान और चीन की यात्रा से वापस लौटा हूं।' इस पर सभागार में मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। जिसके बाद पीएम मोदी ने चुटकी लेते हुए कहा कि 'गया था, इसलिए तालियां बजा रहे हैं या वापस लौटा हूं इसलिए।' प्रधानमंत्री के इतना कहते ही सभागार में मौजूद सभी लोग ठहाका मारकर हंस पड़े। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि यहां दुनिया भर के सेमीकंडक्टर विशेषज्ञ हैं, 40-50 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि हैं और भारत की युवा शक्ति भी यहां नजर आ रही है। ये जो संयोजन बना है, इसका संदेश है कि दुनिया भारत पर विश्वास करती है। दुनिया अब भारत के साथ मिलकर सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है।

# केसीआर और उनके मंत्री को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

**7 अक्तूबर तक कार्रवाई पर रोक**

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) और पूर्व मंत्री टी. हरीश राव को राहत दी है। अदालत ने निर्देश दिया है कि कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना से जुड़ी न्यायिक आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सात अक्तूबर तक दोनों के खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी।

यह आदेश आयोग की रिपोर्ट और उस पर उठे विवाद के बीच दिया गया। यह मामला तब शुरू हुआ जब सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश पी.सी. घोष की अध्यक्षता वाले आयोग ने 31 जुलाई को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी। इसमें कालेश्वरम परियोजना के निर्माण और अन्य पहलुओं में अनियमितताओं की ओर इशारा किया गया और केसीआर को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया। साथ ही उस समय के सिंचाई मंत्री रहे हरीश राव पर भी सवाल उठाए गए।



**हाईकोर्ट में याचिका दाखिल**

रिपोर्ट के खिलाफ केसीआर और हरीश राव ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने रिपोर्ट को चुनौती देते हुए अंतरिम याचिका दायर की और सरकार को किसी भी तरह की कार्रवाई करने से रोकने की मांग की। हाईकोर्ट ने इस पर सुनवाई करते हुए कहा कि अगली तारीख यानि सात अक्तूबर तक रिपोर्ट के आधार पर कोई प्रतिकूल कदम नहीं उठाया जाएगा। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता सुदर्शन रेड्डी ने अदालत को बताया कि फिलहाल आयोग की रिपोर्ट पर कोई एक्शन टेकन रिपोर्ट विधानसभा में पेश नहीं की गई है। लेकिन सरकार को इसे पेश करना बाध्यकारी है। सरकार ने राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण (एनडीएसए) और अन्य रिपोर्टों के आधार पर मामले को सीबीआई को सौंप दिया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने विधानसभा में चर्चा के बाद घोषणा की कि कालेश्वरम परियोजना की जांच सीबीआई को सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह उचित कदम है क्योंकि परियोजना में अंतरराज्यीय मुद्दे और विभिन्न केंद्रीय व राज्य एजेंसियों की भूमिका रही है। अब मामला अदालत और सीबीआई जांच दोनों के घेरे में है।

## हथियार-गोला बारूद तैयार करने में भ्रष्टाचार का आरोप

**आयुध निर्माणी के पूर्व अफसर पर मामला दर्ज**

नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने तत्कालीन उप महाप्रबंधक, आयुध निर्माणी अंबाझरी, नागपुर के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। आरोप है कि डिप्टी जीएम ने पद पर रहते हुए एक प्रोपराइटरशिप फर्म की स्थापना की और फिर निविदाओं के नियमों, शर्तों एवं दूसरे दस्तावेजों में हेरफेर कर उक्त फर्म को टेंडर दे दिया। सीबीआई ने तत्कालीन डिप्टी जीएम के साथ ही नागपुर में स्थित एक निजी कंपनी और उसके मालिक व अन्य अज्ञात लोक सेवकों/निजी व्यक्तियों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में तत्कालीन उप महाप्रबंधक, आयुध निर्माणी, नागपुर दीपक लांबा, मेसर्स ऑटोमेशन इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रियल सर्विसेज, नागपुर और मोहित ठोलिया मेसर्स ऑटोमेशन इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रियल सर्विसेज, नागपुर शामिल हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी को प्राप्त शिकायत के अनुसार, आरोपी ने उप महाप्रबंधक, ओएफएजे, नागपुर के रूप में काम करते हुए एक प्रोपराइटरशिप फर्म की स्थापना की थी। उन्होंने निविदाओं के नियमों और शर्तों में हेरफेर करके, फर्म द्वारा प्रस्तुत जाली/झूठे अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर उक्त फर्म को निविदाएं दीं।

# राष्ट्रपति के मामले में संविधान की व्याख्या करेंगे किसी व्यक्तिगत मामले में नहीं : एससी

**> राज्यपालों-राष्ट्रपति के लिए डेडलाइन से जुड़ा मामला**



नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह संविधान की व्याख्या सिर्फ राष्ट्रपति के मामले में करेगा, किसी राज्य या व्यक्ति से जुड़े अलग-अलग मामलों में नहीं। कोर्ट ने यह टिप्पणी राज्य सरकार द्वारा भेजे बिलों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के साइन करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाले मामले में की।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी आंध्र प्रदेश, तेलंगाना या कर्नाटक जैसे राज्यों का उदाहरण देंगे, तो केंद्र को भी जवाब दाखिल करना होगा। इस पर सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने कहा हम अलग-अलग राज्यों के मामलों पर चर्चा नहीं करेंगे, बल्कि केवल संविधान की धाराओं को देखेंगे। सुनवाई में सिंघवी ने कहा कि अगर विधानसभा किसी बिल को वापस नहीं भेजना चाहती तो वह अपने आप अस्वीकृत हो सकता है। अगर राज्यपाल बिल को विधानसभा को लौटाते ही नहीं हैं, तो अनुच्छेद 200 की प्रक्रिया ही रुक जाएगी। दरअसल, मई में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछा था कि क्या अदालत राज्यपालों और राष्ट्रपति को बिलों पर फैसला करने के लिए समय-सीमा तय कर सकती है।

**सीजेआई ने पूछा-राज्यपाल ने बिल रोका तो क्या होगा?**

इस पर सिंघवी ने कहा कि ऐसी स्थिति में बिल आगे नहीं बढ़ पाता और पहले के फैसलों के अनुसार वह 'फॉल थ्रू' मान लिया जाता है, जब तक कि अनुच्छेद 200 की पहली शर्त पूरी न हो।

अनुच्छेद 200 राज्यपाल को यह अधिकार देता है कि विधानसभा से पास बिल पर वह या तो मंजूरी दें, मंजूरी रोक लें, पुनर्विचार के लिए वापस भेजें या राष्ट्रपति के पास आरक्षित करें। पहली शर्त यह है कि अगर विधानसभा दोबारा विचार के बाद विधेयक वापस भेज दे, तो राज्यपाल को उसे मंजूरी देनी ही होगी।

## कवि कुमार विश्वास की पत्नी मंजू शर्मा ने दिया इस्तीफा



जयपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान लोक सेवा आयोग के तहत कराई गई सब-इंस्पेक्टर भर्ती में गड़बड़ियों के चलते राजस्थान हाईकोर्ट ने भर्ती को ही कैंसिल कर दिया था। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने आयोग के सदस्यों की आलोचना भी की थी। ऐसे में अब आयोग की सदस्य और मशहूर कवि डॉक्टर कुमार विश्वास की पत्नी मंजू शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। दरअसल, सोमवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े को लिखे पत्र में मंजू शर्मा ने कहा, मैंने अपना पूरा कामकाजी और निजी जीवन पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से काम करते हुए बिताया है, लेकिन हाल ही में एक भर्ती प्रक्रिया में उठे विवाद के कारण मेरी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा और पूरे आयोग की गरिमा प्रभावित हुई है। मंजू शर्मा ने राज्यपाल को भेजे में अपने इस्तीफे में लिखा कि किसी भी पुलिस संस्थान या जांच एजेंसी में मेरे खिलाफ किसी भी तरह की कोई जांच लंबित नहीं है और न ही मुझे कभी किसी मामले में आरोपी माना गया है। उन्होंने कहा कि फिर भी, सार्वजनिक जीवन में शुचिता के पक्षधर होने तथा आयोग की गरिमा, निष्पक्षता और पारदर्शिता को सर्वोपरि मानते हुए मैं स्वेच्छा से राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य पद से अपना त्यागपत्र दे रही हूं। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा था कि उन्होंने और अन्य ने परीक्षा की शुचिता से समझौता किया है।

# भारत का पहला स्वदेशी स्पेस प्रोसेसर 'विक्रम 3201' लॉन्च

**> रॉकेट और सैटेलाइट मिशन होंगे और मजबूत**

नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। सेमिकॉन इंडिया 2025 सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 'विक्रम 3201' पेश किया। इसे भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है। इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) के सहयोग से तैयार किया गया है।

यह एक 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है, जिसे खासतौर पर अंतरिक्ष मिशनों की कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए बनाया गया है। इसकी-55 डिग्री सेल्सियस से लेकर +125 डिग्री सेल्सियस तक तापमान झेलने की क्षमता इसे बेहद मजबूत बनाती है। इसका काम रॉकेट और लॉन्च व्हीकल्स में नेविगेशन, कंट्रोल और मिशन मैनेजमेंट को संभालना है। इसे मिलिट्री-ग्रेड स्टैंडर्ड्स के हिसाब से तैयार किया गया है ताकि यह रेडिएशन और वाइब्रेशन जैसी कठिन परिस्थितियों में भी काम करता रहे। इससे पहले इसरो 2009 से 'विक्रम 1601' (16-बिट प्रोसेसर) का इस्तेमाल कर रहा था।



अब 'विक्रम 3201' न सिर्फ 32-बिट आर्किटेक्चर लाता है, बल्कि इसमें 64-बिट फ्लोटिंग-प्वाइंट ऑपरेशन, अडा प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का सपोर्ट और बेहतर कम्युनिकेशन के लिए ऑन-चिप 1553B बस इंटरफेस जैसे कई बड़े अपग्रेड शामिल हैं। इसे एससीएल की चंडीगढ़ यूनिट में 180-नैनोमीटर सीमोस तकनीक से बनाया गया है, जो एयरोस्पेस एप्लिकेशंस के लिए भरोसेमंद है। इसरो ने इसी साल मार्च 2025 में 'विक्रम 3201' के साथ 'कल्पना 3201' नाम का दूसरा प्रोसेसर भी लॉन्च किया था।

## 'एसआईटी कर रही है जांच एनआईए की जरूरत नहीं'

**धर्मस्थल विवाद को लेकर बोले गृहमंत्री जी. परमेश्वर**



बंगलूरू, 2 सितंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने मंगलवार को साफ किया कि धर्मस्थल मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने की कोई जरूरत नहीं है। उनका कहना है कि राज्य सरकार ने पहले ही विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है और वह अपना काम कर रहा है। गृहमंत्री ने कहा, 'मैंने कई बार कहा है कि इस मामले को एनआईए को देने की आवश्यकता नहीं है। एसआईटी काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने भी यही बात दोहराई है। जांच जारी है और जब तक यह पूरी नहीं होती, किसी भी टिप्पणी से बचना चाहिए। अगर जांच में कोई खामी होती तो हम दूसरी एजेंसी को दे सकते थे, लेकिन अभी इसकी जरूरत नहीं है।'भाजपा लगातार इस मामले में एनआईए जांच की मांग कर रही है और कांग्रेस सरकार पर निशाना साध रही है। इस पर परमेश्वर ने पलटवार करते हुए कहा, 'भाजपा हर दिन इस मुद्दे को अलग-अलग तरीके से उठा रही है। मुझे लगता है कि वे जांच को प्रभावित करना चाहते हैं।'

धर्मस्थल में विवाद उस समय भड़का जब शिकायतकर्ता सी.एन. चिन्नैया ने दावा किया कि बीते 20 वर्षों में कई शव, जिनमें यौन शोषण की शिकार महिलाओं के शव भी शामिल हैं, को यहां दफनाया गया। यह आरोप मंदिर प्रशासन की ओर इशारा करता था। हालांकि बाद में चिन्नैया को झूठे बयान देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इसके बावजूद, एसआईटी ने जांच के तहत नेत्रावती नदी किनारे जंगल क्षेत्रों में खुदाई की। यहां दो स्थानों पर कुछ हड्डियों के अवशेष मिले हैं।

## गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त विदेशियों के भारत आने पर लगाई गई रोक

नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी नागरिकों के प्रवेश और ठहरने को लेकर सख्त प्रावधान लागू कर दिए हैं। गृह मंत्रालय ने कहा है कि अब ऐसे विदेशी नागरिक जिन्हें राष्ट्रविरोधी गतिविधियों, जासूसी, दुष्कर्म, हत्या, आतंकवादी कृत्यों, बाल तस्करी या किसी प्रतिबंधित संगठन की सदस्यता जैसे गंभीर अपराधों में दोषी पाया गया है, उन्हें भारत में प्रवेश या ठहरने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

नए इमिग्रेशन और फॉरेनर्स एक्ट, 2025 के तहत हर राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेश को डिटेंशन कैंप बनाना होगा। इन कैंपों में पकड़े गए अवैध प्रवासियों को रखा जाएगा और उनकी आवाजाही सीमित रहेगी, जब तक कि उन्हें वापस उनके देश नहीं भेज दिया जाता। अब हर विदेशी नागरिक को किसी भी श्रेणी का वीजा लेने या ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड के लिए आवेदन करते समय अपनी बायोमेट्रिक जानकारी देना जरूरी होगा।

# कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव पर 102 करोड़ रुपये का जुर्माना

**> सोना तस्करी मामले में डीआरआई का एक्शन**



बंगलूरू, 2 सितंबर (एजेंसियां)। दुबई से अवैध सोना तस्करी मामले में जेल की सजा काट रहीं अभिनेत्री रान्या राव को अब राजस्व खुफिया निदेशालय से 102.55 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का नोटिस मिला है। केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अवैध रूप से सोना तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। इस दौरान डीआरआई अधिकारियों ने रान्या राव के पास से 14.8 किलोग्राम सोना जब्त किया था। इस मामले की जांच के दौरान डीआरआई को पता चला था कि रान्या राव करीब 15 दिनों में चार बार दुबई गई थीं और हर बार उन्होंने सोने की तस्करी की थी। अब इस मामले में डीआरआई की तरफ से 102.55 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का नोटिस जारी किया गया है। 2 सितंबर को रान्या समेत चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और नोटिस जारी किया गया है। जानकारी के मुताबिक जुर्माना न भरने पर संपत्ति जब्त हो सकती है।

मामले में डीआरआई ने होटल व्यवसायी तरुण कोंडाराजू पर 63 करोड़ रुपये और ज्वैलर्स साहिल सकारिया जैन और भरत कुमार जैन पर 56-56 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। मंगलवार को, डीआरआई के अधिकारी बंगलूरू सेंट्रल जेल पहुंचे और उनमें से सभी को 250-2500 पन्नों का नोटिस और 2,500 पन्नों का अनुलग्नक सौंपा। डीआरआई के एक सूत्र ने बताया, 'सहायक दस्तावेजों के साथ एक विस्तृत नोटिस तैयार करना एक कठिन काम था। आज हमने आरोपियों को 11,000 पन्नों के दस्तावेज सौंपे।'

अभिनेत्री को इस साल जुलाई में सोने की तस्करी के मामले में कड़े विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी रोकथाम अधिनियम के तहत एक साल की कैद की सजा सुनाई गई थी।

डीआरआई सूत्रों ने बताया कि सीओएफईपीओएसए से संबंधित मामला मंगलवार को उच्च न्यायालय में आया, जहां इसकी सुनवाई 11 सितंबर के लिए स्थगित कर दी गई। तीन मार्च को डीआरआई ने केम्पे गौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, बंगलूरू से अभिनेत्री रान्या राव को गिरफ्तार किया, जो 14 किलो से ज्यादा सोना दुबई से भारत में तस्करी करने की कोशिश कर रही थीं।

## उमर खालिद और शरजील इमाम को बड़ा झटका

**हाईकोर्ट ने जमानत देने से किया इनकार**



नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने साल 2020 में हुए दंगों से जुड़ी साजिश के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को फरवरी 2020 के दंगों के पीछे कथित साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद, शरजील इमाम सहित अन्य को जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शैलिंदर कौर की पीठ ने उमर खालिद, शरजील इमाम सहित मोहम्मद सलीम खान, शिफा उर रहमान, अतहर खान, मीरान हैदर, अब्दुल खालिद सैफी और गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं।

## राज्यपाल आर्लेकर ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख

नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। उन्होंने याचिका दाखिल कर मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और केरल डिजिटल विश्वविद्यालय के कुलपतियों की चयन प्रक्रिया से बाहर रखने की मांग की। राज्यपाल ने कहा कि दोनों ही विश्वविद्यालयों की चयन प्रक्रिया में मुख्यमंत्री की कोई भूमिका नहीं है। राज्यपाल इन दोनों सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं। याचिका में दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति की पूरी चयन प्रक्रिया में मुख्यमंत्री की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। साथ ही 'पश्चिम बंगाल राज्य बनाम डॉ. सनत कुमार घोष एवं अन्य' मामले का हवाला दिया गया।

## घरों में घुसा बाढ़ का पानी



### सीएम रेखा गुप्ता ने लिया हालात का जायजा

नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली में पल-पल यमुना नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। यमुना का पानी मंगलवार दोपहर को खतरे के निशान को पार कर 205.90 मीटर पहुंच गया। यमुना की उफान से यमुना खादर सहित राजधानी के कई इलाकों में बाढ़ का पानी लोगों के घरों तक पहुंच गया है। इस स्थिति को देखते हुए लोगों को घरों से राहत शिविर में पहुंचाया गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार दोपहर को गीता कॉलोनी में यमुना पुल पर बाढ़ की तैयारियों का जायजा लिया और राहत शिविर में पहुंचकर लोगों से बात कर उनकी समस्या जानी। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी ऋषिता गुप्ता व सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बात की। इसके बाद सीएम यहां से यमुना बाजार पहुंचीं और वहां के हालात का जायजा लिया।

## बारिश के कारण बाइक गिरी करंट लगने से तीन लोगों की मौत

हिसार, 2 सितंबर (एजेंसियां)। हिसार में मिर्जापुर रोड़ पर बिजली लाइन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। जिसमें मरने वाले दो युवक गांव सुलखनी तथा एक युवक भिवानी जिले के गांव किरावड़ का निवासी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सुलखनी निवासी दो युवक अपने दोस्त किरावड़ निवासी के साथ बाइक पर सवार होकर हिसार से मिर्जापुर गांव की ओर से जा रहे थे। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे जब यह लोग दर्शन अकादमी स्कूल के पास पहुंच तो वहां बिजली की लाइन टूट कर सड़क पर गिरी हुई थी। इन युवकों की बाइक बिजली की तार को छू गई। जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट भी लगाया हुआ था। आसपास से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद एंबुलेंस की मदद से तीनों के शव नागरिक अस्पताल में पहुंचाए गए हैं। पुलिस ने मिर्जापुर रोड को बंद करा दिया है। बिजली निगम के अधिकारियों को भी सूचना दी गई है। इस क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बंद करा दिया गया है।

## पुलिस की नौकरी कुत्ता संभालने के लिए नहीं की



खरगोन, 2 सितंबर (एजेंसियां)। यह दर्द है खरगोन में पुलिस आरक्षक राहुल चौहान की पत्नी जयश्री चौहान का। खरगोन में पुलिस आरक्षक राहुल चौहान से डॉगी गुम हो जाने पर रक्षित निरीक्षक सौरभ कुशवाहा ने अपने सरकारी बंगले पर बेल्ट से पिटाई की। 23 अगस्त को आरक्षक का वीडियो सामने आने पर घटनाक्रम का खुलासा हुआ। इसके बाद परिवार व सामाजिक संगठनों ने आवाज उठाई, तब जाकर पुलिस महकमा पीड़ित के जख्मों पर मरहम लगाने, जांच शुरू की। इस मामले को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने भी संज्ञान लिया है। मामले में मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा है।

## रेलवे स्टेशन पर प्रेमी-प्रेमिका ने ट्रेन से कटकर दी जान

उमरिया, 2 सितंबर (एजेंसियां)। एक प्रेमी युगल ने रेलवे ट्रैक पर लेट कर मालगाड़ी से कट कर अपनी जान दे दी। मरने से पहले दोनों प्रेमी-प्रेमिका आपस में लिपट गए थे और इसी तरह रेलवे ट्रैक पर लेट गए थे। यह अनुमान रेलवे ट्रैक पर पड़ी उनकी कटी हुई लाश को देखकर लगाया गया है। यह जानकारी भी सामने आई है कि मरने वाले प्रेमी-प्रेमिका बीते चार दिनों से गांव के अपने घरों से लापता थे। मृतकों की पहचान भरत कोल (उम्र 21 साल) पिता अशोक कोल और करिश्मा कोल (उम्र 19 साल) पिता हल्के कोल दोनों निवासी ग्राम खेरवा ग्राम पंचायत टिकुरी जनपद पंचायत मानपुर जिला उमरिया के रूप में हुई है। घटना के बाद यह जानकारी सामने आई है कि करने वाले दोनों प्रेमी-प्रेमिका लगभग दो-तीन दिन से महरोई स्टेशन में ही रात्रि निवास करते थे। कई लोगों ने उन्हें स्टेशन में ही देखने का दावा किया है। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि पिछले तीन-चार दिनों से लगातार प्रेमी युगल जान देने का मन बना रहा होगा, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पानी के कारण वे आसपास ही दिखाई देते रहे अंततः उन्होंने हिम्मत जुटाई और जान दे दी।

## जापानी महिला से ली 1000 रुपये की रिश्वत, 3 ट्रैफिक पुलिसकर्मी सस्पेंड

गुरुग्राम, 2 सितंबर (एजेंसियां)। ट्रैफिक पुलिस ने गैलेरिया मार्केट क्षेत्र में जांच के दौरान हेलमेट न होने पर एक जापानी महिला से एक हजार रुपए की रिश्वत ले ली। महिला ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इस पर डीसीपी ट्रैफिक डॉ। राजेश मोहन ने जोन ऑफिसर (जेडओ), कॉन्स्टेबल और एक होमगार्ड को सस्पेंड कर दिया। जापानी महिला की ओर से जारी वीडियो में कहा गया वाह! गुरुग्राम पुलिस ने एक जापानी टूरिस्ट से 1000 रुपए ले लिए, वो भी बिना रसीद। इस तरह वे विदेश में भारत की छवि खराब करते हैं। वीडियो जापानी महिला के साथ स्कूटी पर पीछे बैठे किसी और ने बनाया। शायद उसने हेलमेट नहीं लगा रखा था। ट्रैफिक पुलिस ने फाइन के नाम पर एक हजार रुपए मांगे थे। रुपए लेने के बाद उन्हें कोई रसीद नहीं दी गई।

# कहानी कुख्यात शिकारी जफर बग की

## मांस का ऑर्डर लेता और काले हिरण-नीलगाय का करता शिकार; फहीम गैंग से कनेक्शन

भोपाल, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से वन्यजीवों के शिकार का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। टीला जमालपुरा पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने कुख्यात शिकारी जफर बेग को गिरफ्तार किया है। जफर बेग लंबे समय से संरक्षित वन्यजीवों का शिकार कर उनके मांस की अवैध सप्लाई करता था।

उसके पास से 315 बोर की लाइसेंसी राइफल, एक धारदार छुरी और 15 कारतूस बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में जफर बेग ने कबूल किया कि वह शादी, पार्टी और अन्य आयोजनों में अवैध शिकार से प्राप्त मांस सप्लाई करता था। विशेष रूप से



इसमें काले हिरण और नीलगाय जैसे संरक्षित वन्यजीव के मांस होते थे। यह काम ऑर्डर पर किया जाता था, यानी मांग के अनुसार शिकार कर मांस पहुंचाया जाता था।

### फहीम गैंग से कनेक्शन

पुलिस के अनुसार, जफर बेग का संबंध कुख्यात अपराधी फहीम उर्फ "फहीम बम" की गैंग से है। यह गैंग लंबे समय से वन्यजीवों के शिकार और अंगों की अवैध तस्करी में सक्रिय रही है। हाल ही में वन विभाग ने फहीम के घर पर छापेमारी की थी, जहां बड़ी मात्रा में अवैध मांस बरामद हुआ था। मौके से फहीम का बेटा हुजेफा गिरफ्तार हुआ था। पूछताछ में हुजेफा ने जफर बेग का नाम उजागर किया, जिसके बाद पुलिस ने बैरसिया बस स्टैंड से उसे दबोच लिया।

### शिकार के ठिकाने और गाड़ियां

जफर ने खुलासा किया कि वह सागर, चिड़ीखो, राजगढ़, तवा डैम और रायसेन जैसे इलाकों में नियमित रूप से शिकार करता था। इसके लिए काले और सफेद रंग की दो स्कॉर्पियो गाड़ियों का इस्तेमाल किया जाता था। आरोपी के काजी कैंप स्थित घर से भी वन विभाग ने कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है, जो शिकार गतिविधियों से जुड़ी मानी जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अब जफर बेग को नरसिंहगढ़ के पास पचोर रोड पर ले जाया जाएगा। वहां उससे शिकार की घटनाओं और इस्तेमाल किए गए तरीकों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

इससे यह पता लगाया जाएगा कि गैंग किस तरह से वन्यजीवों का शिकार कर मांस की तस्करी करती थी। फिलहाल इस मामले में मुख्य आरोपी फहीम और उसका सहयोगी यूसुफ फरार हैं। दोनों की तलाश पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस शिकारी गैंग के बाकी सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सीएम मोहन यादव उद्योगपतियों के साथ करेंगे वन-टू-वन मीटिंग

भोपाल, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तीन सितंबर को दिल्ली में होने वाले इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन पीएम मित्रा पार्क के इंटरैक्टिव सेशन में शामिल होंगे। इस अवसर पर केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह भी मौजूद रहेंगे। इंटरैक्टिव सेशन में टेक्सटाइल सेक्टर के निवेशकों और नीति-निर्माताओं की मौजूदगी में मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर विचार-विमर्श होगा। केन्द्रीय मंत्री सिंह भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की बढ़ती वैश्विक भूमिका और पीएम मित्रा पार्क की अहमियत पर अपने विचार रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ। यादव निवेशकों के साथ वन-टू-वन मीटिंग कर राज्य में उपलब्ध अधोसंरचना, नीतिगत सहयोग और नए अवसरों की जानकारी देंगे।

## आप विधायक हरमीत पठानमाजरा पुलिस हिरासत से फरार

चंडीगढ़, 2 सितंबर (एजेंसियां)। पंजाब के सन्नौर के मौजूदा आप विधायक हरमीत सिंह
पठान माजरा को मंगलवार सुबह गिरफ्तार किया गया था। अब सूचना आ रही है कि विधायक पुलिस गिरफ्त से फरार हो गया है। उन्हें हरियाणा के करनाल से गिरफ्तार किया गया था। सूचना आ रही है कि पठानमाजरा का पीए रात को फरार हो गया था,



पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है। सूत्रों के अनुसार, पठानमाजरा के समर्थकों मौके पर पहुंच गए हैं। मौके पर गोली भी चली है। पुलिसकर्मी पर भी गाड़ी चढ़ाने का आरोप है। पठानमाजरा ने बीते दिन बाढ़ की स्थिति को लेकर पंजाब सरकार के अधिकारी के खिलाफ लाइव होकर बयान दिया था। इसके बाद पटियाला पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पठानमाजरा के खिलाफ उन्हीं की दूसरी पत्नी ने रेप केस भी दर्ज करवाया हुआ है।

# आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई, साइंस हाउस ग्रुप के कई ठिकानों पर छापेमारी

भोपाल, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राजधानी में मंगलवार सुबह आयकर विभाग ने कई जगहों पर छापामारी की। विभाग की टीम ने गौतम नगर स्थित साइंस हाउस ग्रुप के दफ्तर सहित कई ठिकानों पर तलाशी ली। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सीआरपीएफ के जवान तैनात किए गए थे।

जानकारी के मुताबिक, विभाग की गाड़ियां सुबह-सुबह साइंस हाउस ग्रुप की बिल्डिंग पहुंचीं और वहां दस्तावेजों की जांच शुरू की गई। इसी दौरान एक अन्य टीम




लालघाटी के पंचवटी पार्क क्षेत्र में मेडिकल सर्जिकल उपकरणों के व्यापारी राजेश गुप्ता के निवास पर भी कार्रवाई की जा रही है। राजेश गुप्ता लिनन का बड़ा कारोबार है। यह सरकारी विभागों में पॉवरलूम के माध्यम से बड़ी सप्लाई करते है। जानकारी के अनुसार, भोपाल, इंदौर और मुंबई समेत देशभर में कई स्थानों पर छापे मारे गए हैं। अधिकारियों की टीम ने साइंस हाउस ग्रुप से जुड़े संचालक जितेंद्र तिवारी, सॉफ्टवेयर इंजीनियर रोहित गुप्ता, कंसल्टेंट दिनेश बारोलिया और शिखा राजोरिया से भी पूछताछ की है।

साइंस हाउस ग्रुप के संचालकों के एक पूर्व आईएएस अधिकारी से संबंधों की भी चर्चा रही हैं। बता दें कि साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड का मुख्यालय भोपाल के गौतम नगर स्थित मकान नंबर सी-25 में वर्ष 1994 से संचालित हो रहा है। कंपनी मेडिकल उपकरणों की सप्लाई के साथ पैथोलॉजी लैब, निजी अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेवाएं भी उपलब्ध कराती है।

अनूपपुर जिले में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी खरीद-फरोख्त में साइंस हाउस और अनु सेल्स का बड़ा घोटाला सामने आया था। इस मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने जांच में पाया कि स्वास्थ्य उपकरणों और दवाओं की आपूर्ति अत्यधिक कीमतों पर की गई थी। इस मामले में करोड़ों रुपये के गड़बड़ी की पुष्टि हुई है। ईओडब्ल्यू ने कार्रवाई करते हुए सप्लाई कंपनी के निदेशकों जितेंद्र तिवारी और शैलेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया था।

# इंडिगो के विमान से टकराया पक्षी

## नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग, 272 यात्री थे सवार

नागपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। नागपुर से कोलकाता जा रहे इंडिगो के विमान को अचानक इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। दरअसल, विमान पक्षी से टकरा गया था इसी के बाद पायलट ने नागपुर में आपातकालीन लैंडिंग कराई। घटना के समय विमान में 272 यात्री सवार थे। हवा में एक पक्षी से टकराने की वजह से विमान का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पायलट की समय पर की गई कार्रवाई की वजह से एक बड़ा हादसा टल गया। सभी यात्री




सुरक्षित हैं। किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। विमान के पक्षी से टकराने के बाद वो लड़खड़ाने लगा।

इसी के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। सभी लोग घबरा गए और दहशत में आ गए। लोगों से शांत रहने की अपील की गई। पायलट ने अपनी सूझ-बूझ का इस्तेमाल करके फौरन सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग कराई। विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद अब सीनियर एयरपोर्ट डायरेक्टर आबिद रूही का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, इंडिगो की नागपुर-कोलकाता उड़ान संख्या 6ई812 पर पक्षी के टकराने की आशंका है। हम घटना की जांच कर रहे हैं।

## फाइनेंस बैंक में घुसे फिर 14 किलो सोने के गहने उड़ाए, पुलिस ने दास गैंग के सरगना को पकड़ा

जबलपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के जबलपुर के सिहोरा में ईएसएएफ फाइनेंस बैंक में हुई 15 करोड़ की 14 किलो 800 ग्राम सोने डकैती के मामले में डकैती के मास्टरमाइंड और कुख्यात अंतर्राज्यीय डकैत गिरोह दास गैंग के सरगना राजेश दास को जबलपुर पुलिस ने बिहार एसटीएफ की मदद से बिहार के गया से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच ने इस पूरे मामले में चार आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया था। जबलपुर क्राइम ब्रांच की टीम कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपियों को बिहार से जबलपुर लेकर पहुंची है।

जहां आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जा रहा है। यह दोनों आरोपी दुर्दांत अपराधी हैं जिन पर बिहार झारखंड समेत कई प्रदेशों में कई मामले दर्ज हैं। इनमें बैंक डकैती से लेकर कई बड़ी घटनाएं शामिल हैं। जबलपुर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 अगस्त 2025 को थाना खितौला क्षेत्र अंतर्गत ईसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में हेलमेट पहनकर हथियारों से लैस 5 अज्ञात बदमाशों ने धावा बोलकर करीब 14 किलो 800 ग्राम सोने के आभूषण और 5 लाख रुपये नकद लूट लिए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए जबलपुर ज़ोन के पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा स्वयं मौके पर पहुंचे और जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया।

# 'पवन खेड़ा के पास दो-दो वोटर कार्ड'

## राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोप पर बीजेपी ने कांग्रेस को घेरा

नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के सीनियर लीडर राहुल गांधी के 'वोट चोरी' का आरोप के बाद अब बीजेपी ने ही कांग्रेस पर वोट चोरी का आरोप लगाया है। बीजेपी ने पलटवार करते हुए कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा पर बड़ा आरोप लगाया है। बीजेपी का दावा है कि कांग्रेस नेता खेड़ा के पास दो सक्रिय वोटर कार्ड हैं, जिसके चलते वो खुद 'वोट चोरी' के असली गुनहगार हैं। दूसरी तरफ, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि खेड़ा ने पुराना वोटर कार्ड सरेंडर करने की अर्ज़ी पहले ही दी थी और जल्द ही इस पर जवाब देंगे। बीजेपी के आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने नई दिल्ली और जंगपुरा विधानसभा क्षेत्रों के वोटर लिस्ट की तस्वीरें शेयर करते हुए दावा किया कि पवन खेड़ा के पास दो सक्रिय ईपीआईसी नंबर हैं। मालवीय ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि



कांग्रेस की मीडिया और प्रचार विंग के हेड और 'वोट चोरी' के खिलाफ पार्टी के कैंपेन में सबसे आगे रहने वाले नेता पवन खेड़ा खुद दो वोटर कार्ड रखते हैं। मालवीय ने इसे गैर-कानूनी बताते हुए चुनाव आयोग से जांच की मांग की है। उनका कहना है कि क्या खेड़ा ने एक से ज़्यादा बार वोटिंग की, जो कि इलेक्शन नियमों का उल्लंघन है। मालवीय ने कांग्रेस पर और भी तीखे हमले किए। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि जैसे सोनिया गांधी ने भारतीय नागरिक बनने से पहले वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाया था, वैसे ही खेड़ा का दो वोटर कार्ड रखना कांग्रेस की 'वोट चोरी' की पुरानी आदत को दिखाता है। मालवीय ने दावा किया कि कांग्रेस हमेशा से इलेक्शन सिस्टम को नुकसान पहुंचाती रही है और अब डर है कि चुनाव आयोग की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से उनकी पोल खुल जाएगी।

## शिकंजे में दिल्ली की ड्रग क्वीन, 15-20 करोड़ की संपत्ति और किले जैसा घर



नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में ड्रग क्वीन के नाम से फेमस कुसुम की 15 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्तियां जब्त हो सकती हैं। ये संपत्तियां दिल्ली से लेकर यूपी तक हैं और पुलिस इनकी पिछले कुछ समय से जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि कुसुम न केवल खुद ड्रग्स बेच रही थी, बल्कि पूरे नेटवर्क को अपने परिवार की मदद से चला रही थी। इसलिए कुसुम का पूरा परिवार और उनकी संपत्तियां जांच के घेरे में हैं।

कुसुम की बेटियां (दीपा व अनुराधा) सप्लायर और क्लाइंट्स का रिकॉर्ड रखती थीं। बेटा अमित नए ग्राहकों को जोड़ता था। गांव में कुसुम के रिश्तेदार लॉजिस्टिक्स संभालते और बेनामी संपत्तियां यूपी और दिल्ली में खरीदते थे, जिससे नेटवर्क को मजबूती मिलती थी। इस साल मार्च के महीने में सुल्तानपुरी में उसके पर छापा मारा गया, जिसमें अमित गिरफ्तार हुआ। इस छापे में 500 से ज्यादा हेरोइन के पैकेट, 14 लाख रुपये कैश, और एक ब्लैक स्कॉर्पियो एसयूवी बरामद की गई थी। कुसुम को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

## राहुल गांधी के हाइड्रोजन बम वाले बयान पर भड़के बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल, बोले- इस्तीफा दो और माफी मांगो

नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के हाइड्रोजन बम वाले बयान पर भाजपा सांसद जगदंबिका पाल भड़क गए हैं। जगदंबिका पाल ने कहा, राहुल गांधी सांसद चुने गए हैं, उन्हें अपनी भाषा पर ध्यान देना चाहिए।

वह हाइड्रोजन बम की बात कर रहे हैं, जिसका मतलब विनाश है। क्या वह हिरोशिमा और नागासाकी जैसी स्थिति बनाना चाहते हैं? उन्होंने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति विनाश की बात कर रहा है। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए और देश से माफी मांगनी चाहिए। दरअसल सोमवार को राहुल गांधी पटना में



बीजेपी पर बरसे थे। इस दौरान उन्होंने कहा था, बीजेपी के लोग काले झंडे दिखाते हैं, बीजेपी के लोग अच्छी तरह सुन लीजिए, एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम होता है, बीजेपी के लोग तैयार हो जाओ, हाइड्रोजन बम आ रहा है, वोट चोरी की सच्चाई पूरे देश को पता चलने जा रही है। राहुल गांधी ने कहा था, हाइड्रोजन बम के बाद मोदीजी अपना चेहरा इस देश को नहीं दिखा पाएंगे। उन्होंने कहा, बिहार में एक नया नारा चला है 'वोट चोर गद्दी छोड़' जो लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। राहुल ने पीएम मोदी की चीन यात्रा पर भी बयान दिया था। उन्होंने कहा था, चीन और अमेरिका में भी लोग बोल रहे हैं, वोट चोर गद्दी छोड़। बता दें कि बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

ऐसे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की पूरी फौज बिहार में है और ताबड़तोड़ रैलियां कर रही है। इसी मौके पर राहुल गांधी ने बीजेपी और केंद्र सरकार को घेरते हुए हाइड्रोजन बम वाला बयान दिया था। राहुल गांधी बिहार की रैलियों में जनता के सामने बार-बार ये नारा दोहरा रहे हैं कि बीजेपी वोट चोर है। हालांकि बीजेपी, राहुल के आरोपों का खंडन करती रही है।

## दिल्ली पुलिस ने कट्टा फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने एक अवैध हथियार फैक्टरी का पर्दाफाश किया है। डीसीपी उत्तरी दिल्ली राजा बंठिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सराय रोहिल्ला थाना पुलिस की टीम ने एक अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़ किया और हथियारों का एक बड़ा जखीरा, कच्चा माल सहित, जब्त किया। छापेमारी के बाद टीम ने उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। 6 देसी पिस्तौल, 12 बिना स्क्रू वाली देसी पिस्तौलें और 250 से ज्यादा पिस्तौलों का कच्चा माल जब्त किया गया।

## अमृतसर में रेस्टोरेंट मालिक की हत्या

अमृतसर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। अमृतसर में मोहकमपुरा इलाके में रविवार देर रात बाइक पर आए अज्ञात लोगों ने एक रेस्टोरेंट मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान आशुतोष के रूप में की गई है। आशुतोष मोहकमपुरा इलाके में लाइन फूड नाम से रेस्टोरेंट चलाता था। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरु कर दी। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिवार को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार देर रात करीब 10 ।30 बजे दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर रेस्टोरेंट के पास आए। एक युवक बाहर खड़ा रहा। दूसरा अंदर आया और उसने आशुतोष से पानी की बोतल मांगी। जैसे ही आशुतोष पानी देने के लिए आगे बढ़े, बदमाश ने अचानक पिस्तौल निकालकर गोलियां चलानी शुरु कर दी। आरोपी ने कुल छह गोलियां चलाईं। जिसमें से तीन गोलियां आशुतोष को लगी। वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। इससे उसकी मौत हो गई।

## भांजे की फीस भरने के लिए महिला ने उठाया ऐसा कदम

जबलपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश से एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है जहां पढ़ाई बचाने के लिए महिला ने एक गलत रास्ता चुना जिसके कारण उसे गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल जबलपुर में एक महिला को अपने भांजे की स्कूल फीस जमा करने के लिए एटीएम तोड़ने की कोशिश करने पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी महिला को पकड़ा और उसके कब्जे से एक लोहे की छड़ और अन्य उपकरण जब्त किए। घटना ने शहर में सनसनी फैला दी है क्योंकि यह मामला न सिर्फ चोरी बल्कि सामाजिक और आर्थिक दबाव की तस्वीर भी सामने लाता है। संजीवनी नगर इलाके के एक एटीएम में चोरी के प्रयास की शिकायत पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बीडी द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एटीएम की नकदी तिजोरी को तोड़ने की कोशिश की गई थी। जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गई। फुटेज से आरोपी महिला की पहचान कर पुलिस ने उसे दबोच लिया।

## चूहे कुतर गए नवजात बच्चों का हाथ, देखकर सहम गए परिजन

इंदौर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। इंदौर शहर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमवाईएच में लापरवाही का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अस्पताल के एनआईसीयू वार्ड में 2 नवजात बच्चे भर्ती थे। चूहों ने दोनों शिशुओं को हाथ को बुरी तरह कुतर डाला। बताया जा रहा है कि दोनों बच्चों का जन्म कुछ ही दिन पहले हुआ था। इसके बाद दोनों को एनआईसीयू में एडमिट किया गया था। चूहे ने रविवार को पहले एक बच्चे को जख्मी किया था। फिर उसका इसका इलाज शुरू किया गया। फिर चूहे ने एक दूसरे नवजात को काट लिया। सूत्रों की मानें तो अस्पताल कैंपस में लंबे समय से चूहों को लेकर शिकायतें सामने आती रही है। एनआईसीयू यूनिट भी चूहों को देखा गया है। मामला सामने आने के बाद अस्पताल प्रशासन भी एक्टिव हो गया। अस्पताल में पेस्ट कंट्रोल की तैयारी शुरू की गई है। एनआईसीयू में भी चूहों को रोकने की कवायद शुरू कर दी गई है।

## तीन कलेक्टर समेत कई अधिकारियों का सरकारी बंगलों पर कब्जा

भोपाल, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश सरकार ने राजधानी भोपाल में लंबे समय से बंगलों पर कब्जा जमाए बैठे तीन कलेक्टरों समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों पर सख्ती दिखाते हुए उनके सरकारी मकान खाली कराने के निर्देश दिए हैं। गृह विभाग ने एस्टेट विभाग को आदेश दिया है कि जिन अधिकारियों का तबादला महीनों पहले हो चुका है और उन्हें संबंधित जिलों में आवास आवंटित भी कर दिए गए हैं, वे तुरंत बंगले खाली करें। जानकारी के अनुसार, दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर, उमरिया कलेक्टर धरेंद्र कुमार जैन और मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग राजधानी भोपाल में सरकारी मकान अब तक खाली नहीं किया है। यही नहीं, उज्जैन के अपर आयुक्त रत्नाकर झा, रायसेन की अपर कलेक्टर श्वेता पवार, राजगढ़ के सीईओ महीप तेजस्वी, ग्वालियर के डीआईजी अमित सांघी, ग्वालियर की अपर आयुक्त निधि सिंह, इंदौर के डीएसपी उमाकांत चौधरी और रीवा के सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर भी महीनों से स्थानांतरण के बाद भोपाल के सरकारी मकानों में जमे हुए हैं।

## नकली घी से बना हलुआ खाकर 250 लोग हुए बीमार

शिवपुरी, 2 सितंबर (एजेंसियां)। शिवपुरी जिले के कोलारस के ग्राम मोहराई में राधा-कृष्ण मंदिर पर राधा अष्टमी के चलते ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से धार्मिक आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान शाम को पूरे गांव में हलुए का प्रसाद बांटा गया। हलुआ का प्रसाद खाते ही महज आधे घंटे के भीतर गांव के 250 से ज्यादा लोग बीमार हो गए। पूरे गांव में अचानक उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। मामले की सूचना जैसे ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ। संजय ऋषिश्वर को लगी तो उन्होंने कोलारस से चिकित्सकीय दल गांव भेजकर मौके पर ही उपचार करवाया। गांव में लोगों के बीमार होने की सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग का दल मौके पर पहुंचा। यहां चिकित्सकीय दल ने 175 लोगों का उपचार किया, जिसके बाद हालात कुछ सुधरे। कई ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलारस भिजवाया गया।

सुविचार: बिना किसी अफसोस के अपने अतीत का सामना करो। पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने वर्तमान को संभालो।

## वाईएसआर राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहते थे: टीपीसीसी प्रमुख



हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने कहा कि दिवंगत मुख्यमंत्री और सम्मानित नेता डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी की लंबे समय से इच्छा थी कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री पद पर आसीन हों।

उन्होंने दुख व्यक्त किया कि वाईएसआर अपनी इच्छा पूरी होते देखे बिना ही इस दुनिया से चले गए। वाईएस राजशेखर रेड्डी की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर, महेश कुमार गौड़, पूर्व सांसद केवीपी रामचंद्र राव, विधायक दानम नागेंद्र और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार को गांधी भवन में उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करके उनकी विरासत को नमन किया।

महेश कुमार गौड़ ने दोहराया कि स्वर्गीय राजशेखर रेड्डी लंबे समय से राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहते थे, लेकिन उनके निधन के समय यह आकांक्षा अधूरी रह गई।

उन्होंने कहा, "तेलंगाना और आंध्र प्रदेश का हर नागरिक राजशेखर रेड्डी की मधुर स्मृतियों से जुड़ा है। वे एक असाधारण नेता थे जिन्होंने किसानों की ज़रूरतों को प्राथमिकता दी। हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी पद पर क्यों न हो, वाईएसआर को गहरे सम्मान के साथ याद करता है।" कांग्रेस नेता केवीपी रामचंद्र राव और दानम नागेंद्र ने भी महान नेता वाईएसआर की सेवाओं को याद किया।

## अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप, फायरमैन ने किया आत्महत्या का प्रयास

**कीटनाशक पीने के बाद अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर**

करीमनगर, 2 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले में एक फायरमैन ने वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा परेशान किए जाने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या का प्रयास किया।

पीड़ित की पहचान मनोहर के रूप में हुई है, जो करीमनगर ग्रामीण मंडल के दुरशेद गाँव का निवासी है और चोप्पादंडी अग्निशमन केंद्र में कार्यरत है। पुलिस के अनुसार, उसने एरुकुल्ला के पास कीटनाशक पी लिया और बाद में अपने दोस्तों को फोन करके इसकी जानकारी दी। दोस्तों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उसका इलाज जारी है। पुलिस को दिए बयान में मनोहर ने आरोप लगाया कि अग्निशमन अधिकारी पवन और एक अन्य अधिकारी किशन लगातार उसे अतिरिक्त जिम्मेदारियाँ देकर परेशान कर रहे थे।

इस दबाव को सहन न कर पाने के कारण उसने यह कदम उठाया। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री प्रजा वाणी कार्यक्रम के लिए सरकार ने 'बैटरी वाहन' को मंज़ूरी दी

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री प्रजा वाणी कार्यक्रम के लिए एक नया बैटरी वाहन पेश किया है। यह कार्यक्रम जन शिकायत निवारण की एक प्रमुख पहल है जो नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान कर रही है। राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष और प्रजा वाणी के प्रभारी डॉ. जी. चिन्ना रेड्डी ने राज्य नोडल अधिकारी दिव्या देवराजन के साथ मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फुले प्रगति भवन में इस वाहन का उद्घाटन किया। 7 लाख रुपये की लागत वाला यह बैटरी वाहन प्रजा वाणी में आने वाले बुजुर्गों और दिव्यांग व्यक्तियों को मुफ्त परिवहन प्रदान करेगा। यह उन्हें मुख्य प्रवेश द्वार से याचिका प्रस्तुत करने वाले हॉल तक ले जाएगा, जिससे कार्यक्रम में उनकी आसान और सुलभ भागीदारी सुनिश्चित होगी।

## बीआरएस महिला नेताओं ने कविता को निलंबित करने के केसीआर के फैसले का स्वागत किया

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस की वरिष्ठ महिला नेताओं ने आज पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर द्वारा एमएलसी के. कविता को निलंबित करने के फैसले का स्वागत किया। पूर्व मंत्री सत्यवती राठौड़ ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला कार्यकर्ता इस कदम से खुश हैं, क्योंकि कविता की टिप्पणी से पार्टी की छवि को नुकसान पहुँचा है। उन्होंने याद दिलाया कि केसीआर ने पहले कहा था कि अगर उनके परिवार के सदस्य भी गलती करेंगे तो उन्हें भी नहीं बख्शेंगे। पूर्व विधायक गोंगिडी सुनीता ने कहा कि बीआरएस की आलोचना करना केसीआर की आलोचना करने के समान है। उन्होंने आगे कहा कि कविता को खुद पार्टी से लाभ हुआ है, लेकिन उन्होंने इसे कमतर आंकना चुना। पूर्व सांसद मलोथ कविता ने कहा कि एमएलसी कविता की हरीश राव और संतोष राव जैसे नेताओं के खिलाफ टिप्पणी से उन्हें गहरा दुख पहुँचा है। उन्होंने पारिवारिक संबंधों से ऊपर पार्टी और लोगों को प्राथमिकता देने के लिए केसीआर की सराहना की।

## पुलिस आयुक्त ने डीसीपी कार्यालय में समीक्षा बैठक की

### गोशामहल, टप्पा चबूतरा, लंगर हाउस में गणेश मंडपों का भी निरीक्षण किया

### पुलिस कार्टर में एक नई क्रिकेट अभ्यास सुविधा का उद्घाटन





हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद ने मेहदीपट्टनम स्थित दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त कार्यालय में एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने गणेश विसर्जन की व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के कानून-व्यवस्था, यातायात एवं अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, आयुक्त आनंद ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने असामाजिक तत्वों द्वारा किए जाने वाले अपराधों, साथ ही जेबकतरी, छेड़छाड़ और चेन स्नैचिंग की घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखने का आह्वान किया। उन्होंने सुझाव दिया कि एहतियात के तौर पर आयोजकों और स्वयंसेवकों को रात में मूर्तियों के पास मौजूद रहना चाहिए। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर भी चर्चा की गई। मूर्तियों के शीघ्र विसर्जन हेतु एक कार्ययोजना की समीक्षा की गई और अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे मंडप आयोजकों को जल्द से जल्द विसर्जन प्रक्रिया शुरू करने और श्रद्धालुओं की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए कहें।

इसी क्रम में हैदराबाद के पुलिस महानिदेशक और आयुक्त सीवी आनंद ने दक्षिण पश्चिम क्षेत्र के गोशामहल, टप्पा चबूतरा, लंगर हाउस और गोलकुंडा में महत्वपूर्ण गणेश मंडपों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मंडप आयोजकों और स्वयंसेवकों से बात की। उन्होंने उन्हें सलाह दी कि चूँकि बारिश हो रही है, इसलिए सभी मंडप आयोजकों को दुर्घटनाओं से बचने के लिए उचित सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने सभी भक्तों और जनता से गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण माहौल में आयोजित करने के लिए पुलिस के साथ सहयोग करने का अनुरोध किया।

हैदराबाद के पुलिस महानिदेशक और आयुक्त, सी.वी. आनंद ने कुलसुमपुरा पुलिस क्वार्टर में एक नई क्रिकेट अभ्यास सुविधा का उद्घाटन किया। यह सुविधा, जिसमें एक पिच और नेट शामिल है, पुलिस कर्मियों के बीच खेल विकास और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए स्थापित की गई थी। एक प्रसिद्ध क्रिकेट प्रेमी, सी.वी. आनंद ने औपचारिक रूप से क्रिकेट का एक दोस्ताना खेल खेलकर सुविधा का उद्घाटन किया। उनकी सक्रिय भागीदारी पुलिस बल के भीतर शारीरिक फिटनेस और टीम वर्क को प्रोत्साहित करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सीपी ने टप्पा चबूतरा पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत आने वाले गंगा बाउली में एक चौकी का उद्घाटन किया गया। समीक्षा बैठक और अन्य गतिविधियों में जी. चंद्र मोहन (डीसीपी, दक्षिण पश्चिम क्षेत्र), के. अपूर्वा राव आईपीएस (डीसीपी, एसबी), आर. वेंकटेश्वरलु आईपीएस (डीसीपी, यातायात), एम.ए. बारी (डीसीपी), इकबाल सिद्दीकी (अतिरिक्त डीसीपी, टास्क फोर्स) और दक्षिण पश्चिम क्षेत्र के सभी पुलिस स्टेशनों के अधिकारी शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री 5 सितंबर को 5000 वीआरओ को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी इस महीने की 5 तारीख को माधापुर स्थित हिटेक्स में 5,000 नवनियुक्त ग्राम राजस्व अधिकारियों (वीआरओ) को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी और कई अन्य मंत्री शाम 4 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्य सचिव के. रामकृष्ण राव ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ टेलीकॉन्फ्रेंसिंग की और कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि चयनित वीआरओ को विभिन्न जिलों से कार्यक्रम स्थल तक पहुँचाने के लिए 120 से अधिक आरटीसी बसों की व्यवस्था की गई है, ताकि वे दोपहर 2 बजे तक पहुँच सकें। आरटीसी के एमडी को परिवहन व्यवस्था की निगरानी का काम सौंपा गया है, जबकि साइबराबाद पुलिस आयुक्त को पार्किंग और यातायात व्यवस्था का प्रबंधन करने का निर्देश दिया गया है।

विशेष मुख्य सचिव (आर एंड बी) विकास राज, राजस्व सचिव लोकेश कुमार, साइबराबाद आयुक्त अविनाश महंती, अग्निशमन सेवा महानिदेशक नागी रेड्डी, विशेष आयुक्त (सूचना) प्रियंका और संस्कृति विभाग के निदेशक ममीदी हरिकृष्णा ने भी टेलीकांफ्रेंस में भाग लिया।

## साइबर खतरों से निपटने के लिए सामूहिक नवाचार, सहयोग और दूरदर्शी समाधानों की आवश्यकता : डीजीपी

### साइबर सुरक्षा केवल एक तकनीकी मुद्दा ही नहीं, बल्कि सामाजिक मुद्दा भी : प्रो. संदीप शुक्ला

### टीजीसीएसबी और आईआईआईटी हैदराबाद ने व्यूहा लैब्स - साइबर इनोवेशन हब लॉन्च किया



हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी) और अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद (आईआईआईटी-एच) ने आज एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत व्यूहा लैब्स - साइबर इनोवेशन हब का औपचारिक शुभारंभ किया गया। यह आईआईआईटी हैदराबाद में स्थित है। 3,000 वर्ग फुट में फैला यह हब साइबर क्षेत्र के लिए समर्पित विशेष उपकरणों और बुनियादी ढाँचे से सुसज्जित है, जो इसे पुलिसिंग पारिस्थितिकी तंत्र में एक अनूठी पहल बनाता है। "व्यूहा लैब्स" एक अनूठे मंच के रूप में काम करेगा, जो स्टार्टअप्स, शिक्षाविदों और उद्योग को एक साथ लाकर साइबर अपराध से निपटने और साइबर सुरक्षा को बढ़ाने के लिए उन्नत समाधानों का सह-विकास करेगा। नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, साइबर इनोवेशन हब प्रारंभिक चरण के विचारों को स्केलेबल उत्पादों में विकसित करेगा जो तेलंगाना के साइबर लचीलेपन को मज़बूत कर सकते हैं और भारत के डिजिटल सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान दे सकते हैं। यह पहल टीजीसीएसबी और आईआईआईटी हैदराबाद के बीच हस्ताक्षरित एक बड़े समझौता ज्ञापन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान, प्रशिक्षण, नवाचार और क्षमता निर्माण में सहयोगी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना है। इस सहयोग में इनक्यूबेशन और स्टार्टअप: साइबर अपराध से निपटने और साइबर सुरक्षा को बढ़ाने के लिए उद्यमियों को मार्गदर्शन, बुनियादी ढाँचे और शुरुआती अवसरों के साथ समर्थन देना, अनुसंधान और नवाचार: साइबर अपराध जाँच, एआई-संचालित खतरे का पता लगाने, साइबर सुरक्षा नवाचारों और उभरते डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्रों की सुरक्षा जैसे क्षेत्रों पर संयुक्त अनुसंधान एवं विकास, उद्योग-अकादमिक सहयोग: उद्योग के नेताओं को शोधकर्ताओं और नवप्रवर्तकों से जोड़कर वास्तविक दुनिया की चुनौतियों और शैक्षणिक विशेषज्ञता के बीच की खाई को पाटना शामिल है। इस अवसर पर बोलते हुए, तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक, डॉ. जितेंद्र ने इस बात पर प्रकाश डाला कि साइबर अपराध हमारे समय के सबसे तेज़ी से विकसित हो रहे खतरों में से एक है और इससे निपटने के लिए सामूहिक नवाचार, सहयोग और दूरदर्शी समाधानों की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि व्यूहा लैब्स जैसी पहल न केवल तेलंगाना की डिजिटल सुरक्षा को मज़बूत करेगी, बल्कि देश के बाकी हिस्सों के लिए एक आदर्श भी साबित होगी। टीजीसीएसबी की निदेशक, सुश्री शिखा गोयल, आईपीएस ने तेज़ी से विकसित हो रहे साइबर अपराध के खतरों का मुकाबला करने के लिए नवाचार-आधारित समाधानों के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि तेलंगाना साइबर अपराध प्रवर्तन में अग्रणी रहा है और यह केंद्र स्थायी और मापनीय डिजिटल सुरक्षा उपकरणों के निर्माण के लिए आवश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करेगा।

इसके अलावा, आईआईआईटी हैदराबाद के निदेशक, प्रो. संदीप शुक्ला ने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल एक तकनीकी मुद्दा ही नहीं, बल्कि एक सामाजिक मुद्दा भी है। उन्होंने ज्ञान, प्रतिभा और शोध-संचालित समाधान तैयार करने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर ज़ोर दिया और विश्वास व्यक्त किया कि व्यूहा लैब्स नागरिकों और उद्यमों दोनों की सुरक्षा के लिए प्रभावशाली नवाचारों को गति प्रदान करेगा। इस हब का उद्घाटन तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक डॉ. जितेंद्र ने किया। इस अवसर पर सुश्री शिखा गोयल निदेशक, टीजीसीएसबी; प्रो. संदीप शुक्ला, निदेशक, आईआईआईटी हैदराबाद, श्रीनि राजू, गवर्निंग काउंसिल के सदस्य, अध्यक्ष, आईलैब्स कैपिटल; हर्षवर्धन, एसपी, टीजीसीएसबी; प्रो. पी. जे. नारायणन, पूर्व निदेशक, आईआईआईटी हैदराबाद; प्रो. रमेश लोगनाथन, आईआईआईटी हैदराबाद; प्रो. प्रकाश यल्ला, आईआईआईटी हैदराबाद; और प्रो. सतीश कथिरिसेट्टी, आईआईआईटी हैदराबाद उपस्थित थे।

## सिंगरेनी कंपनी ने तय किया नया दैनिक लक्ष्य

**बारिश से प्रभावित उत्पादन की भरपाई के लिए सख्त निर्देश**

पेद्दापल्ली, 2 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड ने इस साल भारी बारिश से हुए नुकसान की भरपाई के लिए नया दैनिक लक्ष्य तय किया है। अब प्रतिदिन 1.8 लाख टन कोयला उत्पादन, 2.10 लाख टन प्रेषण और 12.5 लाख घन मीटर ओवरबर्डन हटाने का लक्ष्य रखा गया है।

हैदराबाद स्थित सिंगरेनी भवन में क्षेत्रीय महाप्रबंधकों के साथ बैठक में कंपनी के सीएमडी एन. बलराम ने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश से खुली खदानें सबसे अधिक प्रभावित हुई हैं, इसलिए भूमिगत खदानों से उत्पादन बढ़ाया जाए और मशीनरी का अधिकतम उपयोग हो। हर कर्मचारी को अपनी पूरी शिफ्ट में उत्पादकता बढ़ाने पर ज़ोर देना होगा। बलराम ने चेतावनी दी कि उत्पादन लक्ष्य पूरा करने में किसी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से बेहतर समन्वय के साथ काम करने, कोयले की गुणवत्ता सुधारने, लागत घटाने और अनावश्यक खर्च रोकने के निर्देश दिए।

सीएमडी ने बताया कि इस साल तीन नई खदानें शुरू की जाएँगी, जिससे उत्पादन क्षमता में 1 करोड़ टन की बढ़ोतरी होगी।

अगले साल शुरू होने वाली परियोजनाएँ भी 1 करोड़ टन क्षमता और जोड़ेंगी।

## गुंड्रामपल्ली साहस का प्रतीक : भाजपा 17 सितंबर को तेलंगाना मुक्ति दिवस मनाएगी



हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अगले तेलंगाना विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनने का विश्वास जताते हुए, राज्य भाजपा अध्यक्ष एन. रामचंदर राव ने मंगलवार को घोषणा की कि सत्ता में आने पर पार्टी 17 सितंबर को आधिकारिक तौर पर तेलंगाना विमोचन (मुक्ति) दिवस के रूप में मनाएगी। नलगोंडा जिले के गुंड्रामपल्ली में एक सभा को संबोधित करते हुए, राव ने निज़ाम के शासन के दौरान रजाकारों के खिलाफ लड़ने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने रजाकार ताकतों द्वारा 26 ग्रामीणों के नरसंहार और महिलाओं पर किए गए अत्याचारों को याद किया। उन्होंने कहा, "गुंड्रामपल्ली साहस का प्रतीक है क्योंकि पूरे गाँव ने निरंकुश निज़ाम शासन के खिलाफ विद्रोह किया था।" इस अवसर पर, राव ने मांग की कि यदि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी निज़ाम के शासन का विरोध करने वालों के बलिदान का वास्तव में सम्मान करते हैं, तो उन्हें 17 सितंबर को आधिकारिक तौर पर मनाना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सत्ता में आने से पहले इस दिन को मनाने का वादा किया था, लेकिन बाद में मुस्लिम वोटों के नुकसान के डर से पीछे हट गए। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि बीआरएस और कांग्रेस दोनों ही रजाकार नेता कासिम रजवी द्वारा स्थापित "एआईएमआईएम की जुड़वाँ बहनें" हैं और उन पर एमआईएम के प्रभाव में आने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि पड़ोसी राज्य कर्नाटक और महाराष्ट्र आधिकारिक तौर पर 17वें दिन को मनाते हैं, जबकि तेलंगाना सरकारें वोट बैंक की राजनीति के कारण इसे टालती रही हैं। आरक्षण के मुद्दे पर, राव ने स्थानीय निकाय चुनावों में मुसलमानों के लिए 10 प्रतिशत कोटा प्रदान करने के कांग्रेस सरकार के कथित कदम का विरोध करते हुए कहा कि भाजपा इस तरह के "अन्याय" का विरोध करेगी। उन्होंने लोगों से आगामी स्थानीय चुनावों में भाजपा का समर्थन करने की भी अपील की। बीआरएस की महिला नेता कविता पर निशाना साधते हुए, राव ने कहा कि उन्होंने खुद कालेश्वरम भ्रष्टाचार मामले में पार्टी के दो शीर्ष नेताओं का नाम लिया था, जो आंतरिक मतभेदों का संकेत देता है। इससे पहले, राव का लिंगोजीगुडा (चौतुप्पल नगर पालिका) और विजयवाड़ा राजमार्ग पर पंतंगी टोल गेट पर भाजपा नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। गुंड्रामपल्ली से जेएसके गार्डन स्थित सभा स्थल तक एक रैली निकाली गई, जिसमें विधान पार्षद और तेलंगाना विमोचन समिति के अध्यक्ष अंजी रेड्डी, राज्य उपाध्यक्ष डॉ. जी. मनोहर रेड्डी, पूर्व सांसद डॉ. बुर्रा नरसैया और अन्य कई नेताओं ने भाग लिया। बाद में, राव ने निज़ाम के दमनकारी शासन के विरुद्ध लड़ने और अपने प्राणों की आहुति देने वाले लोगों के परिवारों को सम्मानित किया।

## गांधी भवन में कराटे चैंपियनों का सम्मान

**टीम ने 8 स्वर्ण, 6 रजत और 8 कांस्य पदक जीते**



हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बेंगलुरु में आयोजित चौथी दक्षिण भारत कराटे चैंपियनशिप 2025 के विजेताओं और मास्टर्स को सम्मानित करने के लिए तेलंगाना कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में गांधी भवन में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

तेलंगाना टीम ने 8 स्वर्ण, 6 रजत और 8 कांस्य पदक जीते और विजेताओं को टीपीसीसी अध्यक्ष और एमएलसी बी महेश कुमार गौड़ ने सम्मानित किया। खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष शिवसेना रेड्डी ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। जनसमूह को संबोधित करते हुए, टीपीसीसी प्रमुख ने कहा कि कांग्रेस सरकार खेलों में विशेष रुचि दिखा रही है और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी बड़े पैमाने पर खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं। तेलंगाना ने हाल ही में केआईओ राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप की सफलतापूर्वक मेजबानी की। उन्होंने बताया कि सरकार 2027 में हैदराबाद में एशियाई कराटे चैंपियनशिप आयोजित करने की योजना बना रही है।

## तेलंगाना में साइबर इनोवेशन हब की शुरुआत

हैदराबाद, 2 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो और अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद ने "व्यूहा लैब्स - साइबर इनोवेशन हब" के साथ साझेदारी के लिए समझौता किया है।

यह हब स्टार्टअप, शिक्षा जगत और उद्योग को एक मंच पर लाकर साइबर अपराध से निपटने और डिजिटल सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए नए समाधान तैयार करेगा। समझौते के तहत अनुसंधान, प्रशिक्षण, नवाचार और क्षमता निर्माण पर जोर दिया जाएगा।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. WAT-TRD-73A-22-23 DT260825

कार्यस्थल के साथ कार्य का नाम : वाल्टियर मण्डल में विजयनगरम - पलासा सेक्शन के बीच स्वचालित सिग्नलिंग के प्रावधान के संबंध में उरलाम - श्रीकाकुलम रोड सेक्शन के बीच न्यूट्रल सेक्शन के स्थानांतरण के लिए TRD कार्य।

निविदा मूल्य (₹): 1,01,96,522.42, EMD (₹): 2,01,000.00, कार्य पूरा होने की अवधि: 11 महीने।

निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक : 18.09.2025 को 1500 बजे।

इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD)/ वाल्टियर

PR-546/Q/25-26

IN THE COURT OF THE HON'BLE XVIII SENIOR CIVIL JUDGE CITY CIVIL COURT AT: HYDERABAD

O.S. No. 877 OF 2025

BETWEEN:

1.Radha Kishan Agarwal S/o Late Sri Mangilal Agarwal Aged 59 years Occ; Private Service

2.Gopi Kishan Agarwal S/o Late Sri Mangilal Agarwal Aged 58 years Occ; Private Service

3.Pawan Kumar Agarwal S/o Late Sri Mangilal Agarwal Aged 55 years Occ; Private Service

4.Smt. Urmila Devi Agarwal W/o Late Sri Mangilal Agarwal Aged 76 years Occ: Household All 1 to 4 R/o H.No. 19-5-9/32 and 9/32A,Housing Board Colony, Bahadurpura, Hyderabad, T.S. 500 064

5.Smt. Renu Jain W/o Sri Sanjay Kumar Jain D/o Late Sri Mangilal Agarwal Age 52 Years Occ: Housewife R/o H. No. 16-11-16/17A, Sri Puram Colony,New Malakpet, Hyderabad, T.S. ....Plaintiffs

AND

1.The M.R.O, Bahadurpura Hyderabad

2.All Concerned ..Defendants

To,

ALL CONCERNED

Please take notice that the Plaintiffs have filed suit for declaration as legal heir of Late Sri MangilalAgarwal vide O.S. No. 877/2025, and the same is stand posted to 23-09-2025 at 10:30 A.M. before the Hon'ble XVIII Senior CivilJudge, at Hyderabad for your appearance and counter if any. If you fails to appear before the Hon'ble Court on the said date, the matter shall be decided in your absence. This is for your information.

By order of Court

SD/- M.K.Sharma

Shruti Vora

Harsh Raj Purohit

Advocates,

4-4-834, Sultan Bazar, Hyderabad.T.S.

# सरकार ने 3200 नए पदों को दी मंजूरी, वैकेंसी जल्द

*> होमगार्ड का भत्ता 33 हजार रुपए किया गया > 49 एजेंडों पर कैबिनेट की मुहर*

पटना, 2 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार में चुनाव से पहले सरकार अलग-अलग विभागों में 3200 नए पदों को मंजूरी दी है। इन पर जल्द ही वैकेंसी निकाली जाएगी। राज्य के 30 हजार होमगार्ड जवानों का डेली भत्ता 1121 किया गया है। पहले होमगार्ड का डेली भत्ता 774 रुपए था, जिसे अब 1121 रुपए कर दिया गया है। यानी पहले एक महीने में 23,220 रुपए मिलते थे, जो अब बढ़कर 33, 630 रुपए हो गए हैं। सरकार ने ग्राम कचहरी सचिवों का मानदेय भी बढ़ाया है। अब 6000 रुपए की जगह 9000 रुपए मानदेय दिया जाएगा। मंगलवार को नीतीश कैबिनेट की बैठक में 49 एजेंडों पर मुहर लगी है।




**> 7 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज को हरी झंडी**

कैबिनेट मीटिंग में किशनगंज, कटिहार, रोहतास, शिवहर, लखीसराय, अरवल और शेखपुरा जिलों में नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने की सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है। यानी इन जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने को लेकर हरी झंडी मिल गई है, इनके आखिरी स्वीकृति के लिए कुछ शर्तों को पूरा करना होगा।

**> मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए 20,000 करोड़ रुपये**

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए 2025-26 में 20,000 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत सरकार आर्थिक सहायता के रूप में सभी परिवारों की एक महिला को अपनी पसंद के रोजगार के लिए 10 हजार रुपए की राशि पहली किस्त के तौर पर देगी। इसकी पूरी व्यवस्था ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा किया जाएगा। वहीं सितम्बर महीने से ही महिलाओं के बैंक खाते में पैसे का ट्रांसफर शुरू कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं, महिलाओं द्वारा रोजगार शुरू करने के 6 महीने के बाद उसका आकलन करते हुए जरूरत के अनुसार 2 लाख रुपए तक की अतिरिक्त सहायता दी जा सकेगी।

**> 40 नए आवासीय स्कूल खोले जाएंगे**

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के बच्चों के लिए 40 नए आवासीय स्कूलों को भी मंजूरी मिली है। इसमें 1800 नए पद (शिक्षक और अन्य कर्मचारी) स्वीकृत किए गए हैं। गोपालगंज जिले के बैकुण्ठपुर प्रखंड में डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय के लिए 720 छात्रों की क्षमता वाले भवन के निर्माण हेतु 65.80 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है।

**> ओबीसी छात्रों की स्कॉलरशिप के लिए 231.67 करोड़ रुपये**

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के लिए पीएम-यसस्वि योजना के तहत ओबीसी छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति चलाई जाएगी। इसमें राज्य के सरकारी और मान्यता प्राप्त निजी संस्थानों में पढ़ने वाले ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति मिलेगी। इस पर हर साल करीब 231.67 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जो छात्र इस योजना से छूट जाएंगे, उन्हें मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति योजना-2023 के तहत लाभ दिया जाएगा।

# 10 करोड़ की जीएसटी चोरी में फंसी चीनी महिला

## 500 पन्नों की वॉट्सऐप चैट में एलिस ली के खिलाफ अहम सुबूत, केस मजबूत हुआ

मेरठ, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मेरठ में स्पेशल सीजेएम की कोर्ट में चल रहे लगभग 10 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी के मामले में चीनी महिला एलिस ली फंसती नजर आ रही है।

विदेशी नागरिक एलिस ली ने भारत सरकार के साथ रुपए का जो फ्रॉड किया है, वो धीरे-धीरे सामने आ रहा है। पूरे मामले की जांच में लगी जीएसटी अफसरों की इन्वेस्टिगेशन टीम को जांच में एलिस ली के खिलाफ अहम सबूत मिले हैं। ये साबित करते हैं कि एलिस ली ही इस फ्रॉड की मास्टरमाइंड है।

**युवाओं का ब्रेनवॉश करती**

उसने भारतीय युवाओं का ब्रेनवॉश कर उन्हें पूरे फ्रॉड में फंसाने का प्लान बनाया। जांच टीम द्वारा अभियोजन पक्ष की तरफ से केस की पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक एडवोकेट लक्ष्य सिंह को ये सुबूत दिए गए हैं। जिसे उन्होंने सोमवार को कोर्ट में पेश किया। इन्हीं सुबूतों की बिनाह पर एलिस ली की न्यायिक हिरासत को 12 सितंबर तक बढ़ाया गया है।



एलिस ली के खिलाफ जांच टीम को टेंटेक कंपनी के 3 व्हाट्सएप ग्रुप्स की चैट मिली है। लगभग 500 पन्नों से ज्यादा की ये व्हाट्सएप चैट है। जिसमें एलिस ली ने भी स्टाफ से बातचीत की है। इन व्हाट्सएप ग्रुपों में एलिस ली के अलावा नोएडा में टेंटेक कंपनी के एमडी, डायरेक्टर, अकाउंटेंट और स्टाफ जुड़ा है। साथ ही चाइना में टेंटेक कंपनी के जो दो चाइनीज शेयर होल्डर और संचालक बैठे हैं वो भी शामिल हैं। टेंक काई और हूली ये दोनों वही शख्स हैं जिनके इशारों पर इंडिया में टेंटेक कंपनी नोएडा में चल रही थी।

**ग्राहक और एलिस ली के बीच भी हुई चैटिंग**

जांच टीम ने अदालत में ग्राहकों और एलिस ली के बीच हुए लेन देन और बातचीत के रिकार्ड्स भी दिए। जिसमें बुलंदशहर निवासी दीपांशु गुप्ता को टीम ने तलाशा है। दीपांशु ने टेंटेक कंपनी से ये डिस्प्ले यूनिट्स खरीदे थे। टीम के पास 3 ग्रुपों की लगभग 500 पन्नों की चैटिंग है। इसमें एलिस ली कंपनी और ग्राहकों से पैसे, डिस्प्ले यूनिट्स की खरीद फरोख्त की बातचीत करती मिली है। साथ ही नोटों की गड्डियों की तस्वीरें भी टेंटेक के इन व्हाट्सएपग्रुपों से मिली हैं।

# काशी में मुस्लिम महिला से बैड टच, फिर धमकाया

## > 2 युवक गिरफ्तार, लापरवाही में चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

वाराणसी, 2 सितंबर (एजेंसियां)। वाराणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्र के तिलभांडेश्वर इलाके में महिला से तीन दिन पहले बैड टच, फिर दो युवकों द्वारा गाली गलौज करने का वीडियो सामने आने के बाद सीपी ने सख्ती दिखाई है। सीपी ने सोमवार रात इस मामले में लापरवाही पर चौकी इंचार्ज रेवड़ी तालाब शैलेन्द्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। थाना प्रभारी भेलूपुर के अनुसार महिला से बैड टच करने वाला युवक को हिरासत में लिया गया था।

उसके साथियों ने महिला को रोककर उससे अभद्रता और गाली-गलौज की थी जिसका वीडियो सामने आया था। इस आधार पर आरोपियों की शिनाख्त करते हुए दानिश और आलम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल एसआई शिवम श्रीवास्तव को रेवड़ी तालाब की जिम्मेदारी दी गयी है।

**चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर**

वाराणसी के तिलभांडेश्वर इलाके में रास्ता चल रही महिला से स्कूटी सवार युवक ने बैड टच किया था। इससे बौखलाई महिला ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की शिनाख्त की और उसकी जमकर पिटाई कर पुलिस के हवाले किया था। इस मामले में सोमवार को एक और वीडियो सामने आया जब हिरासत में लिए गए युवक के दोस्त उस महिला को घेरकर अश्लील शब्द का इस्तेमाल करते हुए अभद्रता कर रहे हैं। इस मामले को पुलिस कमिश्नर में संज्ञान लेते हुए सख्त कदम उठाया है। उन्होंने चौकी इंचार्ज रेवड़ी तालाब शैलेन्द्र सिंह को लापरवाही में लाइन हाजिर कर दिया है।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के बाद सीओ पर गिरी गाज, मामले की जांच करेंगे आईजी



लखनऊ, 2 सितंबर (एजेंसियां)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं पर एक दिन पूर्व बाराबंकी के श्रीराम स्वरूप मेमोरियल विश्विद्यालय में हुए पुलिस लाठीचार्ज की घटना का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उनके निर्देश पर सीओ हर्षित चौहान को हटाने के साथ पूरे मामले की जांच आईजी अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार को सौंपी गई है। मंडलायुक्त अयोध्या को रामस्वरूप विश्वविद्यालय बाराबंकी की डिग्री की वैधता की जांच के आदेश भी दिए गए हैं। मामले की शाम तक रिपोर्ट मांगी गई है। एक दिन पूर्व राम स्वरूप विश्वविद्यालय में अभाविप कार्यकर्ताओं और छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से लगातार की जा रही अवैध वसूली और लॉ कोर्स की संबद्धता बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से नहीं होने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया था।

प्रदर्शन को देखते हुए विवि प्रशासन ने मौके पर पुलिस बुलाकर बाहरी छात्र होने की बात कही थी। इस दौरान पुलिस ने पहले प्रदर्शन को शांत करने का प्रयास किया। इसके बाद छात्रों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया गया था। इसमें कई कार्यकर्ता चोटिल हो गए थे। अभाविप अवध प्रांत के प्रदेश मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेयी ने बताया कि विश्वविद्यालय में लंबे समय से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां की लॉ डिग्री की मान्यता नहीं है। ऐसे में लॉ छात्रों के साथ धोखा किया गया है। उनका कहना था कि साल 2022 से विधि विभाग की बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से संबद्धता के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। इससे छात्रों को फर्जी झांसा देकर उनके भविष्य को अंधकार में धकेला जा रहा है।

जब छात्रों ने आवाज उठाई तो आदर्श पांडे और अभय राम त्रिपाठी को विश्वविद्यालय से निष्कासित कर दिया गया। जब इन मुद्दों पर बात करने के लिए अभाविप का प्रतिनिधिमंडल कुलपति डॉ. विकास मिश्रा से मिलने उनके कार्यालय गया, तो कुलपति ने छात्रों से संवाद करने के बजाय पुलिस बल का प्रयोग किया। कुलपति के कहने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। विश्वविद्यालय के कुलपति विकास मिश्रा ने बताया कि घटना में विश्वविद्यालय का कोई लेना-देना नहीं है।



# मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर की जमानत याचिका पर सुनवाई टली



प्रयागराज, 2 सितंबर (एजेंसियां)। माफिया मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी की जमानत को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में अगले हफ्ते के लिए सुनवाई टल गई है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से समय मांगे जाने के बाद हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 8 सितंबर तय की। कासगंज जेल में बंद उमर अंसारी ने जमानत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। गाजीपुर कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद उमर अंसारी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया। जस्टिस समीर जैन की सिंगल बेंच उमर अंसारी की जमानत अर्जी पर सुनवाई कर रही है। धोखाधड़ी के मामले में पिछले महीने उमर अंसारी की गिरफ्तारी की हुई थी। मां अफशां अंसारी के फर्जी हस्ताक्षर कर जालसाजी के मामले में गाजीपुर पुलिस ने उमर को गिरफ्तार किया था। करीब दो हफ्ते पहले उमर को गाजीपुर जेल से कासगंज भेजा गया। कासगंज जेल में उमर का भाई अब्बास अंसारी पहले से बंद है।

गौरतलब है कि भड़काऊ भाषण मामले में उमर को पहले ही बरी किया जा चुका है। यह मामला 3 मार्च, 2022 का है, जब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान मऊ सदर से उम्मीदवार अब्बास अंसारी ने एक सार्वजनिक सभा में कथित तौर पर सरकारी अधिकारियों के खिलाफ भड़काऊ बयान दिया था। इस मामले में उमर का भी नाम आया, जिसे मऊ कोर्ट ने बरी किया था। हालांकि, 20 अगस्त को अब्बास अंसारी को भी बड़ी राहत देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भड़काऊ भाषण मामले में मऊ कोर्ट के दोषसिद्धि के फैसले को पलटा।

# लड़की को 24 घंटे में 3 बार सांप ने डसा

## एक महीने में 9 बार डसा, कौशांबी में पिता बोले-अब गांव छोड़ देंगे



कौशांबी, 2 सितंबर (एजेंसियां)। कौशांबी में 15 साल की लड़की को 24 घंटे में सांप ने 3 बार डसा। परिवार वालों ने उसका जिला अस्पताल में इलाज कराया। हैरान करने वाली बात ये है कि लड़की को 40 दिन में 9 बार सांप डस चुका है। इस घटना से परिवार वाले हैरान हैं। डर कर उन्होंने घर के बाकी बच्चों को रिश्तेदारों के पास भेज दिया है। खुद भी गांव छोड़ने की बात कह रहे हैं। उनका कहना है- हमारे पास अब इलाज कराने के पैसे नहीं बचे। पूरा मामला सिराथू के भैंसहापर गांव का है।

भैंसहापर गांव में रणजीत मौर्य का परिवार रहता है। घर में पत्नी ममता देवी दो बेटी रिया (15) प्रिया (10) और बेटा रियांशु (7) रहता है। रणजीत खेती किसानी का काम करते हैं। बड़ी बेटी रिया को 40 दिन में नौ बार सांप डस चुका है। जिससे परिवार दहशत में है। उन्होंने तांत्रिक से झाडफ़ूक और इलाज कराया। रिया के पैर पर सांप के डसने के निशान भी हैं। रिया ने कहा- जिस सांप ने डसा वह काले रंग का बहुत बड़ा था। कभी खेत में तो कभी घर में काम करते समय डस लेता है। मैं बेहोश हो जाती हूं। इसके बाद मुझे कुछ याद नहीं रहता है।

**सांप ने 22 जुलाई को पहली बार डसा**

पिता राजन मौर्य ने बताया कि 22 जुलाई को पहली बार खेत में काम करते समय बेटी को सांप ने डस लिया। हम उसे जिला अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज हुआ। लेकिन 13 अगस्त को सांप ने फिर डस लिया। हम जिला अस्पताल ले गए। वहां स्थिति गंभीर देख डॉक्टर ने प्रयागराज रेफर कर दिया।

जहां उसका इलाज हुआ। लेकिन पिछले 24 घंट में तीन बार डस चुका है। पहले तो रविवार रात 11 बजे फिर सोमवार सुबह 6 और 10 बजे डसा। अस्पताल ले जाने पर जान बची। इलाज कराने में सारी जमा पूजी खत्म हो गई है। अब हमारे पास इलाज के पैसे नहीं बचे हैं। इसलिए मजबूरी में झाड़ को और तांत्रिक का सहारा लेना पड़ेगा। अक्सर काटने के एक घंटे बाद वह बेहोश हो जाती है। इसके बाद अस्पताल या तांत्रिक के पास ही होश आता है। इस तरह की लगातार हो रही घटनाओं से डर करके हमने अपने बच्चों को ननिहाल भेज दिया है।

# हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने मारी स्कूटी को टक्कर, तीन लोगों की मौत

हापुड़, 2 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में पिलखुवा की नगर कोतवाली इलाके के अंतर्गत सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास सोमवार शाम हाईवे 9 पर तेज रफ्तार कार ने पीछे से स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार दो युवकों और एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। पुलिस हाईवे 9 पर लगे सीटीवी कैमरों की जांच कर चालक की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार, सोमवार की शाम इलेक्ट्रिक स्कूटी पर धौलाना के देहरा निवासी आलिम (32), धौलाना के हसनपुर निवासी उमेश पाल (58) और देहरा निवासी सचिन (28) किसी काम से हापुड़ कचहरी गए थे। शाम को कचहरी से तीनों स्कूटी से वापस लौट रहे थे।

# कैबिनेट बैठक में 16 प्रस्ताव पेश, 15 पास-कृषि से संबंधित एक स्थगित

लखनऊ, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ में मंगलवार को कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कुल 16 प्रस्ताव पेश किए गए। इसमें से 15 प्रस्ताव पास हो गए हैं। जबकि, कृषि से संबंधित एक प्रस्ताव स्थगित कर दिया गया है। मंत्री एके शर्मा के प्रस्ताव नगरीय परिवहन की सुविधा के लिए प्राइवेट ऑपरेटर को ई-चार्जिंग सहित नेट कॉस्ट बेसिक कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी दी गई है। कानपुर और लखनऊ के 10 दस रूटों पर ई-बसें चलेंगी। एक बस की कीमत 10 करोड़ होगी। ये बसें 12 वर्ष के लिए कॉन्ट्रैक्ट के साथ आएंगी। किराया तय करने का अधिकार सरकार के पास रहेगा। लखनऊ और कनपुर के सभी रूट फाइनल हो गए हैं। हर रूट पर अभी एक बस दी जाएगी। टेंडर से ऑपरेटर का चयन किया जाएगा।

# श्री दाऊजी महाराज मेला देखने व गुब्बारे बेचने गए सात बच्चे गायब, हाथरस-मथुरा से सभी सकुशल बरामद

हाथरस, 2 सितंबर (एजेंसियां)। हाथरस के श्री दाऊजी महाराज मेला देखने व गुब्बारे बेचने गए सात बच्चे गायब हो गए। थाना कोतवाली सदर,थाना हाथरस जंक्शन पुलिस, एसओजी टीम व एंटी थेफ्ट टीमों ने 100 से अधिक सीसीटीवी खंगाले और आठ घंटे के भीतर सभी सात बच्चों को बरामद कर लिया।

चार बच्चे मथुरा जनपद और तीन बच्चे हाथरस के सासनी गेट से मिले। 31 अगस्त शाम हाथरस थाना कोतवाली नगर पर बच्चों के परिजनों ने डायल 112 पर सूचना दी कि थाना हाथरस जंक्शन क्षेत्र के ग्राम मेवली के सात बच्चे दोपहर 12 बजे श्री दाऊजी महाराज का मेला देखने व गुब्बारे बेचने आए थे, जो आज शाम तक अपने घर वापस नहीं पहुंचे। बच्चों को आस-पास काफी तलाश किया गया, पर नहीं मिले। बच्चों को तलाश करने के लिए छह टीमें बनाई गईं। टीमों ने बच्चों के फोटो को लेकर आसपास के बाजार, मोहल्लों में पूछताछ की। सोशल मीडिया पर भी बच्चों के बारे में डाला गया । पुलिस ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार व अन्य जगहों पर बच्चों की तलाश की। बच्चों के घर से मेले व मेले से निकलने वाले रास्तों पर लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। सीसीटीवी कैमरों को देखा गया तो पता चला कि बच्चे स्टेशन की तरफ गए हैं। वहां से कुछ बच्चे मथुरा की ट्रेन में बेठे हैं तथा कुछ वापस स्टेशन से बाहर निकल गए । पुलिस ने तीन बच्चे सासनी गेट चौराहे से सकुशल बरामद किया।



उन बच्चों से पूछताछ की गयी तो उन्होने बताया कि बाकी बच्चे मथुरा स्टेशन पर हैं। जिसके बाद पुलिस टीम जनपद मथुरा के लिए रवाना हुई । वहां से पुलिस ने चार बच्चों को बरामद कर लिया। सभी सातों बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गैंगस्टर धुरी घायल, साथी फरार

शामली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के शामली जिले के कैराना थाना क्षेत्र में पुलिस और कुख्यात गैंगस्टर इनाम उर्फ धुरी के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान एक अपराधी घायल हो गया। जबकि, उसका साथी मौके से फरार हो गया। इस मुठभेड़ में 25 हजार रुपए के इनामी गैंगस्टर धुरी के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसका एक साथी भूरा अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने धुरी को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से अवैध हथियार, जिंदा कारतूस और खोखा कारतूस बरामद किए। फरार बदमाश भूरा की तलाश में पुलिस की तीन टीम लगी हैं।

# जनता एक्सप्रेस के आगे कूदे प्रेमी युगल

**युवक की मौके पर मौत, छात्रा ने अस्पताल में तोड़ा दम**

बागपत, 2 सितंबर (एजेंसियां)। बागपत जिले के अहेड़ा रेलवे हॉल्ट पर मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां प्रेमी युगल ने शामली से दिल्ली जा रही जनता एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर जान देने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों प्लेटफार्म पर खड़े थे और हाथ पकड़े हुए अचानक ट्रेन के सामने कूद गए। ट्रेन की टक्कर लगते ही युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि छात्रा ट्रैक के दूसरी ओर जाकर गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतका नंगलावड़ी गांव की रहने वाली थी और बीएड की पढ़ाई कर रही थी। मृतक युवक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतका के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

# लखनऊ में पिस्टल दिखाकर छात्र से 1.40 लाख रुपये ऐंठे

**वीडियो वायरल करने की धमकी दी, जेवर हड़पे; स्कूल का सीनियर है आरोपी**

लखनऊ, 2 सितंबर (एजेंसियां)। लखनऊ में एक इंटर कॉलेज के 10वीं के छात्र को उसका सीनियर ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़ित छात्र ने आरोप लगाया है कि उसके सीनियर ने उसे नशा करवाया। इस दौरान वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

अब वह उस वीडियो को वायरल करने की धमकी देता है। उसे पिस्टल दिखाकर 1 लाख 40 हजार रुपए ऐंठ लिए। घर से 45 ग्राम तक के सोने जेवर मंगाकर हड़प लिए। मामला गोमतीनगर के मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज का है। उसके साथ गलत होने की जानकारी तब हुई जब पीड़ित छात्र रजत सिंह की मां के जेवर गायब हो गए।

# बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' पूरी तरह फ्लॉप रही : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ, 2 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और मंत्री अनिल राजभर ने मंगलवार को संभल मामले और बिहार में विपक्ष की वोटर अधिकार यात्रा को लेकर कड़ा हमला बोला। तीनों नेताओं ने कांग्रेस और सपा पर तुष्टीकरण व भ्रामक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि बिहार की जनता ने विपक्ष को नकार दिया है। कैबिनेट बैठक और संभल रिपोर्ट पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज कैबिनेट की बैठक है और कैबिनेट में क्या रखा जाएगा, यह बैठक में ही स्पष्ट होगा। संभल की रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपी जा चुकी है। आगे के विषयों पर निर्णय कैबिनेट के बाद बताया जाएगा। उन्होंने बिहार की वोटर अधिकार यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि यह पूरी तरह 'फ्लॉप शो' साबित हुई है।

## अच्छी खबर



# उच्च स्तरीय प्रशिक्षण शिविरों में खिलाड़ियों का भोजन भत्ता 400 रुपये हुआ

देहरादून, 2 सितंबर (एजेंसियां)। प्रदेश के उच्च स्तरीय खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है। अब राष्ट्रीय और उससे उच्च स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं से पहले आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविरों के दौरान खिलाड़ियों को मिलने वाला दैनिक भोजन भत्ता 250 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये कर दिया गया है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस प्रस्ताव को राज्यपाल की मंजूरी मिल गई है और इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि इस वृद्धि की आवश्यकता बनी हुई थी। उन्होंने इस संबंध में हुई बैठक में कहा था कि राज्य के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने की तैयारी कर रहे खिलाड़ियों के लिए 250 रुपये दैनिक भोजन भत्ता पर्याप्त नहीं है इसलिए इसे साई जैसी संस्थाओं की ओर से वर्तमान में दिए जा रहे भत्ते के समकक्ष करना जरूरी है। इस सिलसिले में पिछले दिनों विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश जारी किए। विशेष यह भी है कि खिलाड़ियों के अलावा कोच और अन्य सहयोगी स्टाफ को भी बढ़ी हुई दर से भोजन भत्ता दिया जाएगा।

# 'अगर हमारा हक मारा तो लाखों लोग सड़कों पर उतर आएंगे'

## मनोज जरांगे की भूख हड़ताल के बीच फडणवीस के मंत्री ने दी चेतावनी



मुंबई, 2 सितंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के कद्दावर मंत्री और ओबीसी नेता छगन भुजबल ने साफ लफ़्ज़ों में कहा है कि मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कोटे में शामिल करना गलत होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ओबीसी का हक मारा गया तो लाखों लोग सड़कों पर उतर आएंगे। यह बयान तब आया है, जब मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे मुंबई के आजाद मैदान में 29 अगस्त से भूख हड़ताल पर हैं। वह मराठों को कुंबी दर्जा देकर ओबीसी कोटे का लाभ दिलाने की मांग कर रहे हैं। भुजबल ने ओबीसी नेताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बात की और कहा कि 374 समुदायों के लिए सिर्फ 17 फीसदी कोटा बचा है। ऐसे में मराठों को इसमें शामिल करना ओबीसी समुदायों के साथ नाइंसाफी होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि मराठों को अलग से आरक्षण देने में कोई दिक्कत नहीं, लेकिन ओबीसी के हक को छूना ठीक नहीं है। भुजबल ने बताया कि 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण में से 6 फीसदी खानाबदोश जनजातियों, 2 फीसदी गोवारी समुदाय और बाकी छोटे-छोटे हिस्सों में बंटा है। बचा हुआ 17 फीसदी ही 374 समुदायों के लिए उपलब्ध है। उन्होंने कहा, मराठों को ओबीसी में शामिल करने की मांग को अदालत पहले ही 'मूर्खतापूर्ण' बता चुकी है। भुजबल ने जोड़ा कि ओबीसी समुदाय पहले से ही सरकारी नौकरियों और शिक्षा में सीमित मौकों के लिए जूझ रहा है। भुजबल ने साफ किया कि अगर ओबीसी का कोटा कम किया गया तो लाखों लोग सड़कों पर उतरकर विरोध करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर ओबीसी संगठनों की चिंताओं को उनके सामने रखा। भुजबल ने बार-बार इस बात पर जोर दिया कि मराठों को कुंबी के तौर पर ओबीसी में शामिल करना न तो कानूनी तौर पर सही है और न ही सामाजिक रूप से जायज है।

# पंजाब के 9 जिलों में बाढ़, 29 लोगों की मौत

## हरियाणा के गुरुग्राम में वर्क फ्रॉम होम के आदेश; उत्तराखंड में सभी स्कूल बंद

पठानकोट/शिमला/गुरुग्राम, 2 सितंबर (एजेंसियां)। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 9 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बाढ़ को लेकर मंगलवार को हाईलेवल मीटिंग बुलाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार रात मुख्यमंत्री मान से फोन पर बात की और केंद्र से हरसंभव मदद का भरोसा दिया। पंजाब में बाढ़ के चलते हरियाणा में भी हालात बुरे हैं। दोनों राज्यों में बहने वाली नदियां उफान पर हैं। हरियाणा में पिछले तीन दिन से लगातार बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति है। भिवानी, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में आज कुछ स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं। उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। सोमवार को उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड से दो लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए। भारी बारिश के कारण चार धाम यात्रा 5 सितंबर तक स्थगित कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश में इस साल अगस्त की बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ा दिया। बीते महीने सामान्य से 68% ज्यादा (256.8 एमएम) बारिश हुई। यह 1949 के बाद से सबसे ज्यादा है।

# गुजरात के 8 जिलों में भारी बारिश के आसार

अहमदाबाद, 2 सितंबर (एजेंसियां)। गुजरात में इन दिनों लगातार बारिश देखने को मिल रही है। राज्य के कई इलाकों में तेज बारिश हो रही है। आम जनजीवन बिल्कुल अस्तव्यस्त हो गया है। लोगों को आने-जानें में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि तेज के चलते कई इलाकों में जल भराव हो गया है, इसमें 2-3 दिन पहले हिम्मतनगर में भारी बारिश होने से इतना पानी भर गया कि गाड़ियां तक डूब गईं। हर जगह पानी-पानी हो गया। इसके अलावा प्रशासन ने राज्यभर में जलाशयों की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने हाई अलर्ट दिया है, उन इलाकों को लेकर जो नदियों के किनारे बसते हैं। कई गांवों में भी चेतावनी दे गई है।

मौसम विभाग की मानें तो अभी बारिश का दौर जारी रहेगा। गुजरात के दाहोद, पंचमहल, छोटा उदेपुर, साबरकांठा, अरावली, महिसागर, नवसारी और वलसाड जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। अभी सितंबर की शुरुआत हुई है, लेकिन बारिश में कोई कमी नहीं आई है। 3 सितंबर को नर्मदा जिले में भारी बारिश हो सकती है। वहीं, 4 तारीख को छोटा उदेपुर, डांग, नर्मदा, तापी जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। 5 को भरूच, नर्मदा, अमरेली, बोटाद, भावनगर, सूरत, तापी, नवसारी, वलसाड, डांग जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। 6 सितंबर को सूरत, नवसारी, बोटाद, भावनगर, भरूच जिलों में भारी बारिश हो सकती है।

# जेल में बंद सांसद अमृतपाल सिंह क्या करेंगे उपराष्ट्रपति चुनाव में वोट



चंडीगढ़, 2 सितंबर (एजेंसियां)। पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट से सांसद अमृतपाल सिंह 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव में असम की डिब्रूगढ़ जेल से मतदान करेंगे। निर्वाचन आयोग ने उन्हें डाक मतपत्र जारी करने का निर्देश दिया है। अमृतपाल सिंह वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत जेल में बंद हैं और आयोग ने यह कदम संवैधानिक प्रावधानों के तहत उठाया है। यह निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि कैद में होने के बावजूद उन्हें सांसद के तौर पर अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करने का अवसर दिया जाएगा।

पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति चुनाव नियम, 1974 के नियम 26 का हवाला देते हुए यह सुविधा उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। नियमों के तहत निवारक हिरासत में बंद सांसदों को मतदान का अधिकार दिया गया है, लेकिन डाक मतपत्र केवल मतदान के दिन ही जारी किया जा सकता है। इस बार भी यही प्रक्रिया अपनाई जाएगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि सिंह को मतदान का अधिकार पूरी तरह सुरक्षित रहेगा और उनका मत अन्य सांसदों की तरह मान्य होगा।

# फल बेचने की आड़ में ड्रग्स तस्करी

मुंबई, 2 सितंबर (एजेंसियां)। क्राइम ब्रांच की यूनिट 9 ने मुंबई के बांद्रा इलाके में केले बेचने की आड़ में ठेले पर एमडी ड्रग्स बेचने के आरोप में एक बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है। इस आरोपी की पहचान 60 वर्ष के मोहम्मद अली अब्दुल गफ्फार शेख के रूप में हुई है और उसके पास से 35 लाख रुपये कीमत की 153 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई है। इसके बाद मोहम्मद अली अब्दुल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया, मोहम्मद को कोर्ट में पेश किया गया जहा कोर्ट ने 3 सितंबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया मुंबई पुलिस के मुताबिक, मोहम्मद अली मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन के पास केले बेचने का धंधा करता था।

क्राइम ब्रांच के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि वह केले बेचने वाले के भेष में एमडी ड्रग्स बेच रहा है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि उसे एमडी ड्रग्स किसने मुहैया कराई,वह इस धंधे में कितने समय से शामिल था, क्या उसके कोई साथी था और क्या उसका कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड है। इस मामले में क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली थी, कि मोहम्मद केले बेचने के आड में ड्रग्स की तस्करी करता है,जिसके बाद क्राइम ब्रांच के अधिकारी सिविल ड्रेस में जाल बिछाकर इसपर निगरानी रखने लगे,देर रात मोहम्मद बांद्रा बस डिपो के पास महाराष्ट्रनगर रोड से गुजरते हुए देखा गया,उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया।

इसके बाद में उसके ठेले की जाँच करने पर पुलिस को एक स्टील का डिब्बा मिला जिसमें 153 ग्राम एमडी ड्रग्स भरा हुआ था,ज़ब्त की गई ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में 35.30 लाख रुपये है। इसके साथ ही मोहम्मद ने बताया आर्थिक तंगी के चलते,उसने शुरू किया ड्रग्स का धंधा,बांद्रा इलाके में रहता था,कोई स्थायी नौकरी न होने के कारण वह केले बेचने का काम करता था। लेकिन कम कमाई के कारण उसने फल बेचने की आड़ में एमडी ड्रग्स बेचना शुरू कर दिया। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

# पुलिस ने सेना के ट्रक को तेज स्पीड के आरोप में रोका तो मचा बवाल

कोलकाता, 2 सितंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में सेना और पुलिस आमने-सामने आ गई। दरअसल कोलकाता पुलिस ने एक सेना के ट्रक को तेज गति से गाड़ी चलाने के आरोप में रोक लिया, जिसके बाद हंगामा हो गया। कोलकाता पुलिस ने एक सेना के ट्रक को रोक लिया। सेना का ट्रक फोर्ट विलियम से पासपोर्ट कार्यालय की ओर जा रहा था। ट्रक को आज सुबह लगभग 11 बजे राइटर्स बिल्डिंग के पास रोका गया। बताया जा रहा है कि सेना का ट्रक तेज गति से चलाया जा रहा था। सेना के ड्राइवर ने कहा कि गति ज़्यादा नहीं थी।



कोलकाता पुलिस ने बताया कि पुलिस कमिश्नर का काफिला जाने वाला था। कोलकाता पुलिस के पुलिस कमिश्नर की गाड़ी सेना के ट्रक के पीछे थी। सिग्नल खुला होने के कारण सेना के ट्रक ने राइट साइड में मोड़ लिया। ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि वह एक खतरनाक मोड़ ले रहा था, इसलिए कोलकाता पुलिस ने उसे रोक लिया।

सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि सेना का वाहन दाएं मुड़ते समय एक पुलिस अधिकारी की गाड़ी के पास आ गया। उसी समय, ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस ने सेना के ट्रक को रोक लिया। कोलकाता में ट्रक की ओवरस्पीडिंग को लेकर यातायात नियम मोटर वाहन अधिनियम, 1988 (संशोधन 2019) और कोलकाता ट्रैफिक पुलिस के दिशानिर्देशों के तहत लागू होते हैं। भारत में सड़क सुरक्षा को बढ़ाने के लिए ओवरस्पीडिंग पर सख्त नियम और भारी जुर्माने का प्रावधान है। सड़क पर लगे स्पीड लिमिट साइन का पालन करना अनिवार्य है। ट्रकों जैसे वाणिज्यिक वाहनों के लिए, ओवरलोडिंग के साथ ओवरस्पीडिंग होने पर जुर्माना 20,000 तक या अधिक हो सकता है। केटीपी-चालान जनरेशन ऐप के माध्यम से कोलकाता ट्रैफिक पुलिस उल्लंघन दर्ज करती है और चालान जारी करती है।

# एएसआई ने की युवती और हिस्ट्रीशीटर के साथ पार्टी, वीडियो वायरल होने पर गिरी गाज

शिवपुरी, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के भौंती थाने में तैनात एक असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर को एक लड़की के साथ वीडियो बनाना काफी महंगा पड़ गया है। वीडियो में एएसआई एक लड़की और हिस्ट्रीशीट के साथ पार्टी करते हुए नजर आए हैं। वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने एएसआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही मामले की जांच के आदेश दिए हैं। इस पूरे मामले में निलंबित अधिकारी की भी सफाई सामने आई है। शिवपुरी के भौंती थाने में तैनात एएसआई जितेंद्र जाट का एक वीडियो इन दिनों तेजी से सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।



इस वीडियो में वह एक कमरे में एक लड़की और आपराधिक पृष्ठभूमि के एक व्यक्ति के साथ पार्टी करते हुए दिख रहे हैं। इसके अलावा वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक लड़की सेल्फी लेते हुए वीडियो बना रही है, जबकि एएसआई जितेंद्र जाट बैकग्राउंड में बज रहे गाने पर डांस की करते दिख रहे हैं। इस वीडियो पर संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने एएसआई जितेंद्र जाट के व्यवहार को अमर्यादित एवं सेवा नियमों के विपरीत बताते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके अलावा उन्होंने मामले की जांच के निर्देश जारी किए हैं।

# उच्च न्यायालय में सरकार ने कहा- उत्तराखंड में डॉक्टरों की कमी नहीं

नैनीताल, 2 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड में अब चिकित्सकों की कोई कमी नहीं है, नियमित नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अधिकांश पदों डॉक्टर तैनात हो चुके हैं। ऐसे में चिकित्सकों की संविदा का अनुबंध बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है। यह जानकारी राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में एमबीबीएस डॉक्टरों के बॉन्ड विस्तार से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के दौरान दी।



सुनवाई के बाद कोर्ट ने सरकार को तीन साल सेवा कर चुके चिकित्सकों का अनुबंध बढ़ाने के निर्देश देने से इंकार कर दिया। लेकिन कोर्ट ने इसके लिए इच्छुक याचिकाकर्ताओं को डीजी स्वास्थ्य के समक्ष प्रतिवेदन देने को कहा है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत ने कोर्ट को बताया कि उस समय राज्य में डॉक्टरों की भारी कमी थी, इसलिए सब्सिडी शुल्क पर पढ़ाई करने वालों से अनिवार्य सेवा का बॉन्ड भरवाया गया था। लेकिन अब नियमित नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अधिकांश पदों पर डॉक्टर तैनात हो चुके हैं। ऐसे में अनुबंध बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं बचता। कोर्ट ने राज्य सरकार की दलील को स्वीकार करते हुए कहा कि बॉन्ड की व्यवस्था केवल आपातकालीन स्थिति में डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए की गई थी।

यदि अब पर्याप्त संख्या में नियमित डॉक्टर उपलब्ध हैं, तो सरकार को अनुबंध बढ़ाने के लिए विवश नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को यह स्वतंत्रता दी कि वे पुनः संविदा पर नियुक्ति के लिए स्वास्थ्य महानिदेशक के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, जिस पर तीन माह के भीतर विधि अनुसार निर्णय लिया जाए। मामले में याचिकाकर्ता चिकित्सकों ने कहा कि उन्होंने उत्तराखंड के सरकारी मेडिकल कॉलेज से सब्सिडी शुल्क पर एमबीबीएस की पढ़ाई की थी और इसके एवज में राज्य सरकार के साथ तीन साल सेवा देने का बॉन्ड भरा था।

याचिकाकर्ताओं का कहना था कि उन्होंने बॉन्ड की अवधि पूरी कर ली है, लेकिन वे राज्य में और सेवा देना चाहते हैं। इस आधार पर उन्होंने बॉन्ड की अवधि बढ़ाने की मांग की।

# चौथी कक्षा की छात्रा से टीचर ने की अश्लील हरकत

भिंड, 2 सितंबर (एजेंसियां)। गुरु/शिक्षक को भगवान का दर्जा दिया जाता है। मगर क्या हो अगर यही गुरु अपनी मर्यादाएं भूल जाए? मध्य प्रदेश के भिंड में एक स्कूल टीचर ने चौथी क्लास की छात्रा से ऐसी हरकत की, जिससे शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। उसने इंटरवल पर चौथी कक्षा की छात्रा को दूसरे क्लास रूम में बहाने से भेजा, जहां कोई भी मौजूद नहीं था। इसके बाद वहां पहुंचकर गलत हरकत की। छात्रा रोते हुए घर पहुंची और मां और परिजन को टीचर सराफत खान की करतूत की जानकारी दी। फिर मामला थाने तक जा पहुंचा। पुलिस ने आरोपी शिक्षक पर पॉस्को एक्ट व एससी-एसटी एक्ट की धारा में एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले में जांच जारी है। मामला दबोह थाना क्षेत्र के एक स्कूल का है। बच्ची की मां ने पुलिस को बताया कि बेटी के स्कूल का आज दूसरा दिन था। वह घर पर रोते हुए आई। उसने मुझे बताया कि सराफत सर ने उसे किताबें रखने के लिए दूसरे कक्ष में भेजा। वहां पहुंचने पर सर ने मुझे पीछे से आकर पकड़ लिया और गलत हरकत करने लगे। इसके बाद बेटी डर गई और बुखार आ रहा है, कहकर रोते हुए घर आई। इधर, आरोपी टीचर मौके से भाग गया।

# रंगाई कारखाने में लगी आग दो मजदूरों की मौत

सूरत, 2 सितंबर (एजेंसियां)। सूरत के रंगाई कारखाने में रात आग लग गई। इसमें दो मजदूरों की मौत हो गई। जबकि 15-20 श्रमिक जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिला अग्निशमन अधिकारी पीबी गढ़वी ने बताया कि बारडोली अग्निशमन नियंत्रण कक्ष को कडोदरा के पास एक रंगाई मिल में आग लगने की सूचना मिली। कई अग्निशमन दल मौके पर पहुंच गए। प्रबंधक और प्राथमिक जानकारी के अनुसार लगभग 15-20 लोग घायल हैं। हमने दो शव बरामद किए हैं। आग पूरी तरह से नियंत्रण में है और शीतलन प्रक्रिया चल रही है। पुलिस अधीक्षक राजेश गढ़िया ने बताया कि पलसाना थाना क्षेत्र के जोलवा एक्सटेंशन में संतोष कपड़ा मिल में ड्रम फटने के बाद आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। कई दमकल और संबंधित एजेंसियां मौके पर मौजूद हैं।

# ओडिशा पुलिस का 'ऑपरेशन अन्वेषण'

## 5 दिनों में लापता 358 बच्चे और 2059 महिलाओं का पता लगाया

भुवनेश्वर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। ओडिशा पुलिस ने 2025 में लापता लोगों का पता लगाने के लिए चलाए गए विशेष अभियानों के तहत अब तक 1,078 लड़कियों समेत 1,209 लापता बच्चों और 6,667 लापता महिलाओं को बचाया। अधिकारियों के अनुसार, 18 से 22 अगस्त तक पूरे ओडिशा में चलाए गए विशेष अभियान 'ऑपरेशन अन्वेषण' के दौरान अकेले 358 लापता बच्चों और 2,059 महिलाओं का पता लगाया गया। इस अभियान में सबसे अधिक सफलता पुरी पुलिस को मिली, जहां 45 बच्चे और 504 महिलाओं को बचाया गया। इसके बाद भद्रक पुलिस ने 37 बच्चों और 318 महिलाओं को, और कटक पुलिस ने 21 बच्चों और 304 महिलाओं को खोज निकाला।

पुलिस ने बताया कि अगस्त के अलावा, फरवरी, अप्रैल और मई में भी इसी तरह के विशेष अभियान चलाए गए थे। प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में 'सेवा पक्ष' मनाएगी बीजेपी एक अन्य खबर में, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की ओडिशा इकाई ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से शुरू होने वाले 'सेवा पक्ष' (एक पखवाड़ा) के लिए कई कार्यक्रमों की घोषणा की। एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पार्टी ने 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर के बीच निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में आयोजित 'सेवा पक्ष' की तैयारी संगोष्ठी में यह निर्णय लिया गया।

पार्टी के प्रदेश महासचिव जतिन मोहंती ने संवाददाताओं को बताया, "भाजपा की ओडिशा इकाई प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में उत्साहपूर्वक पखवाड़ा मनाएगी। यह पखवाड़ा 17 सितंबर से दो अक्टूबर को गांधी जयंती तक मनाया जाएगा।" मोहंती ने कहा कि इस पखवाड़े में भाजपा कार्यकर्ता सभी स्तरों पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और अन्य कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी और फिल्में दिखाई जाएंगी।

# महाकाल मंदिर में कैसे होगी वीआईपी एंट्री? एमपी हाईकोर्ट का आ गया फैसला

इंदौर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के महाकालेश्वर मंदिर में हर रोज लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। हालांकि, आम लोगों को महाकाल मंदिर के गर्भगृह में जाने की अनुमति नहीं मिलती। इसे लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसपर अदालत ने फैसला सुनाया है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं के प्रवेश पर लगी रोक को हटाने वाली याचिका खारिज कर दी है। अदालत का कहना है कि गर्भगृह में वीआईपी एंट्री का नियम लागू रहेगा और वीआईपी कौन होगा, इसका फैसला कलेक्टर करेंगे। याचिकाकर्ता ने गर्भगृह में जाने वाले वीआईपी लोगों की लिस्ट जारी करने की मांग की, जिसपर कोर्ट ने कहा कि कौन वीआईपी है और कौन नहीं? इसका फैसला याचिका में नहीं किया जा सकता है। वीआईपी की कोई सूची नहीं होती, जिसे गर्भगृह में जाने की अनुमति मिल जाए, वही वीआईपी है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में दो जजों की बेंच जस्टिस विवेक रुसिया और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी ने गुरुवार को इस मामले पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को देर शाम 2 पन्नों का आदेश जारी किया गया था। याचिकाकर्ता दर्पण अवस्थी ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। दर्पण का पक्ष रखते हुए एडवोकेट चर्चित शास्त्री ने कहा कि आम श्रद्धालुओं के लिए महाकाल मंदिर के गर्भगृह में जाने पर रोक लगी है, लेकिन नेताओं के बच्चे और बड़े व्यापारी आसानी से गर्भगृह में प्रवेश पा जाते हैं। याचिका में कहा गया था कि हजारों किलोमीटर का सफर करके पहुंचने वाले भक्तों को बाहर से ही लौटा दिया जाता है। इससे कई भक्तों की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। हालांकि, अदालत ने यह याचिका खारिज कर दी।



# सिंधिया परिवार की तीसरी पीढ़ी ने संभाली एमपीसीए की कमान



इंदौर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। अब मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन का संचालन नई कार्यकारिणी करेगी। छह साल बाद सभी नये चेहरे एमपीसीए (मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन) में आए हैं। 29 वर्षीय महाआर्यमन सिंधिया के अलावा सभी नये चेहरे अलग-अलग पदों पर काबिज हुए हैं। सिंधिया परिवार की तीसरी पीढ़ी के रूप में महाआर्यमन को इस पद तक लाने के लिए उनके पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तीन साल पहले से जमीन तैयार कर ली थी। महाआर्यमन ने वर्ष 2022 से ग्वालियर संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली थी।


तब से ही माना जा रहा था कि वे भविष्य में एमपीसीए की कमान संभाल सकते हैं। अब खेल के जरिए महाआर्यमन अपना राजनीतिक कद बढ़ाएंगे। सिंधिया परिवार का राजनीति में आगे बढ़ने का यही पेटर्न रहा है। महाआर्यमन सिंधिया भी अपने दादा और पिता की तरह उसे निभा रहे हैं। माधव राव और ज्योतिरादित्य सिंधिया भी कम उम्र में एमपीसीए के अध्यक्ष बने थे। वार्षिक बैठक इंदौर के होलकर स्टेडियम में आयोजित की गई। नई कार्यकारिणी में पहले से तय उम्मीदवारों के अलावा अन्य किसी सदस्य ने नामांकन दाखिल नहीं किया।

इस कारण सभी निर्विरोध चुने गए। नई कार्यकारिणी में महाआर्यमन टीम के कप्तान बने हैं, जबकि सचिव के पद पर सुधीर असनानी, उपाध्यक्ष पद पर विनीत सेठिया, कोषाध्यक्ष संजय दुआ बने, जबकि सहसचिव अरुंधति किरकिरे बनीं। कार्यकारिणी सदस्य में राजीव रिसोडकर, प्रसुन कनमड़ीकरण, विजेस राणा व संध्या अग्रवाल शामिल हैं।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 3 सितंबर- 2025

# जरांगे के मराठा आंदोलन के कारण चरमराती व्यवस्था



अशोक भाटिया

बहरहाल महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई मराठा आंदोलन की वजह से थम सी गई है। हजारों आंदोलनकारियों की वजह से रेल और सड़क यातायात चरमरा गई है। सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लेते हुए मनोज जरांगे के आंदोलन पर शर्तें लगा दी थी । हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि आंदोलनकारियों को मंगलवार दोपहर तक मैदान खाली करना होगा और सड़कों पर यातायात सामान्य स्थिति में लौटनी चाहिए।हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान आदेश दिया कि मंबई में आंदोलन स्थल पर पांच हज़ार से ज्यादा आंदोलनकारी नहीं रह सकते। बाकियों को वहां से हटना होगा। ये मामला गंभीर है और मुंबई शहर लगभग ठप हो चुका है।

जरांगे का मराठा आंदोलन का आज पांचवा दिन है। कल प्रदर्शनकारियों की वजह से कई इलाकों की यातायात व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई। प्रदर्शनकारियों के कारण सीएसएमटी, फोर्ट, चर्चगेट और मंत्रालय इलाके में हजारों की भीड़ जमा हो गई।डॉ। डीएन रोड पूरी तरह बंद रही, केवल जे।जे। ब्रिज के जरिए डायवर्जन मिला। महापालिका मार्ग, बीएमसी मुख्यालय और सीएसएमटी सबवे तक जाने वाले रास्ते बंद कर दिए गए। मेट्रो जंक्शन से बॉम्बे जिमखाना के बीच सिंगल लेन से ही ट्रैफिक चला, जिससे जाम की स्थिति रही। मरीन ड्राइव से मंत्रालय और विधान भवन जाने वाले सभी रास्ते ब्लॉक कर दिए गए। बताया जाता है कि मराठा प्रदर्शनकारी आज विसर्जन के बाद बड़ी संख्या में मुंबई के लिए रवाना हो सकते हैं।।। गांव कम हो जाएंगे और जरांगे पाटिल के समर्थन में मुंबई आएंगे। विशेष रूप से महिला वर्ग में बड़ी संख्या में आने की संभावना है। मराठा प्रदर्शनकारी बड़ी संख्या में अपने गांव छोड़ेंगे। आज सुबह भी प्रदर्शनकारी बड़ी संख्या में जरांगे पाटिल से मिलने के लिए इकट्ठा हुए । जानकारों का कहना है कि जरांगे और उनके समर्थकों का 'मुंबई दर्शन' दौरा काफी हद तक सत्ता हथियाने का कारण रहा है । उच्च-अप और राज्य की पुलिस की अक्षमता के बीच मतभेदों ने शहर को खड़ा कर दिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस यह नहीं समझते हैं कि जिन आंदोलनों का कोई निश्चित अंत नहीं है, कोई दृढ़ और विचारशील नेतृत्व नहीं है, वे हाथ से बाहर नहीं जाना चाहते हैं। अब भी ऐसा नहीं है। राधाकृष्ण विखे पाटिल को जरांगे के साथ बातचीत करने के लिए कहा गया था ताकि उन्हें मुंबई के बाहर रोका जा सके। विखे पाटिल इस उद्देश्य के लिए कैबिनेट उप-समिति के प्रमुख हैं। मुंबई आने से पहले या बाद में जरांगे के साथ उनकी सफल चर्चा नहीं हुई है। वहीं, हर कोई जानता है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कितने खुश हैं। स्पष्ट आदेशों के बावजूद जरांगे और कम्पुस को मुंबई आने की अनुमति देना पूरी तरह से गैर जिम्मेदाराना फैसला था। इससे भी हास्यास्पद बात यह है कि केवल 5,000 समर्थकों को ही अंदर जाने की अनुमति है। क्या सरकार के पास इसे मापने का कोई तंत्र है? जिस क्षण से जरांगे को मुंबई आने की अनुमति दी गई, वह देख सकता था कि आगे क्या होने वाला है।

लेकिन क्या राज्य की पुलिस व्यवस्था में इस पर गौर करने की दूरदर्शिता नहीं होनी चाहिए? अकेले नगर जिले से 10 से 12,000 कारें मुंबई के लिए रवाना हुई हैं। मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराष्ट्र के वतनदार इन सब से तंग आ चुके हैं; प्रदर्शनकारी नारे लगा रहे हैं 'इस बार गणपति मुंबई में हैं' और अगर इसका कोई पता नहीं चला है, तो पुलिस खुफिया एजेंसी वास्तव में क्या कर रही थी? अगर एजेंसी ने विपक्षी दलों पर फोन की निगरानी करने के बजाय अपना काम किया होता तो मुंबई प्रभावित नहीं होती। मराठवाड़ा के गांवों में युवाओं को मुंबई आने के लिए कहा जा रहा था। इस तरह के संदेश सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे थे। खुफिया विभाग और प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं थी। या राजनीतिक नेतृत्व ने इसकी अनदेखी की? मुख्यमंत्री फडणवीस ने अनुमान लगा लिया होगा कि आगे क्या होने वाला है। भले ही उन्होंने जरांगे को मुंबई आने की अनुमति नहीं दी, लेकिन कानून और व्यवस्था की स्थिति पैदा करने का कोई मतलब नहीं है। किसी भी विरोध प्रदर्शन में पर्दे के पीछे की बातचीत महत्वपूर्ण है। आश्चर्य की बात है कि अन्ना हजारे के आंदोलन को 'चलाने' का अनुभव रखने वाली पार्टी को यह पता नहीं था।

देश में आरक्षण के लिए आंदोलन नया नहीं है। इन आंदोलनों से क्या हासिल होता है यह महत्वपूर्ण है। कुछ साल पहले, गुजरात में पाटीदार और पटेल समुदायों द्वारा हिंसक आंदोलन किया गया था। पाटीदार समुदाय अपेक्षाकृत समृद्ध है लेकिन समुदाय मराठों जैसे अन्य पिछड़े वर्गों का लाभ चाहता था। हिंसक आंदोलन के बाद, गुजरात सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों में 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किया। लेकिन पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए समुदाय की मुख्य मांग अस्वीकार्य रही। हरियाणा में जाट समुदाय के साथ भी यही हुआ। वे भी पिछड़े वर्ग के आरक्षण का लाभ चाहते थे। उनका आंदोलन समान था। राजस्थान में, गुर्जर आंदोलन समान था। पिछले 10 से 15 वर्षों में, आरक्षण के लिए विभिन्न जातियों के आंदोलन सफल नहीं हुए हैं। कई घायल हो गए या संपत्ति को नुकसान पहुंचा। तत्कालीन सत्तारूढ़ दल को इन विरोधों पर ध्यान देना होगा और कुछ ऐसे फैसले लेने होंगे। लेकिन मुद्दा यह है कि इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि इनमें से किसी भी जाति की मुख्य मांगों को पूरा नहीं किया गया है। इससे जारेंज के आंदोलन के भविष्य का अंदाजा लगाया जा सकता है। जारेंज नया नेतृत्व है जो पिछले दो वर्षों में उभरा है। पुलिस ने जरांगे के पहले विरोध प्रदर्शन में बल प्रयोग किया, जिसके बारे में किसी जिले को भी पता नहीं था। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि इसका आदेश किसने दिया। लेकिन इस बात की आलोचना हुई कि इसके पीछे विचार यह था कि 'फडणवीस', जो उस समय गृह मंत्री थे, को काट दिया जाना चाहिए। उस कार्रवाई से आरक्षण का मुद्दा हल नहीं हुआ; लेकिन जरांगे बड़े हुए, मांग की और तत्कालीन एकनाथ शिंदे सरकार मैम, जिसने जरांगे के नए नेतृत्व की स्थापना की। यह इतिहास है। अब जब वही 'फडणवीस' मुख्यमंत्री हैं, तो यह वास्तव में एक संयोग है कि वही इतिहास दोहराया जा रहा है। आरक्षण बढ़ाने के लिए अपने अनुयायियों के साथ जरांगे के आगमन ने उस क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया है जहां मुंबई में सत्ता केंद्र और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान स्थित हैं। इसने देश की वित्तीय राजधानी को प्रभावित किया।जारेंज यही करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उनके इस रुख से फडणवीस सरकार के नाराज होने की उम्मीद की जा रही थी। दरअसल, जरांगे ने तीन महीने पहले घोषणा की थी कि वह आरक्षण के लिए लड़ने के लिए मुंबई आएंगे। पिछले अनुभव को देखते हुए, सरकार को जारेंज के साथ बातचीत करने की उम्मीद थी। यह बुद्धिमत्ता सरकार द्वारा नहीं दिखाई गई है; यह सरकार की ओर से एक अक्षम्य गलती है। फिर जरांगे को मुंबई आने की अनुमति देना एक और अक्षम्य गलती है। वास्तव में, बॉम्बे हाईकोर्ट ने गणेशोत्सव और पुलिस पर पड़ने वाले तनाव को देखते हुए, जरांगे के विरोध के लिए नवी मुंबई में खारघर का विकल्प सुझाया। यही है, मुंबई के बाहर जरांगे को रोकने का अदालत का आदेश एक अच्छा कारण था। फिर भी जरांगे को मुंबई के आजाद मैदान में विरोध करने की अनुमति दी गई। मेमने का लड़का भी जानता था कि जारांगे एक दिन में पीछे नहीं हटेंगे। क्या सरकार को यह नहीं पता होना चाहिए? डेढ़ साल पहले भी जरांगे ने ऐसा ही प्रयास किया था, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जरांगे को 'मैनेज' कर लिया था। अब भी, फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री पर यह जिम्मेदारी डालने से गुरेज नहीं किया। हाल ही में, महागठबंधन में तीन दलों के बीच आंतरिक दरार के कारण मुख्यमंत्री को कुछ निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। कम से कम जरांगे और उनकी मुंबई यात्रा का हिस्सा तो यही है।

# मोदी की चाल से तिलमिलाए ट्रंप

चीन में शंघाई शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेकर पीएम मोदी भारत आ गए हैं। लेकिन एससीओ समिट से निकले संदेश और तस्वीरों को लेकर दुनिया भर में चर्चा है। जिस तरह से पीएम मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ नजर आए उसने अमेरिका को पानी-पानी कर दिया है। भारत ने इस सम्मेलन के जरिये अमेरिका को संदेश दे दिया है कि हमें ट्रंप के टैरिफ की कोई परवाह नहीं है। एससीओ सम्मेलन की तस्वीरों पर जिस तरह से अमेरिका की प्रतिक्रिया आई है वह ट्रंप की बेचैनी को उजागर करती है। जाहिर है भारत की चीन और रूस से करीबी से ट्रंप को मिर्ची लगी है। एससीओ सम्मेलन के खत्म होने के कुछ समय बाद ट्रंप के सुर बदले-बदले से नजर आने लगे हैं। उन्होंने तर्क दिया है कि भारत, अमेरिका को 'भारी मात्रा में सामान' निर्यात करता है, लेकिन अमेरिकी कंपनियों को अधिक टैरिफ बाधाओं का सामना करना पड़ता है। जबकि अमेरिका भारत का 'सबसे बड़ा ग्राहक' है। ट्रंप ने रूस से भारत की डिफेंस और तेल डील की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारत अपना अधिकांश तेल और डिफेंस साजोसामान रूस से खरीदता है, जबकि अमेरिका से बहुत कम खरीदता है। ट्रंप ने दावा किया कि भारत ने अब अपने टैरिफ को पूरी तरह से कम करने की पेशकश की है, लेकिन अब देर हो चुकी है। ट्रंप के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने रूस के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों की आलोचना की है। नवारो ने कहा, यह शर्मनाक है कि मोदी शी जिनपिंग और पुतिन के साथ मिल रहे हैं। लेकिन हमें उम्मीद है कि वह यह समझेंगे कि उन्हें रूस के साथ नहीं, बल्कि हमारे साथ रहना चाहिए। अमेरिका ने रूस से तेल आयात करने को लेकर भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ जुर्माने के रूप में लगाया है। इसके बावजूद भारत ने तेल आयात बंद नहीं किया है। ऐसे में पीटर नवारो ने तेल मुनाफे के ब्राह्मण कनेक्शन वाला बयान देकर अपनी फजीहत करा ली है। ट्रंप की नीति को लेकर अपने घर में ही आलोचना हो रही है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने ट्रंप को खरी-खोटी सुनाई है। ट्रंप की रणनीतिक कूटनीति की कमी ने शी जिनपिंग को पूर्वी एशिया में स्थिति को नया रूप देने का मौका दे दिया है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के समय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे जेक सुलिवन ने भी ट्रंप को उनकी रणनीति के लिए आड़े हाथों लिया है। सुलिवन ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ अपने परिवार के व्यापारिक सौदों के लिए भारत के साथ संबंधों की बलि दे दी है। ट्रंप परिवार पाकिस्तान में एक क्रिप्टो वेंचर में शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की चापलूसी कर रहे हैं। सुलिवन ने कहा कि अमेरिका को भारत के साथ तकनीक, प्रतिभा और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना चाहिए था। इसके पहले भी सुलिवन ने कहा था कि ट्रंप ने भारत के खिलाफ 'व्यापक आक्रमण' लागू कर नई दिल्ली को चीन की ओर धकेल दिया है। अब अमेरिका एक बड़े विघटनकारी देश के रूप में देखा जा रहा है, एक ऐसे देश के रूप में जिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

# मुस्कुराते बच्चे प्रफुल्लित राष्ट्र की पहचान



राजकुमार जैन राजन

बालक के जन्म के साथ ही अभिभावक अपने बच्चों के लिए ऐसा तिलिस्म बुनने लगते हैं जिसमें बालक इस तरह घिर जाता है कि चाह कर भी उन स्वप्नों के भार से निजात नही पा पाता। अभिभावकों के अधूरे स्वप्नों को पूर्ण करने का दायित्व बच्चों पर गहरा मानसिक और भावनात्मक दबाव बनाता है। नतीजतन जीवन अवसाद पूर्ण हो जाता है, असफलता और पिता के सपनों के टूटने का डर उसे अपने जीवन से बड़ा लगने लगता है और जाने अनजाने ये परिस्थितियां बच्चों की अबोध हंसी को छीनकर उन्हें समय से पहले ही सयाना बना रही है। विचार इस बात का है कि भारत सहित पूरे विश्व में बच्चों के अस्तित्व पर तरह तरह के संकट मंडरा रहे है। जन्म, पालन - पोषण, शिक्षा, सुरक्षा और अवस्थागत परवशता आदि से जुड़े सैंकड़ों सवाल!

परिवार वह संस्था है जहां बच्चा जन्म लेता है और वहीं उसे जीवन जीने की चाह और संघर्षों से लड़ने का सम्बल मिलता है, यदि ऐसा नहीं होता तो वह बालक जो जीवन के पड़ावों से गुजरता हुआ किशोर और फिर युवा बनता है, बिखर जता है। एक स्वस्थ समाज तभी निर्मित होता है जब नोनिहालों को एक उन्मुक्त एवम उल्लासपूर्ण वातावरण में विकसित होने का मौका हम देंगे। लेकिन हम हैं कि अपने बच्चों पर भी अपनी इच्छाएं थोपने की कोशिश करते हैं।हम चाहते हैं कि उनका विकास हमारी सोच के अनुसार हो। एक तरह से नन्हे पौधों को वृक्ष बनने से हम बोनसाई में तब्दील कर देना चाहते हैं। दरअसल, हर उस व्यक्ति के मन मे बच्चों के लिए एक दायित्व बोध होता है जिसे पता है कि बच्चे ही हमारा भविष्य हैं। यदि वर्तमान किसी भी स्तर पर असंतुलित, विचलित, विपत्तिग्रस्त, शोषित होगा तो भविष्य कैसे सार्थक, सुंदर, हो सकेगा। परिवार विद्यालय पर दबाव डालें, विद्यालय प्रशासन पर, प्रशासन सरकार पर और सरकार समाज पर- इससे कुछ नहीं होने वाला लम्बा रास्ता बिना विघ्न पूरा करना है तो हर मोड़ पर रोशनी की पूरी पक्की व्यवस्था करनी होगी। बच्चों के भविष्य को संवारना हर धर्म, हर महजब, हर विचारधारा का पहला कर्तव्य है। मुस्कुराते बच्चे प्रफुल्लित राष्ट्र की पहचान है। आज बच्चों की रुचियां तेजी से बदल रही हैं। सूचना प्राद्योगिकी के इस्तेमाल से बच्चों में जहां एक ओर रिश्तों, नातों के प्रति सोच में यांत्रिकता और संवेदनशीलता का विकास हुआ है, वहीं दूसरी ओर उनकी स्वार्थ साधकता और हिंसा वृति में भी इजाफा हो रहा है। बाल जीवन पर आज सबसे ज्यादा प्रभाव टी. वी. , कम्प्युटर, मोबाइल, इंटरनेट ने डाला है। अपनी सुलभता व जबरदस्त आकर्षण के कारण वह बच्चों को दिशाहीन बना रहा है। बच्चे निडर और निरंकुश बन रहे हैं। वे असमय जवान हो रहे हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह तथ्य प्रमाणित हो चुका है कि आभासी दुनिया बच्चों की संवेदनशीलता और कोमल मस्तिष्क को अन्य माध्यमों से कहीं अधिक प्रभावित करती हैं अतः वे उसी दुनिया मे खोएं रहते हुए अपने परिवेश से प्रायः कट जातें हैं। अगर परिवेश खराब हो तब तो बच्चों के बिगड़ जाने और समाज विरोधी बन जाने का भय भी रहता है। साइबर दुनिया बच्चों से उनका बचपन छीन रही है। यह हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है।

बच्चों या भावी पीढ़ी के चरित्र निर्माण में बाल साहित्य की भूमिका काफी हद तक महत्वपूर्ण रही है। साइबर दुनिया ने बच्चों को पुस्तकों से दूर कर दिया है। स्कूली किताबें भी नेट पर पढ़ी जाने लगी हैं। बच्चों को स्कूली किताबों से इतर पढ़ने की रुचि विकसित करने के लिए जरूरी है कि अभिभावक भी पढ़ने की रुचि डालें। अगर आपमें किताबें पढ़ने की आदत होगी तो आपके बच्चों में भी यह धीरे धीरे विकसित होती जाएगी और फिर वह किताबों में ही डूबा दिखाई देगा।, जो अभिभावकों के लिए खुशी की बात होगी , क्योकि किताबें ही ज्ञान वृद्धि की उत्तम स्त्रोत हैं।

हम बच्चों के दिल में किताबों को दोस्त बनाने की प्रेरणा भरें। बच्चों को प्रेम दें। हम मंदिर में जाकर तो बालकृष्ण को माखन मिश्री चढ़ाते हैं और घर पर बच्चे से छोटी -सी गलती भी हो जाए तो चांटा जड़ते देर नहीं लगाते हैं, तो कहाँ गई हमारी वह बालकृष्ण की पूजा ? क्या एक मूर्ति ही आपके लिए भगवत तुल्य है? जब हम मंदिर में जाकर पंचधातु की मूर्ति को भगवान कह सकते हैं तो आपका अबोध बच्चा क्या भगवान का रूप नहीं है? आज पूरे देश की आवश्यकता है कि साहित्य में रुचि पैदा कर बच्चों की नकारात्मक गतिविधियों को रोका जाए जिससे समय रहते सही संस्कार उनमें पनप सकें। अगर आप चाहतें है कि आपका बच्चा जीवन मे सफल हो तो उसके शिशु अवस्था में ही आपको यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि उसे उसी अवस्था मे बाल साहित्य पढ़ने को दिया जाए। कहा जाता है कि अनोपचारिक शिक्षा ही बालक के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास कर सकती है। एक संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास बचपन मे पठन-पाठन की रुचि के विकास के साथ - साथ ही होता है। आज अभिभावकों, शिक्षकों, समाज सेवी संस्थाओं को भी राष्ट्र के भावी बच्चों के विकास के लिए प्रवृत्त होना चाहिए। बालक की नैसर्गिक साहित्यिक क्षुधा की पूर्ति हो सके, उसकी सृजनशीलता पनप सके तथा वह अपनी कल्पनाओं को विचारों का रूप देकर अभिव्यक्त कर सके यही हमारे प्रयास की दिशा होनी चाहिए। हमें बच्चों को ऐसी पुस्तकें प्रदान करनी चाहिए जिनमे बच्चों के लिए बच्चों के संसार की बातें हों। उनकी समस्याओं , उनके परिवेश और उनकी महत्वाकांक्षाओं से अभिभावकों, पाठकों को परिचित कराने के साथ ही बच्चों के लिए अच्छी रोचक , मनोरंजक, जानकारी युक्त सामग्री हो। बाल पाठक इन रचनाओं को बार -बार पढ़ना चाहें, याद करें, दोस्तों को सुनाएं। बच्चों को बाल साहित्य जगत से परिचय करवाने का दायित्व हम सबका है। वर्तमान दौर में वादों और गुटों में बंटे बाल साहित्य की दुनियां में कुछ लोंगो ने स्वयम को बाल साहित्य का खेवनहार मान लिया है।

बौद्धिक बहसें जारी हैं ...जहां बालक नदारद है। अच्छा बाल साहित्य बच्चों तक पहुंचाने में उनके प्रयास नगण्य हैं।उनमें केवल बाल साहित्य की पुस्तकें लिखने, गोष्ठियों में बालकों पर चिंतन करने, सम्मान लेने और देने से आगे बाल साहित्य की कोई चिंता दिखाई नहीं देती। यह सब कहने का मतलब यह कत्तई नहीं है कि सब जगह ऐसा ही हो रहा है। नहीं, बहुत लोग व संस्थाएं बाल साहित्य उन्नयन व बाल कल्याण के साथ बाल साहित्य से बालकों को जोड़ने में लगे हुए हैं। निष्ठा व समर्पण भाव से वे कार्य कर रहे हैं, सब बधाई के पात्र हैं। पर ये प्रयास भी 'ऊंट के मुंह में जीरा' ही साबित हो रहे हैं। बाल साहित्य की दुनियां में चल रही बौद्धिक बहसों व मठाधीशी से हमारा कोई सरोकार नहीं हैं। हम तो सीधे- सीधे यही चाहते है कि बालकों को ज्यादा से ज्यादा बाल साहित्य से जोड़ा जाए। बाल साहित्य ही वास्तव में संस्कार साहित्य है जो बच्चों को सही दिशा देने का कार्य करता है। शैक्षणिक पाठ्यक्रमों से अलग किताबें पढ़ने - पढ़ाने की प्रवृत्ति इन दिनों घटती जा रही है।

# ड्रैगन संग दोस्ती: भरोसे से ज्यादा सतर्कता ज़रूरी



ममता कुशवाहा

भारत और चीन, दो प्राचीन सभ्यताएँ और आज के समय में विश्व के सबसे अधिक आबादी वाले देश, वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में एक बड़ा स्थान रखते हैं। दोनों देशों के बीच संबंधों का इतिहास मित्रता, सहयोग, तनाव और संघर्ष का मिला-जुला रूप रहा है। एक ओर यह विश्वास जताया जाता है कि यदि भारत और चीन साथ आते हैं तो दुनिया की आधी से अधिक आबादी के जीवन स्तर को ऊँचा किया जा सकता है, तो दूसरी ओर सीमा विवाद और आपसी अविश्वास ने इन संबंधों को हमेशा चुनौती दी है। बीते दशकों में हुए अनुभव और वर्तमान परिस्थितियाँ इस रिश्ते को और भी संवेदनशील बना देती हैं।


भारत-चीन संबंधों की जड़ें इतिहास में गहरी हैं। प्राचीन काल से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और धार्मिक आदान-प्रदान होता रहा। बौद्ध धर्म ने भारत से चीन तक पहुँचकर दोनों को जोड़ने का कार्य किया। आधुनिक काल में 1950 के दशक में हिंदी-चीनी भाई-भाई का नारा भी इसी मित्रता की भावना से उत्पन्न हुआ। भारत ने स्वतंत्रता के बाद अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चीन की आवाज़ उठाई और पंचशील समझौते के जरिए शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का मार्ग सुझाया। लेकिन इस मित्रता की नींव जल्द ही कमजोर हो गई। 1962 के भारत-चीन युद्ध ने दोनों देशों के बीच विश्वासम की दीवार ढहा दी। चीन ने सीमा विवाद को लेकर भारत पर आक्रमण किया और उसके बाद से रिश्तों में गहरा तनाव बना रहा।

भारत और चीन के बीच सबसे बड़ा विवाद सीमा रेखा को लेकर रहा है। अक्साई चिन और अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन की आक्रामकता समय-समय पर सामने आती रही। 1962 का युद्ध भारत के लिए गहरा आघात था। इस युद्ध ने भारत की सुरक्षा नीति और विदेश नीति दोनों को प्रभावित किया। चीन की ओर से विश्वासघात ने यह संदेश दे दिया कि दोस्ती की बातें और वास्तविक रणनीति में बड़ा अंतर है। 1962 के युद्ध के बाद भी सीमा पर शांति कभी स्थायी रूप से कायम नहीं हो सकी। दोनों देशों के बीच कई बार बातचीत हुई, लेकिन समाधान कभी नहीं निकला। आर्थिक दृष्टि से देखें तो चीन भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है। दोनों देशों के बीच अरबों डॉलर का व्यापार होता है। लेकिन यह संबंध भी असंतुलित है। भारत चीन से भारी मात्रा में सामान आयात करता है, जबकि निर्यात बहुत कम है। इस वजह से व्यापार घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है। यह विडंबना है कि जिस चीन पर भारत सुरक्षा दृष्टि से अविश्वास करता है, उसी चीन पर आर्थिक दृष्टि से निर्भर भी है। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक कच्चा माल और दवाओं के उत्पादन में चीन की भूमिका भारत की अर्थव्यवस्था में गहरी है। साल 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प ने रिश्तों को और बिगाड़ दिया। इस झड़प में भारत के 20 जवान शहीद हो गए। यह घटना आज़ादी के बाद से अब तक के सबसे गंभीर सैन्य तनावों में से एक थी। गलवान घाटी ने भारत-चीन संबंधों को नई दिशा दी, जहाँ दोनों देशों के बीच अविश्वास और गहरा हो गया। भारत ने इसके बाद चीन के कई मोबाइल एप्स पर प्रतिबंध लगाया और व्यापारिक रिश्तों को सीमित करने की कोशिश की, लेकिन पूरी तरह से दूरी बनाना संभव नहीं हो सका। चीन की विदेश नीति हमेशा से विस्तारवादी रही है। ड्रैगन की चालें केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे एशिया और विश्व पर असर डालती हैं। चीन ने पाकिस्तान के साथ गहरे संबंध बनाए हैं और भारत के खिलाफ उसे बार-बार समर्थन दिया है। चाहे सीपीईसी परियोजना हो या संयुक्त राष्ट्र में मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों का मुद्दा चीन ने बार-बार पाकिस्तान का पक्ष लिया है।

इसके अलावा, चीन ने उत्तर कोरिया जैसे तानाशाह शासकों के साथ भी मित्रता दिखाई है। हाल ही में बीजिंग में आयोजित समारोह में किम जोंग उन जैसे नेता को बुलाना इसी का उदाहरण है। यह चीन की रणनीति है कि वह ऐसे देशों को साथ लेकर अमेरिका और पश्चिमी देशों को चुनौती दे। वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति भी चीन से जुड़ी है। एक ओर भारत अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ा रहा है, तो दूसरी ओर रूस के साथ भी परंपरागत संबंध बनाए रखना चाहता है। चीन इस तिकड़ी में हमेशा भारत को असहज करने की कोशिश करता है। डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल में भारत और अमेरिका के बीच नज़दीकी बढ़ी, लेकिन चीन ने रूस और उत्तर कोरिया जैसे देशों के साथ मिलकर पश्चिमी देशों के खिलाफ मोर्चा खड़ा किया। इस वैश्विक समीकरण में भारत को अपनी कूटनीति को बहुत संतुलित रखना पड़ता है। आज भारत और चीन के बीच संबंधों को मजबूरी की दोस्ती कहा जा सकता है। भारत को चीन से पूरी तरह अलग होना संभव नहीं है क्योंकि आर्थिक हित जुड़े हैं।

वहीं, चीन भी भारत जैसे बड़े बाज़ार को खोना नहीं चाहता। लेकिन यह दोस्ती विश्वास की नींव पर नहीं, बल्कि मजबूरी की स्थिति पर टिकी है। भारत के सामने चुनौती यह है कि वह चीन की आर्थिक निर्भरता को धीरे-धीरे कम करे और वैकल्पिक बाज़ार खोजे।

# भारत,रूस और चीन की दोस्ती से अमेरिका को झटका



अमरपाल सिंह वर्मा

भारत और रूस के रिश्तों को लेकर अगर किसी देश को सबसे ज्यादा समस्या है तो वो अमेरिका है। इसी बीच परिस्थितियां कुछ इस तरह से बनी हुई हैं कि चीन-भारत और रूस मिलकर पूरी दुनिया की सुर्खियां बटोर रहे हैं। चीन में एससीओ की मीटिंग के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी हुई जिसमें दोनों देशों ने एक-दूसरे के साथ ऐतिहासिक संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच बहुमुखी सहयोग रहा है। वे इस सहयोग को आगे और भी बढ़ाना चाहते हैं। उधर एससीओ में भारत-रूस और चीन की रिश्तों के रंग दिखे। जहां रूस और भारत की दोस्ती पहले से ही मजबूत है, वहीं भारत और चीन के बीच विश्वास बहाली और रिश्ते ठीक करने की कोशिश जारी है। भारत-रूस-चीन का साथ आना दुनिया में क्या असर डालेगा। अमेरिका और पश्चिमी जगत इसे कैसे देख सकता है और ये किस दिशा में जा रहा है। उधर रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भारत पर अमेरिकी दबाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिका का ट्रंप प्रशासन रूस से दोस्ती को लेकर भारत पर भड़का हुआ है। उसका आरोप है कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसकी वित्तीय मदद कर रहा है। इस कारण अमेरिका की यूक्रेन में युद्धविराम की कोशिशें नाकाम हो रही हैं। वहीं, भारत का कहना है कि वह वैश्विक तेल की कीमतों को स्थिर रखने और अपनी बड़ी आबादी की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से तेल खरीद रहा है। ऐसे में रूसी तेल खरीद पर भारत और अमेरिका के बीच गतिरोध बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत अमेरिका के कहने पर रूस का साथ छोड़ सकता है। पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत का कहना है कि अभी कोई वर्ल्ड ऑर्डर है ही नहीं, अभी तो दुनिया में जंगलराज जैसी स्थिति है, जिसका जो मन आता है करता है। इसलिए भारत, रूस और चीन की कोशिश ये होगी कि किसी तरह से एक मल्टीलेटरल सिस्टम, मल्टीपोलर वर्ल्ड बने जिसमें बने कायदे कानूनों को सब मानें। अभी हालात ये हैं कि जिन देशों ने पुराना सिस्टम बनाया था उन्होंने ही वह तोड़ा है। अमेरिका और पश्चिमी जगत की एकतरफा सोच (यूनिलेटरलिजम) की वजह से सारे मल्टीलेटरल इंस्टिट्यूट्शन की अहमियत कम हुई है। ग्लोबल साउथ के देशों का ये मानना है कि मल्टीलेटरल और मल्टीपोलर वर्ल्ड ऑर्डर होना चाहिए। अगर भारत, रूस और चीन एक दूसरे साथ ईमानदार रहेंगे तो इस दिशा में अहम योगदान दे सकते हैं। अमेरिका में भारत की पूर्व राजदूत मीरा शंकर भी कहती हैं कि ये अमेरिका के खिलाफ नहीं है पर एकतरफा सोच के खिलाफ है। ये रूल बेस्ड ऑर्डर के पक्ष में है यानी अंतराष्ट्रीय स्तर पर कुछ नियम कायदे लागू रहें और सभी इन्हें मानें।मीरा शंकर कहती हैं कि यूएस का बाजार दुनिया में अब भी सबसे बड़ा है और सबके लिए महत्वपूर्ण है, भारत के लिए भी अहम है। हमारे यहां बनने वाले सबसे ज्यादा सामान वहां बिकते हैं। ये करीब 41 बिलियन डॉलर का सरप्लस है यानी भारत के हित में व्यापार है। ये न तो हमारा चीन के साथ होता है न रूस के साथ होता है। चीन हमें काफी सामान बेचता है और वहां भारत को 100 बिलियन डॉलर का घाटा है क्योंकि चीन भारत से लेता बहुत कम है। हम रूस से तेल खरीद रहे हैं, इस वजह से व्यापार बढ़ा है नहीं तो दोनो देशों के बीच व्यापार काफी कम था।रूस भी भारत से बहुत कम खरीदता है। वह कहती हैं कि यूएस का बाजार जो भारत के लिए एक रोल प्ले करता है उसकी अहमियत न तो चीन न रूस पूरी कर पाएगा। उन्होंने कहा कि एक तरीके से हमें चतुराई से चलना पड़ेगा जिससे हम चीन के साथ रिश्ते को सुधार सकते हैं, रूस के साथ रिश्ते और मजबूत कर सकते हैं पर हमें यूएस से भी बातचीत जारी रखनी पड़ेगी। मीरा शंकर कहती हैं कि अमेरिका और पश्चिमी जगत को अपना व्यवहार भी देखना पड़ेगा कि क्यों ये देश (भारत-रूस-चीन) साथ आए हैं। यूएस सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तो वे सोचते हैं कि जो भी चाहें कर लें। बाकी देशों को ये देखना होगा कि वे किस तरह एक दूसरे के साथ सहयोग बढ़ाए और रूल बेस्ड ऑर्डर को मजबूत करें।

# जातीय समीकरण से सत्ता साधने की रणनीति

अरुण श्रीवास्तव

बिहार की राजनीति में हाल ही में आयोजित राहुल गांधी की अगुवाई वाली वोट अधिकार रैली ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह रैली केवल "वोट चोरी" जैसे आरोपों के जरिये विपक्षी मतदाताओं को एकजुट करने का प्रयास थी, या इसके पीछे जातीय समीकरणों को साधने की गहरी रणनीति छिपी है? राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस रैली के माध्यम से राहुल गांधी ने बिहार के जातीय गठजोड़ को नए सिरे से परिभाषित करने और विपक्षी वोट बैंक को मजबूत करने का प्रयास किया है। बिहार में राजद और माले का संगठनात्मक ढांचा सबसे मजबूत माना जाता है। राजद ने वर्षों से मुस्लिम-यादव समीकरण के दम पर सत्ता में अपनी हिस्सेदारी बनाई है, जबकि माले की पकड़ भूमिहीन और वामपंथी रुझान वाले वोटरों पर रही है। इसके विपरीत, कांग्रेस अपने जातीय आधार और संगठनात्मक ढांचे को धीरे-धीरे खोती गई, जिसका नतीजा 2020 के विधानसभा चुनाव में सामने आया। लेकिन राहुल गांधी की हालिया पदयात्राओं और अनुसूचित जाति-जनजाति व पिछड़े वर्गों के लिए उठाई गई आवाज़ों से कांग्रेस इन तबकों में फिर से अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। रैली में यह स्पष्ट दिखा कि राहुल ने मुस्लिम-यादव समीकरण से आगे बढ़ते हुए पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों को साधने पर जोर दिया। यही कारण है कि वे विशेष रूप से मखाना किसानों के बीच पहुंचे। मखाना उत्पादन से मुख्यतः मल्लाह और मुस्लिम समुदाय जुड़े हैं। दिलचस्प बात यह रही कि इस मुहिम से तेजस्वी यादव को दूर रखा गया। तेजस्वी यादव यादवों के मजबूत नेता माने जाते हैं, लेकिन गैर-यादव, भूमिहीन जातियों में उनकी स्वीकृति अपेक्षाकृत कम है। राहुल गांधी इस कमी को भरने का प्रयास करते दिखे। रैली के दौरान विपक्षी एकजुटता का प्रदर्शन भी अहम रहा। अखिलेश यादव और एम.के. स्टालिन जैसे नेताओं की मौजूदगी ने इस संदेश को मजबूत किया कि इंडिया गठबंधन बिहार में एकजुट होकर मैदान में है। युवाओं को आकर्षित करने के लिए राहुल गांधी ने बुलेट मोटरसाइकिल रैली और टी-शर्ट पहनकर रैली का नेतृत्व किया, जिससे उनका युवा और ऊर्जावान छवि बनाने का प्रयास स्पष्ट था। 2020 के चुनाव में नीतीश कुमार को सत्ता में लौटाने में महिलाओं के समर्थन की बड़ी भूमिका रही। इसी वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए कांग्रेस ने प्रियंका गांधी, रोहिणी आचार्य और तेजस्वी की बहनों को प्रमुखता दी। प्रियंका गांधी का बुलेट मोटरसाइकिल पर हेलमेट पहनकर रैली में शामिल होना सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रहा, जिसने महिला मतदाताओं के बीच संदेश देने का काम किया। पटना के गांधी मैदान में रैली के अंतिम पड़ाव पर उमड़े जनसैलाब ने संकेत दिया कि विपक्ष का संदेश जनता तक पहुंचा है। हालांकि, असली चुनौती अब इस भीड़ को वोटों में बदलने की होगी। कांग्रेस का बिहार में संगठनात्मक ढांचा कमजोर है, जबकि भाजपा-आरएसएस के स्वयंसेवकों की मजबूत जमीनी पकड़ है। ऐसे में, इस चुनौती से निपटने के लिए राजद और माले को आगे आकर नेतृत्व करना होगा।

# माता-पिता नहीं, बल्कि शिक्षक देते हैं बच्चों को ये अनमोल जीवन पाठ

मां-बाप बच्चों को प्यार, संस्कार और सुरक्षा देते हैं, लेकिन जीवन के कुछ बेहद अहम सबक ऐसे होते हैं जो बच्चे सिर्फ अपने शिक्षकों से ही सीखते हैं। शिक्षक न केवल किताबों का ज्ञान देते हैं, बल्कि बच्चों को समाज में जीने और व्यक्तित्व विकसित करने के अनमोल सूत्र भी सिखाते हैं। हर बच्चे के जीवन में शिक्षक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। घर बच्चों की पहली पाठशाला है, लेकिन स्कूल और शिक्षक ही उन्हें वास्तविक जीवन जीने के गुर सिखाते हैं। अनुशासन, टीमवर्क, असफलता से जूझना, समानता और आत्मविश्वास ये वे पांच जीवन पाठ हैं, जिनकी बुनियाद शिक्षक रखते हैं। यही वजह है कि शिक्षक का स्थान समाज में सबसे ऊंचा माना जाता है। आइए जानते हैं ऐसे 5 जीवन के मंत्र, जो घर



की चारदीवारी में नहीं, बल्कि स्कूल के क्लासरूम और शिक्षकों की संगति से ही मिलते हैं।

### अनुशासन का महत्व

घर में बच्चे अक्सर लाड़-प्यार के कारण नियमों को तोड़ देते हैं लेकिन शिक्षक उन्हें अनुशासन का असली अर्थ सिखाते हैं। समय पर आना, होमवर्क पूरा करना और पढ़ाई में निरंतरता रखना यह आदतें जीवनभर सफलता की नींव बनती हैं।

### टीमवर्क और सहयोग

स्कूल में खेल, ग्रुप प्रोजेक्ट्स और सांस्कृतिक गतिविधियाँ बच्चों को टीमवर्क की ताकत समझाती हैं। शिक्षक बताते हैं कि अकेले नहीं, बल्कि मिलकर काम करने से बड़ी उपलब्धियाँ हासिल होती हैं।

### असफलता को स्वीकारना

घर में बच्चों की गलतियों को ढक दिया जाता है, लेकिन शिक्षक उन्हें असफलता से सीखना और दोबारा उठ खड़े होना सिखाते हैं। यही गुण आगे चलकर जीवन की बड़ी चुनौतियों से जूझने में मदद करता है।

### निष्पक्षता और समानता

शिक्षक हर छात्र को समान दृष्टि से देखते हैं। वे बच्चों को यह सिखाते हैं कि जाति, धर्म, लिंग या आर्थिक स्थिति से परे सबको बराबर मानना चाहिए। यह मूल्य समाज को सही दिशा देने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### आत्मविश्वास और संवाद कौशल

कक्षा में प्रश्न पूछने, मंच पर भाषण देने और प्रस्तुति करने के लिए शिक्षक बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं। इससे उनका आत्मविश्वास और संवाद क्षमता मजबूत होती है, जो भविष्य के हर क्षेत्र में सफलता दिलाती है।

# 30 की उम्र के बाद शादी के फायदे सुनकर खुश होंगे नुकसान जानकर सोच में पड़ जाएंगे

शादी सिर्फ दो लोगों का साथ नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों और समझ का रिश्ता है। आजकल कई लोग करियर, पढ़ाई, या निजी उन्नति के कारण शादी देर से करना पसंद करते हैं। खासकर 30 की उम्र के बाद शादी करने का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। देर से शादी करने वाले कपल्स इस रिश्ते को लेकर अधिक गंभीर और परिपक्व होते हैं। वह आत्मनिर्भर होते हैं और आर्थिक तौर पर मजबूत होते हैं। ऐसे में वह शादी के बंधन को निभाने में अधिक सक्षम हो पाते हैं। देर से शादी के इतने फायदे होने के बावजूद कई नुकसान भी होते हैं, जिन्हें आपको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर आप भी 30 की उम्र के बाद शादी की योजना बना रहे हैं तो देर से शादी के फायदे और नुकसान दोनों जान लीजिए।



## 30 की आयु के बाद शादी करने के फायदे

### आर्थिक स्थिरता

30 की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते ज्यादातर लोग करियर में सेट हो चुके होते हैं। नौकरी, बिज़नेस या सेविंग्स की वजह से शादी के बाद आर्थिक असुरक्षा कम रहती है। इस उम्र में लोग आत्मनिर्भर होकर पार्टनर को बेहतर सपोर्ट कर पाते हैं। अगर आप 24-25 साल में शादी करेंगे तो हो सकता है कि उस वक्त आप आर्थिक रूप से स्थिर न हों।

### मानसिक परिपक्वता और समझदारी

कच्ची उम्र में लिए गए फैसले अक्सर जल्दबाजी में होते हैं, लेकिन 30 के बाद लोग मानसिक रूप से परिपक्व हो जाते हैं और रिश्तों को लेकर ज्यादा गंभीर और समझदार हो जाता है। यह परिपक्वता शादी को मजबूत और स्थायी बनाने में अहम भूमिका निभाती है।

### पर्सनल ग्रोथ और स्वतंत्रता

30 से पहले लोग पढ़ाई, करियर, यात्रा और अपने शौक पूरे करने में लगे रहते हैं। देर से शादी करने पर उन्हें अपने सपनों और निजी जिंदगी को जीने का पर्याप्त समय मिल चुका होता है, जिससे शादी के बाद कोई पछतावा नहीं रहता।

### प्राथमिकताओं की समझ

उम्र बढ़ने पर-आते लोग अपनी प्राथमिकताओं को अच्छे से समझते हैं। वे जानते हैं कि उन्हें जीवन में क्या चाहिए और कैसे अपने परिवार और करियर के बीच संतुलन बनाना है।

### पैसे का सही इस्तेमाल करना

नई-नई नौकरी मिलने पर हम सभी अपनी ख्वाहिशों को पूरी करने में ही सारा पैसा उड़ा देते हैं लेकिन 30 की उम्र में हमें पैसे की अहमियत पता लग जाती है। ऐसे में इस उम्र तक हम सभी पैसों का सही से इस्तेमाल करना सीख जाते हैं।

## 30 के बाद शादी करने के नुकसान

### गर्भधारण में समस्या

महिलाओं के लिए 30 के बाद प्रजनन क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है। 35 के बाद गर्भधारण में कठिनाई और जटिलताओं की संभावना बढ़ सकती है। उम्र के साथ अंडाणुओं की गुणवत्ता कम होती जाती है, जिससे गर्भावस्था में दिक्कत आ सकती है। पुरुषों के लिए भी उम्र के साथ स्पर्म की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है, जिससे गर्भधारण में देरी हो सकती है। बढ़ती उम्र में स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ती हैं जो स्वस्थ शादीशुदा जीवन को आगे बढ़ाने में मुश्किल पैदा कर सकती हैं।

### सामाजिक दबाव और अपेक्षाएं

30 के बाद परिवार और समाज से शादी को लेकर अधिक दबाव पड़ सकता है, जिससे मानसिक तनाव बढ़ सकता है। कभी-कभी परिवार और रिश्तेदारों की उम्मीदों के कारण जल्दबाजी में निर्णय लेने का खतरा रहता है। शादी के बाद ही कपल पर परिवार को आगे बढ़ाने और बच्चों की उम्मीद की जाने लगती है, इसका दबाव भी वह झेलते हैं। परिवार और पार्टनर दोनों की अपेक्षाओं का बोझ भी मानसिक तौर पर दबाव डालता है।

### संबंधों में समायोजन की कठिनाई

30 की उम्र तक व्यक्ति की सोच, आदतें और जीवनशैली काफी स्थिर हो जाती है, जिससे किसी नए व्यक्ति के साथ सामंजस्य बैठाने में कठिनाई हो सकती है। दोनों पक्षों की स्वतंत्रता की आदतों के कारण विवाह में समझौते करना मुश्किल हो सकता है। बड़ी उम्र के लोगों के लिए एक दूसरे की जीवनशैली और पसंद में ढलने और एडजस्ट करने में दिक्कत आ सकती है।

कम उम्र के बच्चों की परवरिश

अगर शादी के बाद बच्चे देर से होते हैं, तो बच्चों के बड़े होने तक माता-पिता की उम्र अधिक हो जाती है। इससे बच्चों की परवरिश और भविष्य की योजना में चुनौतियां आ सकती हैं। माता-पिता और बच्चों के बीच पीढ़ी का अंतर अधिक होने से आपसी समझ और जुड़ाव में कठिनाई हो सकती है।

### आर्थिक दबाव और भविष्य की योजना

30 के बाद करियर और आर्थिक जिम्मेदारियां अधिक होती हैं, जिससे शादी के बाद नई जिम्मेदारियों को निभाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। शादी के बाद जीवन में वित्तीय योजनाओं में बदलाव की आवश्यकता हो सकती है। बड़ी उम्र में शादी होने के बाद कपल के पास एक दूसरे के साथ वक्त बिताने से अधिक परिवार को संभालने की जिम्मेदारी अधिक होती है।

# हर लड़ाई सुलझाना होगा आसान, जब कपल्स याद रखेंगे ये बातें

रिश्ते में झगड़े होना आम बात है, लेकिन उन्हें सही तरीके से सुलझाना ही एक मजबूत और हेल्दी रिलेशनशिप की पहचान होती है। कपल्स के बीच छोटी-छोटी बातों पर मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन अगर समय रहते उन्हें प्यार और समझदारी से सुलझा लिया जाए, तो रिश्ते में दूरी नहीं आती।

पर, कई बार हम छोटी-छोटी ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिस कारण रिश्ते में दरार पड़ने लगती है। ऐसे में यहां हम आपके लिए लेकर आए हैं पांच आसान बातें जिन्हें हर कपल को झगड़े के समय ध्यान में रखना चाहिए। यदि आप इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगे तो आपका रिश्ता बनेगा सबसे मजबूत।



### कभी भी बात करना बंद न करें

भले ही आपका झगड़ा कितनी भी बड़ी बात पर हुआ हो, लेकिन आपको अपने पार्टनर से बात करना बंद नहीं करनी चाहिए। बात बंद करने से आपके बीच दूरियां बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए चाहे बीच में टोका-टाकी करें, लेकिन बातचीत करें। जैसे ही गुस्सा शांत हो तब तुरंत बैठकर अपने पार्टनर से बात करें।

### गलतियां गिनाने से बचें

यदि झगड़ा हो रहा है तो एक-दूसरे पर दोषारोपण तो कतई न करें। जब हर किसी की गलती ठहराते हैं, तो बात ज्यादा बिगड़ सकती है। खास तौर पर तुमने ऐसा किया₹, ₹तुम्हारी वजह से₹ जैसी बातें लड़ाई को बढ़ा सकती हैं, इसलिए ऐसा कहने से तो जरूर बचें। अपने बारे में जिक्र करें कि मुझे ऐसा लगा और ऐसा महसूस हुआ।

### समय देकर सोचें

बहुत से लोगों को झगड़े के बाद थोड़े ब्रेक की जरूरत होती है, तो उन्हें समय दें। कभी भी ज्यादा गुस्से मे कोई फैसला न लें। गुस्से में लिया गया फैसला आपकी जिंदगी में सैलाब ला सकता है। लड़ाई के बाद हमेशा थोड़ा ब्रेक देकर सोचें और फिर बात करें। जब मामला शांत हो जाए तो ही आपस में बात करें।

### पुरानी बातें न दोहराएं

हम सभी अक्सर लड़ाई करते समय कहते हैं तुमने पहले ये किया था, तुमने पिछली बार भी यही गलती की थी। तुम हमेशा यही करते हो। हर बार पुरानी गलतियों को झगड़े में लाना एक दूसरे का विश्वास तोड़ सकता है। मुद्दा वही रखें जो इस वक्त सामने है। पुरानी बातों को आज की लड़ाई में कभी न रखें।


### माफ करना और माफी मांगना सीखें

जब भी मामला शांत हो रहा है, तो ईगो न दिखाएं। हमेशा याद रखें कि माफ करना और जरूरत पड़ने पर माफी मांगना रिश्ते को गहराई देता है। ये कमजोरी नहीं, समझदारी की निशानी है। इसलिए कभी-कभी झुककर खुद माफी मांग लें, और यदि आपका पार्टनर माफी मांग रहे हैं तो उन्हें माफ करें और आगे बढ़ें।

# घर पर ऐसे तैयार करें सॉफ्ट-सॉफ्ट दही वड़ा, बेहद आसान है इसकी रेसिपी

अगर आप भी हर संडे अपने बच्चों को कुछ खास और स्वादिष्ट खिलाने की सोचते हैं, तो दही वड़ा एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। ये न सिर्फ टेस्टी होता है, बल्कि पेट के लिए हल्का और पचाने में आसान भी होता है।

घर पर बना दही वड़ा बाजार से कहीं ज्यादा सॉफ्ट और हेल्दी होता है, खासकर जब आप उसे अपने हाथों से प्यार से तैयार करें। इस लेख में हम आपको बताएंगे दही वड़ा बनाने की आसान रेसिपी और कुछ ट्रिक्स, जिनसे आपके दही वड़े बिल्कुल होटल जैसा स्वाद देंगे।



### दही वड़े बनाने का सामान

सफेद उड़द दाल – 1 कप
दही – 2 कप
चीनी – 1-2 टीस्पून
नमक – स्वाद अनुसार
धनिया पत्ती – 1 टेबलस्पून (कटी हुई)
भुना हुआ जीरा पाउडर – 1 टीस्पून
लाल मिर्च पाउडर – 1 टीस्पून
सेंधा नमक – 1/2 टीस्पून
तेल – तलने के लिए
सोंठ
हरी चटनी

विधि

अगर आप आज ही दही वड़ा बनाना चाहती हैं तो सबसे पहले तुरंत सफेद उड़द की दाल को कम से कम 5 घंटे के लिए भिगोकर रख लें। अब पांच घंटे के बाद इसी मिक्सी में डालकर पीस लें। ध्यान रखें कि इसे आपको बेहद नामभर का पानी डालकर पीसना है।

अब बारी है इसका पेस्ट तैयार करनी की तो उसके लिए एक बड़े बाउल में पिसी हुई दाल लेकर उसमें नमक डालें और अच्छी तरह से मिक्स करें। अब कड़ाही में तेल गर्म करके उसमें छोटे-छोटे वड़े बनाकर डालें और इन्हें फूलने तक तलें। जब ये फूल जाएं तो इसे निकालकर एक टिश्यू पर रख लें।

इन वड़ों को अब कम से 15 मिनट के लिए ठंडे पानी में डाल दें, ताकि ये सॉफ्ट हो जाएं। इसके बाद इन्हें पानी से निकालकर निचोड़ें और उसे फेंटे हुए दही में डाल दें।

इसके बाद बारी आती है दही वड़ों को सजाने की तो उसके लिए दही से वड़ों को निकालकर प्लेट में रखेंगे। वड़े निकालने के बाद फेंटा हुआ दही वड़ों पर डालें। इसके बाद ऊपर से थोड़ा चीनी, नमक और भुना हुआ जीरा पाउडर छिड़कें। आखिर में इसमें सोंठ और हरी चटनी डालें। चाहें तो ऊपर हरी धनिया से इसे सजा सकते हैं। बस ये दही वड़े तैयार हैं।

# बुजुर्गों की तरह बच्चों को भी हो सकता है मोतियाबिंद



आंखों से संबंधित बीमारियों का खतरा अब सिर्फ बुजुर्गों तक सीमित नहीं रहा है, 20 से कम उम्र के लोगों और बच्चों में भी इसका जोखिम बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसके लिए गड़बड़ लाइफस्टाइल, आहार में विटामिन्स की कमी और आंखों की देखभाल को लेकर लापरवाही को प्रमुख कारण मानते हैं। मोतियाबिंद आंखों से संबंधित एक गंभीर बीमारी है जिसमें सर्जरी की जरूरत होती है। इस बीमारी में लोगों को धुंधला दिखने लगता है और रोजमर्रा के काम करना भी कठिन हो जाता है। डॉक्टर बताते हैं कि इस बीमारी के कारण आंख के अंदर मौजूद लेंस धीरे-धीरे धुंधला होने लगता है, इसके चलते रोगियों के लिए चीजों को स्पष्ट रूप से देख पाना कठिन हो सकता है।

अब सवाल ये है कि जैसे कम उम्र के लोगों में आंखों से संबंधित समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं, ऐसे में क्या बच्चों को भी मोतियाबिंद हो सकता है?

### पहले मोतियाबिंद के बारे में जानिए

डॉक्टर कहते हैं, मोतियाबिंद मुख्यरूप से आंखों के लेंस से संबंधित समस्या है। सामान्यतः लेंस पारदर्शी होता है, जिसकी वजह से रोशनी आसानी से अंदर जाती है और साफ दिखता है। लेकिन जब यह लेंस धुंधला हो जाता है तो रोशनी का प्रवाह रुक जाता है और नजर धुंधली होने लगती है। यही स्थिति मोतियाबिंद कहलाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में लगभग 51% अंधेपन के मामले मोतियाबिंद की वजह से होते हैं। यह धीरे-धीरे बढ़ता है और इलाज न होने पर नजर पूरी तरह खो सकती है।

### क्या बच्चों में भी हो सकती है ये दिक्कत?

पुणे स्थित एक अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अर्चित याज्ञनिक बताते हैं, अक्सर हम सभी सोचते हैं कि मोतियाबिंद सिर्फ बुजुर्गों को होता है, लेकिन कुछ मामलों में ये जोखिम बच्चों को भी हो सकता है। बच्चों में होने वाली मोतियाबिंद की समस्या को कंजेनिटल कैटरेक्ट कहते हैं। शोध बताते हैं कि हर 10,000 बच्चों में से लगभग 1 से 3 बच्चों को जन्मजात मोतियाबिंद हो सकता है।

शोध बताते हैं कि गर्भावस्था के दौरान मां को कोई संक्रमण जैसे रुबेला, मम्प्स के कारण बच्चों को ये दिक्कत हो सकती है। इसके अलावा गर्भावस्था में दवाओं या पोषण की कमी का भी बच्चों की सेहत पर असर देखा जाता रहा है।



### बच्चों की आंखों पर दें ध्यान

बच्चों में अगर मोतियाबिंद समय पर पकड़ में न आए तो उनकी नजर स्थाई रूप से प्रभावित हो सकती है।अमेरिकन एकेडमी ऑफ ऑप्थैल्मोलॉजी कहती हैं कि जन्मजात मोतियाबिंद का जल्द इलाज करना बेहद जरूरी है ताकि बच्चे की नजर बचाई जा सके।

मोतियाबिंद को शुरुआती चरण में दवा या चश्मे से मैनेज किए जा सकता है, लेकिन इसका स्थायी इलाज सिर्फ सर्जरी है। जब लेंस पूरी तरह से धुंधला हो जाता है और नजर बहुत कम हो जाती है, तब डॉक्टर सर्जरी की सलाह देते हैं।

### क्या इससे बचा जा सकता है?

मोतियाबिंद को पूरी तरह से रोका नहीं जा सकता, लेकिन शोध बताते हैं कि कुछ सावधानियां रखकर इसके खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। बच्चों की आंखों को धूप से बचाए रखना जरूरी है। सूरज की तेज रोशनी में बाहर जाते समय यूवी प्रोटेक्टेड चश्मा जरूर पहनें। इसके अलावा मोतियाबिंद से बचाव के लिए आहार को ठीक रखना भी जरूरी है। इसके लिए विटामिन सी, ई और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर भोजन जरूर करें।

जिन लोगों का ब्लड शुगर अक्सर बढ़ा हुआ रहता है उन्हें इसको नियंत्रित रखने की जरूरत होती है, इससे मोतियाबिंद का खतरा कम हो जाता है।

# ससुराल वालों के साथ रिश्ता खास बनाने का मौका है त्योहार

भारतीय संस्कृति में त्योहार केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं होते, बल्कि यह रिश्तों को जोड़ने और मजबूत बनाने का भी सुंदर अवसर होते हैं। खासकर शादी के बाद, जब नई बहू अपने ससुराल में पहली बार त्योहार मनाती है तो वह केवल नहीं परंपरा निभा रही होती है, बल्कि रिश्तों में मिठास घोलने का अवसर भी तलाश रही होती है। ससुराल वालों के साथ रिश्ता निभाना कभी-कभी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन त्योहार एक ऐसा समय होता है जब सब मिलकर खुशियां बांटते हैं। ऐसे में थोड़े से प्रयास से आप ससुराल वालों के साथ अपने रिश्ते को और गहरा बना सकती हैं।

कुछ ही दिनों में शारदीय नवरात्रि शुरू हो जाएंगे, उसके बाद दशहरा, फिर करवा चौथ, दिवाली और छठ पूजा है। एक के बाद एक त्योहार बहू को ससुराल वालों के साथ एक मजबूत रिश्ता बनाने में मदद करेगा, खासकर दिवाली। त्योहार पर अपने ससुराल वालों का दिल जीतने के लिए कुछ आसान प्रयास करने होंगे, जो यहां बताए जा रहे हैं।



### परंपराओं में भागीदारी दिखाएं

त्योहारों पर ससुराल की परंपराओं और रीति-रिवाजों में सक्रिय भागीदारी दिखाएं। चाहे वह सजावट करना हो, पकवान बनाना हो या पूजा की तैयारी करनी हो, आपका उत्साह देखकर परिवार को खुशी होगी। यह न केवल आपकी इज्जत बढ़ाएगा बल्कि यह संदेश देगा कि आप रिश्तों को दिल से निभाना जानती हैं।

### मिलजुलकर जिम्मेदारियां निभाएं

त्योहार का समय घर के हर सदस्य के लिए व्यस्त होता है। ऐसे में अगर आप ससुराल के हर सदस्य का बोझ हल्का करने में मदद करती हैं तो यह आपके रिश्तों में विश्वास और सहयोग की भावना को मजबूत करेगा। मिलजुलकर जिम्मेदारियां निभाने से आप परिवार का अहम हिस्सा बन जाती हैं। सास, जेठानी या ननद से पूछें कि क्या उन्हें आपकी किसी मदद की जरूरत है। आप त्योहार को स्पेशल बनाने के लिए मिलकर क्या खास कर सकती हैं, इस पर भी विचार विमर्श करें।

### तोहफे और सरप्राइज दें

त्योहारों पर उपहार देना भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है। ससुराल वालों के लिए उनकी पसंद को ध्यान में रखकर छोटे-छोटे गिफ्ट या सरप्राइज तैयार करें। यह भावनात्मक जुड़ाव बढ़ाने का सबसे आसान और असरदार तरीका है।

### पर्व साथ मनाएं

अक्सर नई दुल्हन त्योहार के मौके पर अपने मायके को याद करती हैं और उनके साथ त्योहार मनाना चाहती हैं। वहीं कुछ महिलाएं अपने पति और बच्चों तक पर्व का उत्साह दिखाती हैं। लेकिन त्योहार पूरे परिवार के साथ एन्जॉय करना भी जरूरी है। सबको एक साथ खेल, गाने या डिनर पर शामिल करने का प्रयास करें। जब परिवार हंसी-खुशी एक साथ समय बिताता है, तो रिश्तों की दीवारें और भी मजबूत हो जाती हैं।

### सम्मान और संवाद बनाए रखें

रिश्तों की नींव हमेशा संवाद और सम्मान पर टिकी होती है। त्योहार का मौका इसका सबसे सुंदर उदाहरण होता है। बड़ों का आशीर्वाद लेना, उनकी बातें ध्यान से सुनना और परिवार में सकारात्मक माहौल बनाए रखना रिश्तों को गहरा बनाने का सबसे अहम मंत्र है। अपने हिसाब से सबकुछ करने के बजाय, परिवार के अन्य सदस्यों से बात करें और ससुराल की परंपराओं और रिवाजों का सम्मान करें। उनकी योजनाओं को भी शामिल करें। यह सब संवाद से ही संभव है।

# श्रीलंका ने भारत के खिलाफ खोल दिया मोर्चा

## विवादित कच्चाथीवू द्वीप पर अचानक पहुंचे राष्ट्रपति दिसानायके, दिल्ली को दी चुनौती

कोलंबो, 2 सितंबर (एजेंसियां)। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने विवादित कच्चाथीवू द्वीप की यात्रा कर एक बार फिर से तमिल राजनीति में तूफान ला दिया है। दिसानायके ने अचानक कच्चाथीवू द्वीप की यात्रा की है और उनके साथ श्रीलंका की नौसेना के कई अधिकारी मौजूद थे। रिपोर्ट के मुताबिक दिसानायके के कच्चाथीवू की अचानक यात्रा ने भारत को भी हैरान कर दिया है। दिसानायके ने उस वक्त इस द्वीप की यात्रा की है, जबकि अभिनेता से नेता बने विजय ने सार्वजनिक तौर पर भारत सरकार से इस द्वीप को श्रीलंका से वापस लेने की मांग की है। जिससे भारत और श्रीलंका के बीच विवाद शुरू होने की आशंका गहरा गई है।

कच्चाथीवू द्वीप पर भारत और श्रीलंका के बीच लंबे समय से विवाद रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत भारतीय मछुआरों को होती है, जिन्हें मछली पकड़ते वक्त श्रीलंका की नौसेना गिरफ्तार कर लेती है और बुरी तरह से टॉर्चर करती है। कई मछुआरों की मौत श्रीलंका की नौसेना के हिरासत में हो चुकी है। इसीलिए




तमिलनाडु के लिए कच्चाथीवू द्वीप हमेशा से बेहद संवेदनशील रहा है। ऐसे में श्रीलंकन राष्ट्रपति की यात्रा और एक्टर विजय की मांग से भारत और श्रीलंका के बीच तनाव उत्पन्न होने की आशंका बन गई है।

**कच्चाथीवू द्वीप क्यों गये श्रीलंका के राष्ट्रपति?**

श्रीलंकन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबित राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके कुछ प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करने के लिए जाफना प्रांत गये थे और उसके बाद उन्होंने अचानक कच्चाथीवू द्वीप जाने का फैसला किया। उनके साथ श्रीलंका नौसेना के कई अधिकारी मौजूद थे और उन्होंने तेज रफ्तार नाव से 285 एकड़ के इस द्वीप का निरीक्षण किया। वो इस द्वीप पर काफी देर तक मौजूद रहे, पैदल चले और द्वीप पर तैनात अधिकारियों से बातचीत की।

इस दौरान उन्होंने जोर देकर कहा कि कच्चाथीवू द्वीप श्रीलंका का अभिन्न अंग है और देश, किसी बाहरी दबाव के सामने अपनी संप्रभुता नहीं खोएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार किसी भी बाहरी प्रेशर के आगे नहीं झुकेगी और ये उनकी सरकार की जिम्मेदारी है कि वो इस द्वीप की रक्षा करे।

दूसरी तरफ एक्टर विजय ने भारत सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि सरकार मछुआरों की रक्षा करने में बुरी तरह से नाकाम रही है। उन्होंने कहा है कि करीब 800 से ज्यादा तमिल मछुआरों को श्रीलंका की सरकार ने काफी परेशान किया है। लेकिन दिसानायके ने कच्चाथीवू जाकर भारत को संदेश देने की कोशिश की है कि भारत सरकार के किसी भी कदम के खिलाफ वो दो दो हाथ करने के लिए तैयार हैं। विजय ने 21 अगस्त को कच्चाथीवू द्वीप को लेकर तमिलनाडु में केन्द्र सरकार के खिलाफ किए गये एक आंदोलन में हिस्सा लिया था।

आपको बता दें कि कच्चथीवू द्वीप, ऐतिहासिक रूप से रामनाथपुरम के राजाओं का हिस्सा था और ब्रिटिश राज के दौरान मद्रास प्रेसिडेंसी में ये शामिल था। लेकिन साल 1974 के भारत-श्रीलंका समझौते के तहत कच्चाथीवू द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया गया। इस द्वीप की संप्रभूता श्रीलंका को दे दी गई।

## बेल्जियम फिलिस्तीन को अलग देश की मान्यता देगा

### इजराइल पर 12 तरह के प्रतिबंध भी लगाएगा

ब्रुसेल्स, 2 सितंबर (एजेंसियां)। बेल्जियम ने फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता देने का ऐलान किया है। विदेश मंत्री मैक्सिम प्रीवोट ने मंगलवार को कहा कि इसी महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के सत्र के दौरान इसका ऐलान होगा। बेल्जियम ने कहा कि वे इजराइल पर सख्त प्रतिबंध भी लगाए जाएंगे, ताकि 'टु स्टेट सोल्यूशन' का रास्ता साफ हो सके। इस महीने संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस, कनाडा, ब्रिटेन जैसे देश फिलिस्तीन को मान्यता देने वाले हैं।

फिलिस्तीन को मान्यता देने की बढ़ती घोषणाओं से इजराइल नाराज है। बेल्जियम ने साफ किया है कि वह इजराइल पर 12 बड़े प्रतिबंध लगाएगा। इनमें उसकी बस्तियों से आने वाले उत्पादों के आयात पर रोक, इजराइली कंपनियों के साथ सार्वजनिक खरीद समझौतों की समीक्षा करना शामिल है। फिलिस्तीनी कई दशकों से इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक और गाजा में अपना स्वतंत्र राज्य चाहते हैं।

# ट्रंप की हत्या की कोशिश के आरोपी पर चलेगा मुकदमा

## अंतिम चरण में तैयारियां, अदालत में खुद करेगा पैरवी

वॉशिंगटन, 2 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश के आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमे की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आरोपी रयान राउथ मंगलवार को मुकदमे से पूर्व सुनवाई के दौरान अपनी पैरवी खुद करेगा। रयान पर पिछले साल फ्लोरिडा में ट्रंप की हत्या की कोशिश करने का आरोप है।

अगर किसी वजह से कोई देरी नहीं हुई तो सोमवार को फोर्ट पियर्स की संघीय अदालत में इस मामले के लिए जूरी के चयन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जुलाई में अमेरिकी जिला जज एली कैनन ने राउथ को खुद की पैरवी करने की अनुमति दी थी।

हालांकि, अदालत ने कहा कि सरकारी वकील मौजूद रहेंगे, ताकि जरूरत पड़ने पर राउथ की मदद की जा सके।

यह मुकदमा उस घटना के करीब एक साल बाद शुरू हो रहा है, जब अभियोजन पक्ष ने कहा था कि एक अमेरिकी सीक्रेट सर्विस एजेंट ने ट्रंप की हत्या की कोशिश को नाकाम किया। घटना के समय ट्रंप वेस्ट पाम बीच स्थित अपने कंट्री क्लब में गोल्फ खेल रहे ते। 59 वर्षीय रयान पर तब राष्ट्रपति पद के एक प्रमुख उम्मीदवार की हत्या की कोशिश, एक संघीय अधिकारी पर हमला और हथियारों से जुड़े कई आरोप लगाए गए। हालांकि, रयान ने इन आरोपों का दोषी न होने की दलील दी।

सरकारी वकीलों का कहना है कि रयान राउथ ने कथित तौर पर कई हफ्तों तक ट्रंप की हत्या की योजना बनाई थी। 15 सितंबर 2024 को उसने झाड़ियों के पीछे से ट्रंप पर राइफल तानने की कोशिश की, लेकिन उससे पहले ही एक सीक्रेट सर्विस एजेंट ने उसे देख लिया।

अधिकारियों के मुताबिक, रयान ने उस एजेंट की ओर राइफल तानी, जिसके जवाब में एजेंट ने गोली चलाई। गोली लगने से पहले ही रयान ने अपना हथियार गिरा दिया और मौके से भाग गया।

पुलिस को इस मामले में एक गवाह की मदद मिली, जिसने अधिकारियों को बताया कि उसने किसी व्यक्ति को भागते हुए देखा था। इसके बाद गवाह को हेलीकॉप्टर के जरिए पास के अंतर्राज्यीय राजमार्ग तक ले जाया गया, जहां रयान को गिरफ्तार किया गया। गवाह ने पुष्टि की कि वही व्यक्ति उसने भागते हुए देखा था।

रयान पहले नॉर्थ कैरोलिना में निर्माण कार्य करता था और हाल के वर्षों में हवाई में रहने चला गया था। वह खुद को 'भाड़े का सैनिकों' का नेता बताता था और दुनियाभर में जारी संघर्षों में शामिल होने की बात करता था। गवाहों ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि वह अक्सर खतरनाक और हिंसक योजनाओं की बातें किया करता था।

यूक्रेन युद्ध के शुरुआती दिनों में रयान ने कथित तौर पर अफगानिस्तान, मोल्डोवा और ताइवान से सैनिकों को रूस के खिलाफ लड़ने के लिए भर्ती करने की कोशिश की थी।

# अफगानिस्तान में फिर आया भूकंप, अबतक 1400 लोगों की मौत

## तालिबान ने दुनिया से मदद मांगी, भारत ने 15 टन खाने का सामान और 1000 टेंट भेजे



काबुल, 2 सितंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले अफगानिस्तान के जलालाबाद में रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था।

भूकंप से मरने वालों की संख्या अब तक 1411 हो गई है, जबकि घायलों का आंकड़ा 3250 से ज्यादा हो गया है। रविवार को जिस वक्त भूकंप आया तब ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। तालिबान ने इसकी जानकारी दी है।

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दुनियाभर से मदद मांगी हैं। इसके बाद भारत ने मदद के लिए 1000 टेंट काबुल भेजे हैं। साथ ही, 15 टन खाने का सामान काबुल से कुनार भेजा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने X पर लिखा कि भारत आगे भी राहत सामग्री भेजेगा। 2021 में तालिबान सरकार बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने अफगानिस्तान की मानवीय सहायता रोक दी थी।

# घरों में पानी भर लें, ये अल्लाह की रहमत है

## पाकिस्तान की बाढ़ पर रक्षा मंत्री ने दी नसीहत

इस्लामाबाद, 2 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में बाढ़ ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं, सैकड़ों गांव पानी में डूब गए हैं और राहत-बचाव कार्य तेजी से चल रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने विवादित बयान देते हुए कहा कि यह बाढ़ अल्लाह की देन है। उन्होंने हम पाकिस्तानियों पर अपनी रहमत दिखाई है। ये पानी उन्होंने हमें अपने लोगों को बचाने के लिए दिया है। लोगों को चाहिए कि वे इस पानी को सुरक्षित तरीके से घरों की बाल्टी-टब में जमा करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने के बजाय बाढ़ के पानी को टब और बाल्टियों में भरकर सुरक्षित रखना चाहिए। इसे अल्लाह की भेजी हुई रहमत बताते हुए उन्होंने लोगों से संयम बरतने की अपील की।



उनके इस बयान ने पाकिस्तान में बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। विपक्षी दलों ने इसे बेतुका और संवेदनहीन बताया है। पाकिस्तान के कई प्रांतों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। सैकड़ों गांव जलमग्न हो गए हैं और लाखों लोग राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हैं। खेती-बाड़ी को भारी नुकसान हुआ है और पशुधन बह जाने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ा है। आपदा प्रबंधन एजेंसियां लगातार राहत सामग्री पहुंचा रही हैं।

# ट्रम्प के सलाहकार बोले-मोदी को पुतिन-जिनपिंग के साथ देखना शर्मनाक

## उन्हें रूस के बजाय अमेरिका के साथ होना चाहिए यूएस वित्तमंत्री बोले- एससीओ बैठक दिखावा

वॉशिंगटन, 2 सितंबर (एजेंसियां)। ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और चीन के नेताओं के साथ नजदीकियों पर आपत्ति जताई है।

नवारो ने कहा कि मोदी का शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन के साथ खड़ा होना शर्मनाक है। उन्होंने सवाल उठाया कि पता नहीं मोदी क्या सोच रहे हैं, हमें उम्मीद है कि वे समझेंगे कि उन्हें रूस की बजाय हमारे साथ होना चाहिए।

इसके अलावा नवारों ने सोमवार को भारतीय ब्राह्मणों पर रूसी तेल खरीद कर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत के ब्राह्मण रूसी तेल से मुनाफा कमा रहे हैं, जिसकी कीमत पूरा भारत चुका रहा है।

नवारो ने कहा कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे यूक्रेन पर हमला करने के लिए पैसे दे रहा है। इसलिए सबसे ज्यादा टैरिफ झेल रहा है। इससे रूस और अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा



है, बल्कि आम भारतीयों को हो रहा है। यह बात उन्हें समझनी चाहिए।

नवारो ने भारत को 'रूस की धुलाई मशीन' कहा और आरोप लगाया कि भारत न सिर्फ व्यापार असंतुलन बढ़ा रहा है, बल्कि ऐसे गठजोड़ भी मजबूत कर रहा है, जो अमेरिका के हितों के खिलाफ हैं।

अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे मॉस्को की जंग मशीन को ताकत मिल रही है। उन्होंने भारत को बुरा खिलाड़ी करार दिया।

फॉक्स न्यूज से बातचीत में बेसेंट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया एससीओ बैठक को दिखावा बताया। हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत मजबूत लोकतंत्र हैं और मतभेद सुलझा सकते हैं।

सोमवार को चीन के तियानजिन में एससीओ की बैठक हुई। बैठक से पहले फोटो सेशन के दौरान भारतीय पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन एक साथ नजर आए।

तीनों नेताओं को एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए भी देखा गया। इसके अलावा पीएम मोदी द्विपक्षीय बातचीत के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन की कार में ही सवार होकर गए। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक गोपनीय बातचीत हुई।

इन तस्वीरों को ट्रम्प के खिलाफ तीनों देशों की एकजुटता के तौर पर पेश किया गया। बैठक में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ भी शामिल हुए।

इससे पहले भी नवारो ने ब्लूमबर्ग टीवी के इंटरव्यू में रूस-यूक्रेन जंग को मोदी की जंग बताया था। उन्होंने कहा था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे रिफाइन करता है और ऊंची कीमत पर बेचता है। इससे रूस को जंग के लिए पैसा मिलता है और वो यूक्रेन पर हमला करता है।

नवारो ने चेतावनी देते हुए कहा कि रूस और चीन के साथ भारत के बढ़ते संबंध दुनिया के लिए खतरा बन सकते हैं।

उन्होंने कहा- भारत तुम तानाशाहों के साथ मिल रहे हो। चीन ने अक्साई चिन और तुम्हारे कई इलाके पर कब्जा कर लिया। और रूस? जाने भी दो। ये आपके दोस्त नहीं हैं।

# चीन की नापाक चाल, पीएम मोदी के पहुंचते ही चैनलों पर दिखाई गई पीएल-15 मिसाइल

## राफेल के खिलाफ किया गया था इस्तेमाल

बीजिंग, 2 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस वक्त चीन में एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए उतर रहे थे, उस वक्त चीन के सरकारी टीवी चैनल सीसीटीवी पर एक खबर दिखाई जा रही थी। उस खबर में पीएल-15 मिसाइल के बारे में बताया जा रहा था। ये वही मिसाइल है, जिसे अमेरिका ने पाकिस्तान को भारत के खिलाफ संघर्ष से ठीक पहले दिया था। चीन और पाकिस्तान दावा करता है कि उसी मिसाइल से भारत के कुछ विमानों को निशाना बनाया गया था। ऐसे में सवाल ये हैं कि क्या ये महज इत्तेफाक है या फिर कोई गूढ़ इशारा है?

हालांकि जो वीडियो प्रसारित किया गया था, उसमें सिर्फ पीएल-15 मिसाइल की क्षमता के




बारे में बताया गया था और वीडियो में भारत पाकिस्तान संघर्ष का जिक्र नहीं किया गया था, लेकिन वीडियो दिखाने का समय क्या कोई सूक्ष्म संकेत का इशारा है? जियो-पॉलिटिक्स में नेताओं के हावभाव और समय काफी महत्व रखते हैं। जैसे ट्रंप के टैरिफ युद्ध के बीच मोदी का एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन का दौरा, जबकी यही चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने दिल्ली नहीं आए थे।

यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक 30 अगस्त को जैसे ही भारतीय प्रधानमंत्री मोदी तियानजिन पहुंचे, चीन के सरकारी सीसीटीवी ने अपनी पीएल-15 मिसाइल की क्षमताओं का विवरण देते हुए एक वीडियो जारी किया। देखने में साधारण लगने वाला यह वीडियो इस संवेदनशील क्षण में काफी महत्वपूर्ण था।

चीन की एक लोकप्रिय माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट, सोहू के एक ब्लॉग पोस्ट में लिखा गया है कि इसने न सिर्फ चीन की सैन्य-औद्योगिक क्षमता का प्रदर्शन किया, बल्कि इसने भारत को एक सूक्ष्म लेकिन शक्तिशाली संकेत भी दिया है, कि आत्मसंतुष्ट न हों, देश (चीन) की वास्तविक क्षमताएं आपकी (भारत) कल्पना से कहीं ज्यादा जटिल और चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं।

## प्रेमिका के लिए चलाई गोली, प्रेमी गिरफ्तार

पटना, 2 सितंबर (एजेंसियां)। पटना में प्रेमिका को लेकर उसके बॉयफ्रेंड और एक्स बीएफ में विवाद हो गया। 29 अगस्त को प्रेमी ने एक्स को गोली मार दी, जिसमें वो बुरी तरह से घायल हो गया। मंगलवार को पटना पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया है। साथ ही गोली मारने वाले आरोपी अभिषेक आनंद को गिरफ्तार कर लिया है। मामला रामकृष्ण नगर इलाके के भूपतिपुर है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन उसे घायल गौतम ने कॉल कर पटना कॉन्वेंट स्कूल के पास बुलाया था। इस दिन बाइक से अभिषेक अपनी गर्लफ्रेंड को लेकर पहुंचा था। दोनों के बीच खूब गाली-गलौज हुई। पहले तो अभिषेक अपनी गर्लफ्रेंड को उसके घर सिपारा छोड़ने गया और फिर उधर से पिस्टल साथ लेकर आया।

# पूर्व अमेरिकी एनएसए बोले- ट्रम्प अपना फायदा देख रहे

## पाकिस्तान पर मेहरबानी की वजह फैमिली बिजनेस, इसलिए भारत से रिश्ते बिगाड़े

वॉशिंगटन, 2 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन ने राष्ट्रपति ट्रम्प पर देश की बजाय अपना फायदा देखने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोमवार को एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि ट्रम्प ने पाकिस्तान से फैमिली बिजनेस के लिए भारत के साथ अमेरिका के रिश्तों को खराब किया है।

सुलिवन ने कहा कि ट्रम्प के फैसले का नुकसान पूरे देश को भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने अपने निजी फायदे के लिए भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ये ट्रम्प की विदेश नीति का वो पहलू है जिसे अभी तक नहीं उठाया गया।

उन्होंने कहा कि ट्रम्प, अमेरिका की विदेश नीति से अलग हटकर पाकिस्तान और सेना प्रमुख आसिम मुनीर को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि अमेरिका हमेशा से भारत के साथ अच्छे रिश्ते रखना चाहता है। भारत से अच्छे रिश्ते बनाने में अमेरिका को फायदा है।

जेक सुलिवन ने यूट्यूब चैनल मीडासटच से बातचीत में कहा कि अमेरिका कई सालों से भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत करने की कोशिश करता रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और अमेरिका को उसके साथ तकनीक, टैलेंट, आर्थिक मामलों और दूसरे कई मुद्दों पर मिलकर काम करना चाहिए। इसके साथ ही चीन के रणनीतिक खतरों से निपटने के लिए भी भारत के साथ साझेदारी जरूरी है। सुलिवन ने कहा कि भारत के साथ संबंधों को खत्म करने का ट्रम्प का कदम अपने आप में एक बहुत बड़ा रणनीतिक नुकसान है क्योंकि एक मजबूत अमेरिका-भारत संबंध हमारे हितों की पूर्ति करता है।

उन्होंने कहा कि अब दुनिया का कोई भी देश अमेरिका पर निर्भर नहीं रह सकता और स्थिति को देखेगा। पाकिस्तान में 14 मार्च 2025 को पाकिस्तान क्रिप्टो काउंसिल (पीसीसी) की स्थापना हुई थी। इसका मकसद देश को दक्षिण एशिया का क्रिप्टो हब बनाना था। अगले महीने 26 अप्रैल यानी कि पहलगाम हमले के सिर्फ 4 दिन बाद पीसीसी ने ट्रम्प परिवार से जुड़ी कंपनी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल के साथ एक समझौता किया था।

# हिंदुओं ने आध्यात्मिक चिंतन का उच्चतम स्तर विकसित किया

## पुतिन के गुरु ने अमेरिका को बताया, क्या है असली भारत?



मॉस्को, 2 सितंबर (एजेंसियां)। रूस के प्रोफेसर, राजनीतिक दार्शनिक और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के राजनीतिक गुरु अलेक्जेंडर डुगिन ने अमेरिका को भारत को लेकर बहुत बड़ी नसीहत दी है। उन्होंने ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों की तरह से भारत के खिलाफ जहर उगलने को लेकर फटकार लगाई है। उन्होंने कहा है कि हिंदुओं ने आध्यात्मिक चिंतन का उच्चतम स्तर विकसित किया है और उन्होंने भौतिकता पर विजय पाई है। आपको बता दें कि अलेक्जेंडर डुगिन भारत के प्रबल समर्थक रहे हैं और उन्होंने पिछले साल दिल्ली का भी दौरा किया था।

भारत दौरे के दौरान अलेक्जेंडर डुगिन ने मल्टीपोलर वर्ल्ड को लेकर कहा था कि कई चीजें भारत पर निर्भर करती हैं और यह देश एक महत्वपूर्ण संतुलनकारी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा था कि भारत चीन की रस्सियों और इस्लामी ध्रुव की क्षमता के बीच संतुलन बना रहा है। डुगिन को राष्ट्रपति पुतिन का दिमाग कहा जाता है और ये बयान उन्होंने पिछले साल 19 नवंबर को रूसी विज्ञान एवं संस्कृति केंद्र में ये बातें कही थीं।

अलेक्जेंडर डुगिन ने एक ट्वीट करते हुए कहा है कि भारतीय संस्कृति भौतिक जगत का खुलेआम तिरस्कार करती है। वे बस इसके अस्तित्व पर हंसते हैं। हिंदुओं ने आध्यात्मिक चिंतन का उच्चतम स्तर विकसित किया। इस बार भौतिकवादी पश्चिम की बारी आई है, हंसने और तिरस्कार करने की।

लेकिन जब भारतीयों को भौतिक जगत पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बाध्य किया जाता है, तो वे बाकी सभी पर विजय प्राप्त कर लेते हैं। आध्यात्मिकता सबसे बड़ी शक्ति है। सावधान! हिंदू आ रहे हैं। अलेक्जेंडर डुगिन का ये बयान उस वक्त आया है, जब ट्रंप प्रशासन लगातार भारत को निशाना बना रहा है।

# ग्रीस में घुसे तुर्की के फाइटर जेट

एथेंस, 2 सितंबर (एजेंसियां)। तुर्की के एफ-16 लड़ाकू विमानों ने ग्रीस की वायु सीमा में घुसपैठ की है। ये लड़ाकू विमान कई तरह के हथियारों से लैस थे। ऐसा माना जाता है कि तुर्की ने यह कदम ग्रीस को उकसाने के लिए उठाया था। लड़ाकू विमानों के घुसपैठ की यह घटना 1 सितंबर की है। इस दौरान तुर्की के एफ-16 लड़ाकू विमानों ने एथेंस की वायु सीमा में प्रवेश किया। यह पिछले 30 महीनों में तुर्की की ओर से की गई पहली हवाई घुसपैठ थी। तुर्की और ग्रीस में भूमध्य सागर और एजियन सागर के द्वीपों को लेकर पुराना विवाद है। इस कारण दोनों देश नाटो सदस्य होते हुए भी कई बार युद्ध के करीब आ चुके हैं। ग्रीस को भारत का करीबी देश माना जाता है, वहीं तुर्की खुलकर पाकिस्तान का समर्थन करता है।

**ग्रीस के लड़ाकू विमानों को देख भागे तुर्की के एफ-16**

हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ (जीईईटीएचए) के अनुसार, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस तुर्की F-16 विमानों ने बिना उड़ान योजना के एथेंस के फ्लाइट आइडेंटिफिकेशन रेंज में प्रवेश किया। ग्रीस ने इसे हवाई यातायात नियमों का उल्लंघन माना और तुरंत अपने लड़ाकू विमानों को रवाना किया। तुर्की के एफ-16 विमानों ने ग्रीस के लड़ाकू विमानों को आता देख अपना रास्ता बदल लिया और वापस अंतरराष्ट्रीय वायु क्षेत्र में चले गए। ग्रीस ने दावा किया है कि इस दौरान उसकी हवाई सीमा का कोई उल्लंघन नहीं हुआ।

रिपोर्ट के अनुसार, तुर्की के एफ-16 विमानों ने दक्षिण-पूर्वी एजियन सागर में रोड्स और कास्टेलोरिजो के पास से ग्रीस में घुसपैठ की थी। इस दौरान तुर्की के लड़ाकू विमानों ने 3-4 मिनट तक उड़ान भरी, जिसके बाद यूनानी वायु सेना (जीईईटीएचए) के लड़ाकू विमानों ने उन्हें रोक लिया। इसके अतिरिक्त, एक तुर्की एटीआर-72 विमान और एक सैन्य हेलीकॉप्टर भी उसी दिन बिना अनुमति के ग्रीस की वायु सीमा के बिलकुल करीब उड़ान भरी। इस क्षेत्र में किसी भी पूर्व-निर्धारित तुर्की सैन्य अभ्यास की सूचना नहीं मिली है। तुर्की के लड़ाकू विमानों की ग्रीस के हवाई क्षेत्र में आखिरी घुसपैठ फरवरी 2023 में दर्ज की गई थी। तब से एजियन सागर में तुर्की वायु सेना की गतिविधियां काफी कम हो गई हैं। कभी-कभार ही तुर्की के मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) और हेलीकॉप्टरों की आवाजाही दर्ज की जाती है। तुर्की और ग्रीस में एजियन सागर में स्थित द्वीपों को लेकर विवाद है। दोनों देश इन द्वीपों पर अधिकार को लेकर कई बार आमने-सामने भी आ चुके हैं। ये द्वीप और उसके आसपास के क्षेत्र तेल और गैस से भरे हुए हैं। इसके अलावा ये समुद्री परिवहन और फिशिंग के लिए भी एक महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं।

# शंकराचार्य बोले- गणेश प्रतिमाओं में किसी और को दिखाना पाप

## कहा–मूर्तिकार भी दोषी, रायपुर में हिंदू संगठन बोले– छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं, मूर्तियों का तुरंत विसर्जन करें

रायपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायपुर में गणेश प्रतिमाओं के स्वरूप में बदलाव को लेकर सर्व हिंदू समाज ने नाराजगी जताई है। इसके विरोध में सोमवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई। इस पर ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि, प्रतिमा में किसी और को दिखाना पाप है। मूर्तिकार भी दोषी है।



शास्त्रों के अनुसार, सभी देवी-देवताओं के रूप पहले से निर्धारित हैं, जिनमें मनमाने बदलाव की अनुमति नहीं है। परमात्मा को हर जगह देखा जा सकता है, लेकिन किसी नश्वर व्यक्ति को भगवान की प्रतिमा में दिखाना अपमानजनक है। ऐसे प्रयोग रचनात्मकता नहीं, बल्कि धार्मिक विकृति हैं। ऐसी मूर्तियां बनाने वाले कलाकार भी पाप के भागी हैं।

सर्व हिंदू समाज नीलकंठ महाराज और विश्वदिनी पांडेय ने कहा कि, रायपुर में कुछ जगहों पर गणपति प्रतिमाओं को पारंपरिक स्वरूप से हटकर कार्टून या क्यूट अंदाज में प्रस्तुत किया गया है।

भगवान के इस रूप को देखकर बच्चों और युवाओं में खराब छवि बन रही है। ऐसे आयोजनों से धार्मिक आयोजन की पवित्रता प्रभावित हो रही है।

संगठन ने कहा कि, जिन पंडालों में स्वरूप में बदलाव वाली प्रतिमाएं स्थापित हैं, उनका तुरंत विसर्जन कराया जाए। समितियों पर दंडात्मक कार्रवाई हो।

अगर प्रशासन जल्द कदम नहीं उठाएगा तो समाज उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगा।

# ज्वैलरी शॉप से 20 लाख के गहने और कैश चोरी

## शटर का ताला तोड़ दुकान में घुसे चोर, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

हजारीबाग, 2 सितंबर (एजेंसियां)। हजारीबाग में सोमवार देर रात ज्वैलरी शॉप से चोरों ने करीब 20 लाख रुपए के गहने और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना बरकट्ठा में बैंक ऑफ इंडिया के पास स्थित ज्योति ज्वेलर्स में हुई। शॉप में लगे सीसीटीवी में पूरी वारदात कैद हो गई है।

चोरों ने शटर और ग्रिल में लगे ताला को तोड़ा और फिर शॉप के अंदर घुसकर चोरी को अंजाम दिया। शॉप में रखे लॉकर को तोड़ चोरों ने सोने-चांदी के गहने और नगदी चुरा लिए। घटना की सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

दुकान के मालिक संजय सोनी ने बताया कि रोजाना की तरह वे रात 8 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह मकान मालिक से चोरी की सूचना मिलने पर वो दुकान पहुंचे, तो देखा शटर का ताला टूटा हुआ था। चोरों ने शॉप




में रखा हाई सिक्योरिटी लॉकर भी तोड़ दिया था।

चोरों ने सीसीटीवी कैमरे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन पूरी वारदात कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। इधर, घटना की सूचना के बाद बरकट्ठा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बरही अनुमंडल के एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच शुरू कर दी है। वहीं, क्षेत्र के स्वर्ण व्यवसायियों में चिंता का माहौल है। हाल के दिनों में चोरी की यह तीसरी घटना है, जिसमें ज्वेलर्स को निशाना बनाया गया है। व्यवसायियों ने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# मुखबिरी करने वालों को ऐसे ही मौत की सजा मिलेगी

## दो ग्रामीणों की हत्या के बाद नक्सलियों ने फेंके पर्चे, गांव में दशहत

सुकमा, 2 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी है। दो हत्याओं के बाद गांव में दहशत का माहौल है। नक्सलियों ने पुलिस की मुखबिरी करने के शक में ग्रामीणों की हत्या की है। हत्या की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

हादसे की जानकारी पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में केरलापाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिरसेटी गांव में नक्सलियों द्वारा दो ग्रामीणों की हत्या किए जाने की सूचना मिली है। उन्होंने कहा, "पुलिस सूचनाओं की पुष्टि कर रही है तथा इस संबंध में आगे की जरूरी कार्रवाई कर रही है। घटना का विवरण बाद में साझा किया जाएगा।'



नक्सलियों ने 2 ग्रामीणों की धारदार हथियार से हत्या की है उन पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया है। मरने वालों के नाम पदाम पोज्जा और पदाम देवेंद्र बताया गया है। माओवादियों की केरलापाल एरिया कमेटी दरभा डिवीजन ने दोनों ग्रामीणों की हत्या करने की जिम्मेदारी ली है। शव के पास से नक्सली पर्चे मिले हैं जिसमें दोनों पर 2022 से मुखबिरी करने का आरोप लगाया गया है। नक्सलयों द्वारा फेंक गए पर्चे में लिखा है- गद्दारी के कारण मौत की सजा। 10 अप्रैल को को पुलिस को सूचना देकर हमें नुकसान पहुंचाने की कोशिश किए हैं। 2022 में मुखबिर का काम कर रहा है। इसके साथ ही लिखा है इनके जैसे मुखबिर व जनविरोधी काम करने वालों को ऐसी मौत की सजा मिलेगी।

सुकमा सहित सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में इस साल अब तक माओवादी हिंसा में लगभग 35 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य के बीजापुर में नक्सलियों ने 29 अगस्त को एक 'शिक्षादूत' (सरकारी स्कूलों में अस्थायी अतिथि शिक्षक) का अपहरण कर हत्या कर दी थी।

# मिहिजाम में नाली से मिला नवजात

## बारिश के बाद बच्चे की रोने की आई आवाज, लोगों की तत्परता से बची जान

जामताड़ा, 2 सितंबर (एजेंसियां)। जामताड़ा जिले के मिहिजाम के कृष्णा नगर इलाके में मंगलवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब हल्की बारिश के बाद स्थानीय लोगों ने नाली से बच्चे के रोने की आवाज सुनी। आवाज सुनते ही लोग इकट्ठा हो गए। किसी अनहोनी की आशंका के बीच जब लोगों ने नाली के अंदर झांका तो वहां एक नवजात शिशु दिखाई दिया। लोगों ने बिना देर किए इसकी सूचना मिहिजाम पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मिहिजाम थाना प्रभारी विवेकानंद दूबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। नाजुक हालात को देखते हुए उन्होंने खुद सावधानी से बच्चे को नाली से बाहर निकाला। बच्चे के सुरक्षित मिलने के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। थाना प्रभारी ने तत्काल ही शिशु को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने बच्चे की जांच की। जांच में पाया गया कि बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है और उसे किसी तरह की गंभीर चोट नहीं आई है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कलेक्टोरेट पर प्रदर्शन

## शासकीय कर्मचारी का दर्जा और 25 हजार मासिक वेतन की मांग, एक घंटे तक लगा जाम

बिलासपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। बिलासपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने आज दोपहर कलेक्टोरेट का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने की मांग रखी। कलेक्टोरेट के सामने किए गए प्रदर्शन से करीब एक घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा।

छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की बिलासपुर जिला शाखा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ का कहना है कि 50 वर्षों से सेवाएं देने के बाद भी उन्हें न कर्मचारी का दर्जा मिला है और न ही श्रमिक का। न्यूनतम मजदूरी, पेंशन, ग्रेच्युटी, समूह बीमा और चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि अक्टूबर 1975 से आईसीडीएस की स्थापना के बाद से वे केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा रही हैं। देश भर में इनकी संख्या 27 लाख है।

संघ ने कार्यकर्ताओं के लिए 25



हजार और सहायिकाओं के लिए 22,100 रुपए मासिक वेतन की मांग की है। साथ ही उन्होंने शिक्षाकर्मी और पंचायत कर्मी की तरह कार्यकर्ताओं को तृतीय श्रेणी और सहायिकाओं को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग की है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ ने छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव, जिला कार्यक्रम अधिकारी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कई प्रमुख मांगें रखीं। ज्ञापन में कार्यकर्ताओं के लिए 10,000 रुपए और सहायिकाओं के लिए 8,000 रुपए मासिक पेंशन की मांग की गई है।

इसके साथ ही, कार्यकर्ताओं को 5 लाख रुपए और सहायिकाओं को 4 लाख रुपए एकमुश्त ग्रेच्युटी प्रदान करने की मांग भी की गई। संघ ने सेवा के दौरान मृत्यु होने की स्थिति में परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग भी उठाई है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक पदुम सिंह एल्मा ने सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघों को विभाग द्वारा कोई आधिकारिक मान्यता प्राप्त नहीं है। उन्होंने बताया कि ऐसे संघों द्वारा बार-बार ऐसी मांगें की जाती हैं जो योजना प्रावधानों के अंतर्गत पूरी किया जाना संभव नहीं है। इसके चलते ज्ञापन, हड़ताल, धरना और रैली जैसी गतिविधियों से विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा आती है और पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने में कठिनाई होती है।

संचालक ने निर्देशित किया है कि यदि किसी संघ के प्रतिनिधि, कार्यकर्ता या सहायिका द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन या योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न होती है, तो उनके विरुद्ध नियुक्ति निर्देशों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए।

# लातेहार में जेजेएमपी का एक उग्रवादी गिरफ्तार

लातेहार, 2 सितंबर (एजेंसियां)। लातेहार में पुलिस ने जेजेएमपी के एक उग्रवादी गणेश गंझू को गिरफ्तार किया है। वह केईसी इंटरनेशनल कंपनी के मजदूरों से मारपीट और आगजनी घटना में शामिल रहा है। बालूमाथ एसडीपीओ बिनोद रवानी ने बताया कि एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के गोलीटांड़ में कुछ उग्रवादी बड़ी घटना की योजना बना रहे हैं। इस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और छापेमारी दल गठित किया।

सर्च अभियान के दौरान गोलीटांड़ के पास से गणेश गंझू को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने कबूल किया कि 2 अगस्त को भाट चतरा में केईसी इंटरनेशनल कंपनी के मजदूरों से मारपीट की थी। साथ ही गोलीटांड़ में दो हाइवा में आग लगाने और फायरिंग में भी शामिल था।

गणेश गंझू का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है। वह पहले माओवादी, टीपीसी और जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य रह चुका है। विभिन्न थानों में उस पर नौ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# हॉट मिक्स प्लांट में लगी भीषण आग

## ट्रक समेत लाखों का सामान जला, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू



कोडरमा, 2 सितंबर (एजेंसियां)। कोडरमा जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक हॉट मिक्स प्लांट में आग लग गई। मुर्क्रमनाई पंचायत के बरियारडीह स्थित बिरहोर टोला के पास स्थित इस प्लांट में एक ट्रक सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

पिछले 5 वर्षों से संचालित यह प्लांट कोडरमा और आसपास के क्षेत्रों में बन रही सड़कों के लिए मटेरियल तैयार करता है।

प्लांट में तारकोल और अन्य सड़क निर्माण सामग्री को मिक्स किया जाता है।

घटना सोमवार को तब हुई जब टैंकर से अलकतरा को एलडीओ नामक तेल में मिक्स करने के लिए आग जलाई गई। ट्रक का उपचालक आग जलाकर चला गया। कुछ देर बाद आग अलकतरा और एलडीओ के संपर्क में आ गई। इससे आग ने विकराल रूप ले लिया और प्लांट में रखा सारा सामान जल गया।

आग लगते ही प्लांट के कर्मचारी मौके से भाग गए। मरकच्चो के अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी तुरंत मौके पर पहुंचे। अग्निशमन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस अग्निकांड में प्लांट को 50 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है।

# रायपुर में गौ-माता की जय बोलकर युवक ने उंगली काटी

## बोला–गाय को 'राज्य माता' घोषित करे सरकार, मुंगेली में कारोबारी ने बछड़े को कार से कुचला

रायपुर/मुंगेली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। रायपुर में एक युवक ने चापड़ से खुद के हाथ की उंगली काट ली। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। युवक ऐसा करने से पहले बार-बार गौ माता की जय का नारा लगाता है। कहता है कि गौ-माता को इंसाफ नहीं मिल रहा, अब हमें बलिदान देना पड़ेगा।

चापड़ से अपनी उंगली काटने के बाद कहता है कि सरकार नहीं सुधरेगी और हमारी मां (गाय) की हत्या होती रहेगी।

वीडियो डीडी नगर थाना क्षेत्र के सुंदर नगर इलाके का बताया जा रहा है। युवक की पहचान आदेश सोनी के रूप में हुई है। युवक ने कहा कि सरकार गौ माता को राज्य माता घोषित करे।

वहीं मुंगेली जिले में एक कार



चालक ने गाय के बछड़े को कुचल दिया। मामला जरहागांव थाना क्षेत्र के बरेला का है। बछड़े को रौंदने का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने आरोपी कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है।

रायपुर के वीडियो में युवक धारदार चापड़ (नारियल छीलने वाला बड़ा चाकू) जैसी वस्तु से अपनी उंगली पर वार करता नजर आ रहा है। खून निकलने के बावजूद वह बार-बार गौ माता जय चिल्लाता है और घायल उंगली को कैमरे के सामने दिखाता है।

वीडियो में युवक यह कहते सुना जा सकता है कि हमारी गौ माता को इंसाफ नहीं मिल रहा है, अब हमें बलिदान देना पड़ेगा। युवक का नाम आदेश सोनी है। उसने कहा कि राज्य सरकार गौ माता को राज्य सरकार घोषित करे।

गणेश उत्सव के दौरान सड़क पर हुई इस घटना से लोग डरे हुए हैं। किसी तरह का विवाद न हो, इसे देखते हुए रायपुर एसएसपी ने अधिकारियों को संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने और लगातार पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए हैं।

# 50 रुपए के विवाद में दोस्त ने कर दी हत्या

गिरिडीह, 2 सितंबर (एजेंसियां)। गिरिडीह पुलिस ने अनाउल अंसारी (30) के हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बेंगाबाद थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात अनाउल की हत्या उसके दोस्त मकसूद अंसारी ने की थी। पुलिस ने उसे सोमवार को अशगन्दों जंगल से धर दबोचा। हत्या 50 रुपए के विवाद में की गई थी। मकसूद से अनाउल ने 200 रुपए उधार लिए थे। उसने 150 रुपए वापस भी कर दिए थे पर बकाया 50 रुपए मांगने को लेकर दोनों के बीच झगड़ा इतना बढ़ गया कि बात हत्या तक पहुंच गई। यह जानकारी एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने मंगलवार को दी। एसडीपीओ ने बताया कि 31 अगस्त की शाम बकाया 50 रुपए मांगने को लेकर अनाउल अंसारी और मकसूद अंसारी के बीच विवाद हुआ था।

# बिलासपुर में फर्जी ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट कांड

## तीनों फर्जी प्रमाण पत्र में अलग-अलग सील, तहसीलदार का साइन भी फर्जी, छात्राओं से दोबारा मंगाए गए दस्तावेज



बिलासपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। बिलासपुर में फर्जी ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट के जरिए एमबीबीएस में एडमिशन का मामला अब गहराने लगा है। भाजपा नेता की भतीजी समेत जिन तीन छात्राओं को प्रमाण पत्र जारी किया गया है, उसमें अलग-अलग सील लगा है। वहीं, तीनों में तहसीलदार का साइन भी मिस मेच हो रहा है। जबकि जिस समय सर्टिफिकेट जारी किया गया, उस समय एक ही तहसीलदार पदस्थ रही हैं।

तहसीलदार और एसडीएम ने जारी प्रमाणपत्रों को फर्जी बताकर रिपोर्ट चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के साथ ही कलेक्टर को भेज दी है। दूसरी तरफ अब बिलासपुर के तहसील कार्यालय से जारी इन प्रमाणपत्रों की गहन जांच की जा रही है। आवेदक और उसके अभिभावकों ने दावा किया है कि उन्होंने प्रकरण के लिए दस्तावेज जमा किए थे, जो गायब हो गया है। वहीं, तहसीलदार के नाम से जारी सर्टिफिकेट में अलग-अलग सील का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही तहसीलदार का साइन भी गलत है। ऐसे में आवेदकों ने दस्तावेज प्रस्तुत किया है। फिर भी सर्टिफिकेट को सही नहीं माना जा सकता। क्योंकि ऐसे प्रमाणपत्र में केवल एक ही तरह का सील-मुहर का इस्तेमाल किया जाता है।

अब तहसील कार्यालय में उनके दस्तावेज गायब होने के बाद सोमवार को सभी आवेदकों से दोबारा दस्तावेज मंगाया गया। फिर गहन छानबीन की गई। इस दौरान परिजनों ने बयान दिया कि उन्होंने नियमों के तहत ही प्रमाणपत्र हासिल किया है।

इसके लिए ऑनलाइन आवेदन भी जमा किया था। इस दौरान उन्होंने यह भी जोड़ा कि सील या हस्ताक्षर में बदलाव कार्यालय के भीतर हुआ होगा, जिसकी जानकारी उन्हें नहीं है न ही इसके लिए वो जिम्मेदार हैं।

दूसरी तरफ तहसील कार्यालय में प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगा हैं। आवेदकों ने जब ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया है तो उसका रिकार्ड कहां है, उसे गायब करने में किसकी भूमिका है। जांच समिति अब आवेदकों के ऑनलाइन डेटा और कार्यालय की फाइलों के बीच मेल बिठाने में जुट गई है।

# झारखंड के 11 जिलों में बारिश

## बंगाल की खाड़ी में बन रहा लो प्रेशर एरिया, 5 सितंबर तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश

रांची, 2 सितंबर (एजेंसियां)। सोमवार की रात से झारखंड के कई शहरों का मौसम बदला। तेज हवा और आकाशीय बिजली चमकने के साथ जोरदार बारिश हुई। मौसम में यह बदलाव सुबह तक जारी रहा। राजधानी रांची सहित हजारीबाग, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, रामगढ़ सहित 11 से अधिक जिलों में बारिश हुई।

इन 11 जिलों में से कइयों में बारिश का दौर जारी है। रुक-रुक कर बारिश हो रही है। प्रदेश के 24 में से आधे से अधिक जिले में घने काले बादल छाए हुए हैं। मौसम का यह मिजाज बता रहा है कि आज दिन भर बारिश का क्रम जारी रहने वाला है।

दरअसल बंगाल की खाड़ी के उत्तरी भाग और मध्य खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जो ओडिशा से होकर गुजरेगा। इससे झारखंड में 2 से 5 सितंबर तक बादल छाए रहेंगे। कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 2 सितंबर को राज्य के दक्षिणी एवं निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर बारिश होने की संभावना है। 30-40 किमी. की तेज रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

4 और 5 सितंबर को भी स्थिति समान रहेगी। अब तक राज्य में 1012.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से 27 प्रतिशत अधिक है। वही, रांची जिलें में 1288.7 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से 56% अधिक है।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में दो निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। 15 सितंबर के बाद एक सिस्टम बन सकता है। इसका असर पूजा पर पड़ेगा। इस बार अक्टूबर के मध्य में मानसून विदा होने की संभावना है। ऐसे में माना जा रहा है कि 15 अक्टूबर तक बारिश होगी।

# बिहार जा रही शराब से भरी दो गाड़ियां पकड़ी गई

गिरिडीह, 2 सितंबर (एजेंसियां)। गिरिडीह में पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान बिहार ले जाई जा रही अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने स्कॉर्पियो और हुंडई एक्सेंट से कुल 829 बोतल शराब बरामद की। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 2 लाख रुपए है।

पहला आरोपी बोकारो के हरला थाना क्षेत्र निवासी रोहन कुमार (25) है। दूसरा आरोपी गिरिडीह के जमुआ थाना क्षेत्र निवासी मो. फैजान (22) है।

# वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

## गोड्डा पुलिस ने भागलपुर से 4 आरोपी पकड़े, 8 चोरी की बाइक बरामद

गोड्डा, 2 सितंबर (एजेंसियां)। गोड्डा में पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। ललमटिया पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान डकैता के सिद्धू कानू चौक पर एक बाइक चालक को रोका और कागजात की मांग की, चालक वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया।

पूछताछ में चालक की पहचान भागलपुर के सुंदर पुर निवासी मोहम्मद तालिबान के रूप में हुई। इसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर और तीन लोगों को 7 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गोड्डा पुलिस अधीक्षक



मुकेश कुमार के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया था।

पुलिस ने भागलपुर के पीरपैंती थाना क्षेत्र में कार्रवाई की। स्थानीय पुलिस की मदद से तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें गुफरान खान, मोहम्मद जाहिद उर्फ मांगन और पप्पू पासवान शामिल हैं। चारों आरोपियों के पास से कुल 8 चोरी की बाइक बरामद की गईं। महागामा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद के अनुसार, गिरोह का मुख्य मकसद हटिया और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों से डुप्लीकेट चाबी या हैंडल तोड़कर बाइक चोरी करना था। चोरी की बाइक कम कीमतों में बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में बेची जाती थीं। पुलिस लगातार जिले में एंटी क्राइम चेकिंग के साथ अवैध तस्करी, मादक पदार्थ, अवैध हथियार और चोरी की बाइक पर रोकथाम के लिए अभियान चला रही है।

# क्या है 14 गांठ वाली अनंत की कहानी ?



अनंत चतुर्दशी का व्रत हर साल मनाया जाता है। इस अवसर पर बाजार में अनंत के नए-नए डिजाइन दिखने लगे हैं। पूर्णिया के पंडित मनोतपल झा के अनुसार, इस बार यह व्रत उदया तिथि के आधार पर 6 सितंबर, 2025 को मनाया जाएगा। मिथिला पंचांग के अनुसार चतुर्दशी तिथि 5 सितंबर की रात्रि में लगभग 1:06 बजे (मध्यरात्रि) प्रारंभ होगी। चूंकि यह तिथि 6 सितंबर को पूरे दिन रहेगी, इसलिए उदया तिथि के नियमानुसार अनंत चतुर्दशी का व्रत और पूजा 6 सितंबर को ही की जाएगी।

यह व्रत भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की आराधना के लिए समर्पित है। इस पूजा में एक विशेष डोरी (अनंत) में 14 गांठें लगाई जाती हैं, जो भगवान विष्णु के 14 अवतारों का प्रतीक हैं। इन गांठों पर उनके विभिन्न नामों का उच्चारण करते हुए इस अनंत को हाथ की बांह पर पहना जाता है। इन 14 नामों का संबंध 14 लोकों से भी माना जाता है। भगवान विष्णु के ये 14 नाम हैं: अनंत, ऋषिकेश, पद्मनाभ, माधव, वैकुंठ, श्रीधर, मधुसूदन, वामन, त्रिविक्रम, केशव, नारायण, दामोदर, गोविंद और हृषीकेश। इस दिन सुख, शांति, धन और समृद्धि की कामना के लिए भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और नारायण रूप (ॐ नमो नारायणाय) की आराधना विशेष लाभकारी मानी गई है।

**अनंत चतुर्दशी व्रत से जुड़ी यह है मान्यताएं**

अक्सर आपने देखा होगा कि इस व्रत में अनंत भगवान को एक खीरा में बांध करके और दूध, दही, घी, मधु, शक्कर का जो पंचामृत बनाया जाता है उसमें इसे मिलाया और ढूंढा जाता है कहा जाता है कि क्या खोज रहे हैं।।अनंत भगवान को।।मिला नहीं।।नहीं।।नहीं...हां।।हां मिला। वहीं यह परम्परा समुद्र मंथन से जुड़ी है। ऐसे में उन्होंने कहा कि इस समुद्र मंथन में देवताओं और रक्षा के द्वारा समुद्र मंथन किया गया था जिसमें अमृत और विष के कलश निकले थे। अमृत के कलश भगवान विष्णु के हाथों फिर विष कलश महादेव ने पिया।

फिर उसके बाद संसार की खुशहाली शुरू हुई। सदियों से अनंत चतुर्दशी व्रत की परंपरा चलती आ रही है। भगवान विष्णु इस दिन अनंत रूप में प्रकट होकर अपने हाथों से भक्तों की रक्षा किए थे।

इसलिए इस दिन चलो आनंदी चतुर्दशी व्रत करते आ रहे हैं जबकि कई लोग अनंत पूजा के दिन अनंत अपनी बाहों में बांधने के बाद मांस मछली का सेवन नहीं करते हैं। हालांकि,14 दिनों के बाद नदी में प्रभावित कर आप सेवन कर सकते हैं।



# भूलकर भी न लें ऐसा मोबाइल नंबर, जिसका अंतिम अंक हो जीरो

मोबाइल न्यूमरोलॉजी में मोबाइल नंबर का हर अंक महत्वपूर्ण होता है, लेकिन इसमें भी अंतिम नंबर काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। बहुत से लोग मोबाइल नंबर के अंत में 0 या कई 0 अंक वाला नंबर लेते हैं। कई बार लोग वीआईपी नंबर के चक्कर में ऐसा करते हैं तो कई बार लोग अनजाने में ऐसा नंबर ले लेते हैं, जिसका अंतिम अंक 0 होता है। यदि आपके भी मोबाइल नंबर का अंतिम अंक 0 है तो आपको मोबाइल न्यूमरोलॉजी की मदद से जानना चाहिए कि इसका क्या प्रभाव होता है। मोबाइल न्यूमरोलॉजी में मोबाइल नंबर का अंतिम **अंक 0 को सामान्यत: अच्छा नहीं माना जाता है।**

मोबाइल नंबर का अंतिम अंक 0 का मतलब अंक ज्योतिष में 1 से लेकर 9 तक के अंक महत्वपूर्ण हैं, लेकिन 0 के भी कई मायने हैं। अगर देखा जाए तो 0 का अर्थ है ब्रह्मांड। 0 का अर्थ धरती से भी है। कहा जाता है कि 0 में अगर आप कुछ भी ऐड करेंगे तो उसका रिजल्ट 0 ही आता है। 0 में आप जो भी अपना प्रयास डालेंगे, उसका परिणाम 0 निकलता है।

मोबाइल न्यूमरोलॉजी के अनुसार, किसी भी मोबाइल नंबर के अंतिम 4 अंकों में 0 नहीं आना चाहिए। यह 0 आपके सभी प्रयासों पर पानी फेर देने वाला हो सकता है। मोबाइल नंबर के अंतिम 4 अंक में कहीं पर भी 0 नहीं होना चाहिए या मोबाइल नंबर का अंतिम अंक 0 नहीं होना चाहिए।

जिन लोगों के मोबाइल नंबर का अंतिम अंक 0 होता है, उनके पास कॉल्स आएंगी। काम के संदर्भ में बातें भी होंगी, लेकिन उसका पूरा परिणाम जीरो निकलेगा। यदि यह बिजनेस से जुड़ा मोबाइल नंबर है तो इसे तुरंत बदल देना चाहिए। आपके पास आपके ग्राहकों के फोन आएंगे, लेकिन वो आपको ऑर्डर नहीं देंगे। बिजनेस से जुड़ी बातें होंगी, लेकिन वह डील फाइनल नहीं होगी, उसमें काफी अड़चने भी आ सकती हैं।

यदि आपके मोबाइल नंबर में 1 बार 0 आता है तो चलेगा, 2 बार आता है तो चलेगा, लेकिन इससे अधिक बार नहीं आना चाहिए और मोबाइल नंबर के अंत में या अंत 4 नंबर में तो गलती से भी नहीं आना चाहिए। 0 होने की वजह से आप सामने वाले व्यक्ति से सही से जुड़ी ही नहीं पाएंगे। कॉल करने वाला कुछ कहेगा और आप कुछ कहेंगे। ये भी हो सकता है कि सामने वाला व्यक्ति क्या कहना चाहता है, उसकी बातों को आप समझ ही नहीं पाते। लास्ट में जीरो सीरीज वाले मोबाइल नंबर्स पर काम नहीं हो पाता है।

मोबाइल न्यूमरोलॉजी में आपकी जन्म तिथि के आधार पर बनाया गया मूलांक और भाग्यांक भी महत्वपूर्ण होता है। आपके मूलांक और भाग्यांक से आपका मोबाइल नंबर मैच करना चाहिए। यदि वह मैच नहीं करता है तो आपके लिए वह फायदेमंद साबित नहीं होगा। कई बार लोग अपने मोबाइल के लिए अंतिम में 4 जीरो वाला नंबर लेते हैं, लेकिन इसका भी आपके भाग्यांक और मूलांक से मैच होना चाहिए, नहीं तो यह आपको परिणाम 0 ही देगा। ऐसे नंबर के 0 आपके लिए नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करेंगे।

# परिवर्तिनी एकादशी:दशमी की रात से शुरू हो जाता है व्रत का नियम



भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को परिवर्तिनी और जलझूलनी एकादशी कहा जाता है, इस दिन भगवान विष्णु के वामन अवतार की विशेष पूजा करनी चाहिए। इस बार ये व्रत 3 सितंबर, बुधवार को है। मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीहरि योगनिद्रा में करवट बदलते हैं, इसलिए इस व्रत को परिवर्तनी एकादशी कहते हैं।

परिवर्तिनी एकादशी का अर्थ है – परिवर्तन की एकादशी। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, इस तिथि पर भगवान विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा में रहते हुए करवट बदलते हैं, जिससे सृष्टि के संचालन में एक नवीन ऊर्जा का संचार होता है। कुछ क्षेत्रों में इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद होने वाली सूर्य पूजा का आयोजन भी होता है।

**ऐसे कर सकते हैं परिवर्तिनी एकादशी का व्रत**

परिवर्तिनी एकादशी व्रत दशमी तिथि (2 सितंबर) की रात से ही शुरू हो जाता है। दशमी तिथि की रात ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए।

एकादशी (3 सितंबर) को ब्रह्म मुहूर्त में उठें और स्नान के बाद भगवान विष्णु की मूर्ति अथवा चित्र के सामने बैठकर व्रत और पूजन करने का संकल्प लें। इस दिन वामनदेव की भी पूजा करनी चाहिए।

भगवान विष्णु पर शुद्ध जल चढ़ाएं। पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद और मिश्री) से अभिषेक करें।

फिर शुद्ध जल से स्नान कराएं और स्वच्छ वस्त्र अर्पित करें।

भगवान को गंध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करें।

विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें और वामन अवतार की कथा सुनें।

अंत में आरती करके नैवेद्य अर्पित करें और प्रसाद का वितरण करें।

**व्रत के लिए खान-पान से जुड़े नियम**

इस व्रत में अन्न का त्याग आवश्यक है। संभव हो तो इस तिथि पर पूर्ण उपवास करें। यदि पूरे दिन भूखे रहना संभव न हो तो केवल एक समय फलाहार कर सकते हैं। दूध, फल, फलों के रस का सेवन कर सकते हैं। व्रत करने वाले भक्त को शरीर और मन दोनों की पवित्रता बनाए रखनी चाहिए।

**रात्रि जागरण और द्वादशी के नियम**

एकादशी की रात में भगवान विष्णु और वामनदेव की मूर्ति या चित्र के समीप जागरण करें। द्वादशी तिथि को व्रत का पारण करें। इस दिन जरूरतमंद लोगों को भोजन कराकर, दान देकर आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए।

ये व्रत सभी प्रकार के पापों का नाश करता है और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं युधिष्ठिर को इस व्रत की महिमा बताते हुए कहा है कि ये व्रत त्रिदेवों – ब्रह्मा, विष्णु और शिव की पूजा एक साथ करने के समान पुण्य देता है।

# द्रोणाचार्य ने राजकुमारों को एक पाठ याद करने के लिए दिया लेकिन युधिष्ठिर कई दिनों में भी वह पाठ याद नहीं कर पाए

द्वापर युग में भीष्म पितामह ने गुरु द्रोणाचार्य को पांडवों और कौरवों गुरु बना दिया था। द्रोणाचार्य ने एक दिन अपने शिष्यों को एक महत्वपूर्ण पाठ दिया और उनसे कहा कि सभी शिष्य इस पाठ को आत्मसात करके आएंगे। 'आत्मसात' शब्द का अर्थ है पाठ को सही तरह से समझना और अपने जीवन में उतारना।

अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के पास पहुंचे और पढ़ाई शुरू हुई। गुरु ने पूछा, कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है?

युधिष्ठिर के अलावा सभी राजकुमारों ने तुरंत उत्तर दिया कि वे पाठ याद करके आए हैं। जब गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा, तुमने पाठ क्यों नहीं याद किया? तो युधिष्ठिर ने शांतिपूर्वक उत्तर दिया, गुरुदेव, मैंने इस पाठ को अभी तक आत्मसात नहीं किया है।

ये उत्तर सुनकर गुरु द्रोणाचार्य बहुत चकित हुए। वे जानते थे कि युधिष्ठिर सबसे बुद्धिमान और समझदार शिष्य है, फिर भी उसने इस पाठ को याद नहीं किया। कुछ देर सोचने के बाद द्रोणाचार्य ने कहा, ठीक है, तुम कल याद करके आना।

समय बीतता गया और दस दिन बाद गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा, तुम अब तक इस पाठ को



क्यों नहीं याद कर पाए? युधिष्ठिर ने कहा, गुरुदेव, मेरे भाइयों ने पाठ याद कर लिया है, मुझे भी वह याद है, लेकिन आपने जो कहा था, वह बात मेरे लिए महत्वपूर्ण है। आपने कहा था कि ये पाठ आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने की बात कही थी, और मैं अभी तक सत्य को अपने जीवन में उतार नहीं पाया हूं। जब तक मैं इस सत्य को पूरी तरह से आत्मसात नहीं कर लूंगा, तब तक मैं आगे नहीं बढ़ सकता।

युधिष्ठिर के ये शब्द सुनकर द्रोणाचार्य बहुत खुश हो गए। उन्होंने समझ लिया कि भविष्य में युधिष्ठिर धर्मराज बनेंगे, क्योंकि वह सच्चाई और धर्म को अपने जीवन में उतारने के लिए तत्पर थे। इस घटना ने यह सिद्ध कर दिया कि युधिष्ठिर न केवल बुद्धिमान थे, बल्कि उनके दिल में सत्य और धर्म के प्रति गहरी श्रद्धा थी।

युधिष्ठिर की सीख

जीवन में केवल अच्छे विचारों, कथनों या शिक्षाओं को पढ़ने-सुनने से कुछ हासिल नहीं होता। किसी भी शिक्षा या विचार को वास्तविकता में बदलने के लिए उसे आत्मसात करना जरूरी है यानी अपने जीवन में उतारना जरूरी है। युधिष्ठिर ने जो समझा, वह ये था कि ज्ञान केवल शब्दों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे अपनी सोच, व्यवहार और कर्मों में भी उतारना चाहिए। जब तक हम अच्छे विचारों को अपनी दिनचर्या में शामिल नहीं करते, तब तक वे केवल शब्द रह जाते हैं और हमें इनसे कोई लाभ नहीं मिलता है।

आज के समय में लोग जीवन की सच्चाइयों को जानते हैं, लेकिन उन्हें अपने जीवन में लागू करने में चूक जाते हैं। लोग किताबें पढ़ते हैं, धर्मगुरुओं के प्रवचन सुनते हैं और समझते भी हैं कि क्या सही है और क्या गलत, लेकिन जब तक हम इन बातों को अपनी सोच और कार्यों में नहीं उतारते, तब तक इनसे कोई लाभ नहीं मिल सकता। युधिष्ठिर की तरह हमें अपने जीवन में सत्य, धर्म और अच्छाई को उतारने की कोशिश करनी चाहिए।

## भ्रम हो तो सत्संग कर लेना चाहिए, निदान मिल जाएगा

सुख, सफलता, सुर्खियों, साजिश के दौर में भ्रम हो जाना कोई बड़ी बात नहीं है। अच्छे-अच्छों को गलतफहमी हो जाती है कि हम सब कर सकते हैं। लेकिन यदि भ्रम हो और उसको मिटाना चाहें, तो दो तरीके हैं। या तो किसी धर्मग्रंथ का सत्संग कर लें, या किसी संत का सान्निध्य प्राप्त कर लें।

राम कथा में श्री राम जब शक्ति से बंधे तो गरुड़ ने उनके बंधन खोले। और गरुड़ जी को यहीं से गलतफहमी हो गई कि ये सेवा मैंने की है, और वो भी श्री राम की।

उनको जो गलतफहमी हुई, उसकी चर्चा शिव जी ने पार्वती से की- खेद खिन्न मन तर्क बढ़ाई, भयउ मोहबस तुम्हरिहिं नाई। गरुड़ जी ने अपने मन को समझाया, लेकिन भ्रम बहुत अधिक हो गया था। तो दुःख से दुःखी होकर, मन में कुतर्क बढ़ाकर वे तुम्हारी ही भांति मोहवश हो गए। शिव जी की यह पंक्तियां हमारे लिए बड़े काम की हैं।


इस संसार में हम बहुत सारे ऐसे काम करेंगे कि हमें भ्रम हो सकता है कि हमने यह किया। तुरंत सत्संग कर लेना चाहिए, निदान मिल जाएगा।

# बुरा वक्त हो रहा है खत्म! जानिए वो शुभ संकेत जो अच्छे समय की शुरुआत का इशारा करते हैं

हर इंसान की जिंदगी में अच्छे और बुरे दौर आते रहते हैं। जब हालात बिगड़ते हैं तो इंसान को लगता है जैसे अंधेरा कभी खत्म ही नहीं होगा, लेकिन वक्त हमेशा एक जैसा नहीं रहता। कठिनाइयों के बाद खुशियों की सुबह जरूर आती है। कहते हैं कि जब बुरा समय खत्म होने वाला होता है, तो जिंदगी हमें कुछ खास संकेत देकर इशारा करती है। इन संकेतों को अगर ध्यान से समझा जाए, तो मन को सुकून मिलता है और उम्मीद की किरण भी नजर आती है। कुछ अनुभव सीधे हमारे दिल और आत्मा को छू जाते हैं, जो बताते हैं कि अब परेशानियां धीरे-धीरे दूर होने वाली हैं।

**सुबह 3:00 से 5:00 बजे के बीच बिना अलार्म नींद खुलना**

इसे "ब्रह्म मुहूर्त" कहा जाता है। इस समय बिना अलार्म नींद खुलना बहुत शुभ माना जाता है। यह संकेत है कि आपकी आत्मा जागरूक हो रही है और जीवन में सकारात्मक बदलाव आने वाला है। कहते हैं कि इस समय उठकर ध्यान, प्रार्थना या शांत मन से बैठना आपके लिए नई ऊर्जा और शांति लेकर आता है।



**अचानक बिना कारण मन हल्का और प्रसन्न महसूस होना**

कभी-कभी बिना किसी वजह के मन बहुत हल्का और खुश महसूस करता है। यह भी इस बात का इशारा है कि आपके ऊपर से बोझ हट रहा है और नई शुरुआत की राह खुल रही है। जब दिल से बेचैनी कम हो और भीतर से खुशी आने लगे, तो समझ जाइए कि अब बुरा समय खत्म होने की ओर है।

**घर के आसपास बार-बार गौ माता का आना**

गाय को हिंदू धर्म में बेहद पवित्र माना गया है, अगर आपके घर के आस-पास बार-बार गाय का आना शुरू हो जाए, तो यह बहुत शुभ संकेत है। इसे समृद्धि और सुख-शांति का प्रतीक माना जाता है। माना जाता है कि इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और नकारात्मकता खत्म होने लगती है।

**कोई छोटा बच्चा देखकर अचानक मुस्कुराना**

बच्चे मासूम और पवित्र आत्मा वाले होते हैं, अगर कोई बच्चा आपको देखकर अचानक मुस्कुराए, तो इसे बहुत अच्छा संकेत माना जाता है। यह इस बात का प्रतीक है कि अब आपके जीवन में खुशियां दस्तक देने वाली हैं। बच्चों की मुस्कान को भगवान का आशीर्वाद भी कहा जाता है।

**बार-बार भगवान का नाम सुनाई देना या दिखना**

अगर आपको अचानक बार-बार भगवान का नाम सुनाई देने लगे या कहीं लिखे हुए अक्षरों में नजर आने लगे, तो समझिए कि ऊपर से आपको संकेत मिल रहा है। यह इस बात का इशारा है कि अब आपके दुखों का अंत होने वाला है और जिंदगी एक नई दिशा की ओर बढ़ रही है।

# मृणाल का अनुष्का शर्मा पर तंज!

## कहा- वो अब काम नहीं कर रही, मैं कर रही हूं, ये अपने आप में जीत है





बिपाशा बासु पर दिए गए विवादित बयान के बाद अब मृणाल ठाकुर का एक और पॉडकास्ट सामने आया है, जिसमें वो एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा पर अजीबो-गरीब बयान देती नजर आई हैं। उन्होंने बिना नाम लिए न सिर्फ अपनी तुलना अनुष्का से की बल्कि खुद को उनसे बेहतर कहा।

मृणाल से जब पूछा गया था कि क्या उन्होंने कोई ऐसी फिल्म छोड़ी है, जो बाद में सुपरहिट हो गई हो। इस पर मृणाल ने कहा, 'ऐसी बहुत सी हैं, दरअसल, मैंने न कर दिया, क्योंकि मैं तैयार नहीं थी। जरूर कंट्रोवर्सी हो जाएंगी।

फिल्म सुपरहिट रही, लेकिन फीमेल एक्ट्रेस को आगे बढ़ने में फायदा नहीं मिला। लेकिन फिर मैंने एहसास किया कि अगर मैंने उस समय वो फिल्म कर ली होती, तो मैं खुद को खो देती। वो इस वक्त काम नहीं कर रही हैं, लेकिन मैं कर रही हूं, ये अपने आप में एक जीत है।'

आगे मृणाल ने कहा, 'मुझे इंस्टेंट आनंद, इंस्टेंट पहचान और इंस्टेंट फेम नहीं चाहिए, क्योंकि जो चीजें जल्दी मिलती हैं वो जल्दी चली भी जाती हैं।'

मृणाल का ये वीडियो वायरल होने के बाद अनुष्का शर्मा के फैंस उनकी जमकर आलोचना कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा है, मुझे लगता है ये अनुष्का की बात कर रही है। इसके जवाब में एक यूजर ने लिखा, ऐसा है तो ये बहुत बेवकूफ है, क्योंकि एक्टिंग छोड़ना अनुष्का की खुद की मर्जी थी।

दूसरे यूजर ने लिखा है, अनुष्का एक खूबसूरत एक्ट्रेस हैं, ये उसके लेवल पर नहीं पहुंच सकती चाहे अनुष्का सालों तक काम न करे और ये करे।

एक यूजर ने लिखा है, हिम्मत, अगर वो अनुष्का की बात कर रही है तो गौर करने वाली बात है कि उन्होंने काम न करने का फैसला किया है। उनका हमेशा से यही तरीका रहा है। पीआर से इंस्पायर होकर। नच बलिए के टाइम भी उन्होंने पिक मी गर्ल की तरह रवैया रखा और मतलबी बातें कीं।

**मृणाल ने नहीं छोड़ी थी सुल्तान, रिप्लेस किया गया था**

बताते चलें कि शुरुआत में मृणाल ठाकुर फिल्म सुल्तान का हिस्सा होने वाली थीं, लेकिन सलमान ने उनकी जगह अनुष्का की कास्टिंग करवाई थी। एक बार शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर बिग बॉस में एक फिल्म प्रमोट करने पहुंचे थे,

इस दौरान सलमान ने खुद बताया था कि उनके एक जानकर मृणाल को फार्म पर लाए थे, उस समय वो बेहद पतली थीं, जिस वजह से सलमान ने कास्टिंग में बदलाव करवाए थे और अनुष्का को लिया था।

# 18 साल पहले सांवली दुबली-पतली सी थीं क्रिस्टल डिसूजा

## आज एक्ट्रेस के निखरे हुस्न को देख वाह करेंगे




टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस में से एक मानी जाने वाली क्रिस्टल डिसूजा अब बॉलीवुड और ओटीटी पर अपनी पहचान बनाने में लगी हुई हैं. इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है. क्रिस्टल डिसूजा ने 2007 कहे ना कहे से टीवी की दुनिया में कदम रखा था. तबसे लेकर अब तक में क्रिस्टल का लुक काफी बदल चुका है. ऐसे में पहचानना भी मुश्किल होगा.

क्रिस्टल डिसूजा 18 साल पहले एकदम अलग दिखा करती थीं. वक्त के साथ-साथ उनकी एक्टिंग ही नहीं खूबसूरती भी निखरकर सामने आई है. क्रिस्टल डिसूजा पहले से ज्यादा अब ग्लैमरस हो चुकी हैं. उसका सबूत एक्ट्रेस की इंस्टाग्राम पर मौजूद उनकी तस्वीरें हैं. क्रिस्टल डिसूजा की सुंदरता को लेकर कई बार कहा गया कि कॉस्मेटिक सर्जरी के जरिए अब वो सुंदर दिखने लगी हैं. इसके लिए उन्हें ट्रोल भी किया गया.

लेकिन क्रिस्टल ने ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब देते हुए कहा कि उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी नहीं करवाई. एक्ट्रेस ने कहा कि हां मुझे लगा कि इन बॉडी के इस पार्ट पर मुझे काम करना चाहिए तो डर्मेटोलॉजिस्ट के पास गई और उन फीचर्स को निखारा. एक्ट्रेस ने कहा था कि मुझे जब लगता है कि खुद पर काम करना चाहिए तो मैं करती हूं.

क्योंकि मैं खुद की फेवरेट हूं. क्रिस्टल ने कहा कि मैं नहीं चाहती कि जब खुद को मिरर में देखूं तो ऐसा महसूस करूं कि अरे कैसी दिख रही हूं. जब भी मैं मिरर में देखूं तो मेरे मुंह से बस निकले - वॉव.

क्रिस्टल डिसूजा अपनी लव लाइफ को लेकर भी खूब चर्चा में छाई रहती हैं. रिपोर्ट के अनुसार एक्ट्रेस दुबई बेस्ड बिजनेसमैन को डेट कर रही हैं.

# बेटी एशा और भरत के तलाक से टूट गए थे धर्मेंद्र

## कहा था - 'बच्चों की खातिर एक बार सोच लेते'



एशा देओल और भरत तख्तानी ने फरवरी 2024 में अपनी शादीशुदा जिंदगी को खत्म कर अलग होने का फैसला लिया।

दोनों ने अपनी 11 साल की शादीशुदा जिंदगी का अंत करते हुए इसे आपसी सहमति से लिया गया फैसला बताया।

बेटी का घर टूटने की खबर पाकर धर्मेंद्र दुखी हो गए थे। उन्हें सबसे ज्यादा चिंता अपनी नातिनों की हो रही थी। उन्हें उम्मीद थी कि बच्चों के लिए भरत और एशा तलाक के फैसले पर एक बार फिर विचार करेंगे।

**'उनका दर्द कोई नहीं समझ सकता'**

परिवार से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'कोई भी माता-पिता अपने बच्चों का परिवार टूटता देखकर खुश नहीं हो सकता। धर्मेंद्र जी भी एक पिता हैं और उनका दर्द कोई भी समझ सकता है। ऐसा नहीं है कि वे अपनी बेटी के अलग होने के फैसले के खिलाफ हैं, बल्कि वे चाहते थे कि एशा और भरत इस पर दोबारा विचार करें'।

**एशा की बेटियों को लेकर सताने लगी चिंता**

बता दें कि बीते वर्ष फरवरी में जब एशा और भरत तख्तानी ने अलग होने का एलान किया, तो फैंस हैरान रह गए। दोनों ने एक संयुक्त बयान जारी कर इसे आपसी सहमति से लिया गया फैसला बताया था। बेटी का तलाक होने पर दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र बहुत दुखी हुए। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि दोनों इस फैसले पर पुनर्विचार करेंगे। धर्मेंद्र को सबसे ज्यादा चिंता अपनी नातिनों की थी। माता-पिता के तलाक से बच्चों पर पड़ने वाले प्रभाव से वे तनाव में थे।

**2012 में हुई थी एशा-भरत की शादी**

एशा और भरत की दो बेटियां- राध्या और मिराया हैं। वे अपने दादा-दादी और नाना-नानी दोनों के बहुत करीब हैं।

परिवार से जुड़े सूत्र के मुताबिक माता-पिता के अलग होने का बच्चों पर बुरा असर पड़ता है और इसलिए धर्मजी को लगा कि अगर शादी बचाई जा सकती है, तो उन्हें ऐसा करना चाहिए'। बता दें कि एशा और भरत तख्तानी की शादी साल 2012 में हुई। एशा के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार वेब सीरीज 'हंटर टूटेगा नहीं तोड़ेगा' में देखा गया।

# बॉलीवुड के कई स्टार्स से ज्यादा है इस टीवी एक्टर की कमाई, नेटवर्थ जान होश उड़ जाएंगे



टीवी इंडस्ट्री में राम कपूर की मेहनत और परफॉर्मेंस ने उन्हें दर्शकों के बीच बेहद पॉपुलर बना दिया है. इसके साथ ही, उनकी कामयाबी केवल शो के रेटिंग या फैंस तक नहीं रही, उन्होंने अपनी स्मार्ट वर्किंग और सही प्रोजेक्ट्स के जरिए अच्छी खासी कमाई बनाई है.

बड़े अच्छे लगते हैं, कसम से और घर एक मंदिर जैसे सीरियल से फेमस हुए टीवी एक्टर राम कपूर आज घर-घर पहचान बना चुके हैं. वे टीवी ही नहीं बॉलीवुड और ओटीटी पर भी छाए हुए हैं.

राम कपूर ने एक इंटरव्यू में अपनी कमाई और करियर के बारे में खुलकर बात की है. उन्होंने बताया कि टीवी कलाकारों की कमाई फिल्मों के कलाकारों जितनी नहीं होती, लेकिन अगर कोई शो लंबे समय तक हिट चलता है, तो यह बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है. उन्होंने समझाया कि अगर कोई सीरियल 7 से 8 साल तक चलता है, तो एक बार में उतनी कमाई हो जाती है जितनी आठ सालों में होती.

2003 में राम कपूर ने टीवी स्टार गौतमी कपूर से शादी की. जिन्होंने राम कपूर के साथ घर एक मंदिर में काम किया था, साथ ही मशहूर शोज़ जैसे खेलती है ज़िंदगी आंख मिचौली और परवरिश का भी हिस्सा रही हैं. यह जोड़ी आज भी टीवी की सबसे पसंद की जाने वाली जोड़ियों में गिनी जाती है.

राम एक काफी लग्ज़री लाइफ़स्टाइल जीते हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर अपने घर, गाड़ियाँ और छुट्टियों की तसवीरें फैन्स के साथ शेयर करते रहते हैं. उनकी कारों के कलेक्शन में फेरारी, पोर्शे और लैम्बॉर्गिनी जैसी लग्ज़री गाड़ियाँ शामिल हैं.

अभिनेता के पास कई प्रॉपर्टीज़ हैं, जिनमें साउथ मुंबई के अलावा, गोवा और खंडाला में भी घर शामिल हैं. हाल ही में उन्होंने अलीबाग में करीब 20 करोड़ रुपये की कीमत वाला चार बेडरूम का विला भी खरीदा है. उनकी कुल संपत्ति लगभग 135 करोड़ रुपये के आस पास है.

टेलीविज़न के अलावा राम ने बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई है. उन्होंने एजेंट विनोद, स्टूडेंट ऑफ द ईयर और हमशकल्स जैसी फिल्मों में काम किया. इसके साथ ही उन्होंने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी काम किया है. हाल ही में आई सीरीज़ मिस्ट्री में उनके अभिनय को खूब तारीफ मिली.

अपने काम और सालों की मेहनत से राम कपूर आज भी नए कलाकारों और अपने चाहने वालों के लिए प्रेरणा हैं. वह अपने प्रोफेशनल साइड को स्टाइलिश और शानदार लाइफ़स्टाइल के साथ खूबसूरती से जोड़ते हैं.

# 11 साल से हिट को तरस रहे सिद्धार्थ मल्होत्रा!

## 'परम सुंदरी' भी तोड़ देगी उम्मीद?



बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा की रोमांटिक फिल्म 'परम सुंदरी' 29 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज हुई थी. फिल्म में एक्टर के साथ जाह्नवी कपूर लीड एक्ट्रेस के रोल में नजर आई हैं. 'परम सुंदरी' को रिलीज हुए 5 दिन हो गए हैं और ये बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई कर रही है. हालांकि फिल्म अभी तक अपना बजट नहीं वसूल पाई है. ऐसे में सवाल ये है कि क्या 'परम सुंदरी' बॉक्स ऑफिस पर हिट हो पाएगी?

सिद्धार्थ मल्होत्रा ने पिछले 11 सालों से एक भी हिट फिल्म नहीं दी है. 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'एक विलेन' एक्टर की आखिरी हिट फिल्म है जिसने बॉक्स ऑफिस पर 105 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था. इसके बाद उन्होंने 'परम सुंदरी' से पहले तक 10 फिल्में कीं, लेकिन ये सारी मूवीज बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर गईं.

**'परम सुंदरी' के पांच दिनों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन**

11 साल से हिट के लिए तरस रहे सिद्धार्थ मल्होत्रा को 'परम सुंदरी' से काफी उम्मीदें हैं. लेकिन ऐसा लगता है कि ये फिल्म भी उनकी आस तोड़ देगी.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'परम सुंदरी' का बजट 50 से 55 करोड़ रुपए है. फिल्म चार दिन में महज 30 करोड़ रुपए ही कमा पाई है.

वहीं अब पांचवें दिन के शुरुआती आंकड़े भी सामने आ गए हैं जिसमें 'परम सुंदरी' ने अब तक (शाम 5 बजे तक) 2.33 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है.

घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का कुल कलेक्शन 32.33 करोड़ रुपए हो गया है.

**'परम सुंदरी' भी तोड़ सकती है सिद्धार्थ मल्होत्रा की उम्मीद**

बॉक्स ऑफिस पर हिट होने के लिए किसी भी फिल्म को बजट से दोगुना कमाना पड़ता है. 'परम सुंदरी' अभी तक अपना बजट भी नहीं वसूल पाई है. वहीं 5 सितंबर को सिनेमाघरों में कई फिल्में बड़े पर्दे पर दस्तक देने जा रही हैं. 'बागी 4' से लेकर 'द बंगाल फाइल्स' तक, 7 फिल्में 5 सितंबर को रिलीज हो रही हैं. ऐसे में 'परम सुंदरी' का कमाई करना और भी मुश्किल हो सकता है.




# टीवी की सबसे ज्यादा पढ़ी-लिखी एक्ट्रेस

## खूबसूरती के साथ पढ़ाई में भी कमाल नेटवर्थ भी करोड़ों में

हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं बल्कि तेजस्वी प्रकाश हैं. टीवी की दुनिया के मशहूर रियलिटी शो 'बिग बॉस 15' को जीतने के बाद से एक्ट्रेस लगातार सुर्खियों में बनी रहती हैं. तेजस्वी एक्टिंग के साथ-साथ पढ़ाई में भी अव्वल रही हैं साथ ही बेहद खूबसूरत भी हैं.

**इंजीनियरिंग की है डिग्री**

तेजस्वी प्रकाश एक्ट्रेस नहीं बल्कि अपने भाई प्रतीक की तरह इंजीनियर बनना चाहती थीं. उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई पूरी करने के बाद मुंबई यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग की डिग्री ली. तेजस्वी जब कॉलेज में पढ़ती थीं, तभी उन्होंने ब्यूटी कॉन्टेस्ट में भाग लेना शुरू कर दिया था.

**अमीरी में भी हैं आगे**

इंजीनियरिंग के दौरान ही एक्ट्रेस मुंबई फ्रेश फेस कॉन्टेस्ट जीत गईं और उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर था गईं. इसके बाद एक्ट्रेस की लाइफ पूरी तरह से बदल गई.तेजस्वी प्रकाश खूबसूरती, एक्टिंग और पढ़ाई के साथ-साथ अमीरी में भी कई टीवी एक्ट्रेस से आगे हैं.

**तेजस्वी हैं करोड़ों की मालकिन**

तेजस्वी प्रकाश की नेटवर्थ 25 करोड़ रुपए है. रिपोर्ट के अनुसार एक्ट्रेस साल में लगभग 2 करोड़ रुपए की कमाई करती हैं. जब महीने तेजस्वी की इनकम 15 लाख से ज्यादा बताई गई है. बिग बॉस जीतने के बाद से तेजस्वी सीरियल्स के लिए प्रति एपिसोड 1.5 लाख रुपए चार्ज करती हैं.

इंस्टाग्राम पर पोस्ट के लिए एक्ट्रेस 10 से 15 लाख रुपए तक चार्ज करती हैं.

तेजस्वी ने अपने अभी तक के करियर में कई पॉपुलर शोज में काम किया है. एक्ट्रेस ने 2012 में '26/12' से छोटे पर्दे पर कदम रखा था. उसके बाद उन्होंने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा. तेजस्वी को 'स्वरागिनी' में रागिनी की भूमिका निभाकर सबसे ज्यादा पहचान मिली.

# शिल्पा शेट्टी ने रीक्रिएट किए जीनत अमान के आइकॉनिक लुक, दिग्गज अभिनेत्री की तारीफ की





जीनत अमान और शिल्पा शेट्टी दोनों ही बॉलीवुड इंडस्ट्री की स्टाइलिश एक्ट्रेस में से एक हैं. दोनों का ही फैशन लोगों को बहुत इंप्रेस करता है. लेकिन इस बार शिल्पा शेट्टी ने कुछ ऐसा कर दिखाया जिसकी तारीफ करते फैंस थक नहीं रहे हैं।

शिल्पा शेट्टी हर बार ही अपने यूनिक स्टाइल और फैशन सेंस से फैंस को इंप्रेस करती नजर आती हैं. लेकिन अब उन्होंने कुछ ऐसा पोस्ट किया है जिसकी चर्चा अब हर जगह हो रही हैं. अपनी इन तस्वीरों से उन्होंने हिंदी सिनेमा की डीवा जीनत अमान को खास अंदाज में याद किया है.

अपने लेटेस्ट पोस्ट में अदाकारा ने दिग्गज एक्ट्रेस जीनत अमान के आइकॉनिक 'हरे कृष्ण हर राम' लुक को रीक्रिएट किया है . अब ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और यूजर्स भी इस पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स की बौछार कर रहे हैं.

वायरल तस्वीरों में आप देख सकते हैं शिल्पा शेट्टी ने येलो फ्लोरल आउटफिट कैरी किया है. इस को ऑर्ड सेट में फ्लेयर्ड पेंट्स और डीप नेक शर्ट का कॉम्बिनेशन है जिसे देख आपको 70 के दशक का फैशन याद आता होगा. एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देख आपको जीनत अमान का आइकॉनिक लुक जरूर याद आएगा.

एक्सेसरीज की बात करें तो उन्होंने हाथ में गेंदें का फूल और गले में रुद्राक्ष माला कैरी किया है. इसके साथ ही हसीना ने खुले बाल और चश्मे के साथ इस आइकॉनिक लुक को कंप्लीट किया. इन सभी एक्सेसरीज के जरिए उनका ये रेट्रो लुक काफी ऑथेंटिक लग रहा है.

आउटफिट के साथ उनका मेकअप भी बहुत खूबसूरत लग रहा है. एक्ट्रेस ने अपनी आंखों में विंग्ड आईलाइनर लगाया है और न्यूड लिप शेड अप्लाई किया है. साथ ही अपने बालों को मिडल पार्टीशन करते हुए उन्होंने लुक कंप्लीट किया है.

शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा है कि, 'ग्रेस, ग्लैम और टाइमलेस फैशन की पहचान जीनत अमान जी.आज भी आपका स्टाइल और फैशन हमें इंस्पायर करता है'. अब एक्ट्रेस की इस पोस्ट पर सैकड़ों लोगों ने लाइक और कमेंट किया है अब ये पोस्ट हर जगह काफी ट्रेंड कर रहा है.

बात करें जीनत अमान की तो उन्होंने हमेशा ही अपने स्टाइल और फैशन से लोगों को चौंकाया है. 70 के जमाने में उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपने फैशन और ग्लैमर से सभी का दिल जीता और आज भी लोगों को इंस्पायर कर रही हैं.

उनकी फिल्म 'हरे रामा हरे कृष्णा' 1971 में रिलीज हुई थी और इस फिल्म में उनके गाने 'दम मारो दम' में दिखा उनका ये अंदाज और लुक आज भी लोगों को याद है और दर्शक आज भी इसकी तारीफ करते थकते नहीं हैं. इस फिल्म में उनके किरदार को आज भी याद किया जाता है और ये उस जमाने की सफल फिल्मों में से एक मानी जाती है.



# 'लड़ेंगे तो प्रॉब्लम होगी, लेकिन साथ रहेंगे तो...'

## जोधपुर में वसुंधरा राजे का बड़ा बयान

जोधपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मंगलवार सुबह जोधपुर में एक बड़ा बयान देकर सियासी हलकों में हलचल मचा दी। जोधपुर से जैसलमेर के मोहनगढ़ के लिए रवाना होने से पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत में 'परिवार' और 'सद्भावना' को लेकर कहा कि राजस्थान हम सबका परिवार है। मेरी कामना है कि यहां सभी लोग खुशहाल रहें।



वसुन्धरा राजे ने कहा कि राजनीति में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन समाज और परिवार की तरह आपसी मेल-जोल और सद्भावना सबसे बड़ा आधार है। अगर हम लड़ेंगे तो प्रॉब्लम होगी, लेकिन साथ रहेंगे तो समस्याएं हल हो सकती हैं। बता दें, राजे जैसलमेर के मोहनगढ़ में पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम के निधन पर शोक व्यक्त करने से पहले जोधपुर आईं हैं।

जोधपुर में उन्होंने बाबा रामदेव, रामसा पीर और अन्य धार्मिक आयोजनों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मेरी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत बाबा रामसा पीर के दर्शन से हुई थी। मुझे पहला आशीर्वाद देवता से मिला, फिर सभी समाज का समर्थन मिला। मैं विश्वास के साथ कह सकती हूं कि रामसा पीर में हर किसी की मनोकामना पूरी होती है। समय लग सकता है, लेकिन विश्वास डगमगाना नहीं चाहिए।

पिछले कुछ दिनों में वसुंधरा राजे के बयानों ने राजनीतिक गलियारों में चर्चा का बाजार गर्म कर दिया है। 'वनवास', 'धैर्य' और अब 'परिवार' जैसे शब्दों का इस्तेमाल उनके मौजूदा सियासी हालात से जोड़कर देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ये बयान उनके समर्थकों और भाजपा आलाकमान के लिए एक संदेश हैं।

क्योंकि 28 अगस्त को धौलपुर में कथावाचक मुरलीधर महाराज की राम कथा के दौरान राजे ने कहा था कि आजकल की दुनिया बड़ी अजीब है। जिसे अपना समझा, वही पराया हो जाता है। लेकिन परिवार के लिए हर किसी की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में परिवार की बहू, मां, बेटी को अपना काम करना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा था कि वनवास सिर्फ भगवान राम की जिंदगी का हिस्सा नहीं है। हर इंसान के जीवन में वनवास आता है, लेकिन वह स्थायी नहीं होता। रामजी ने हमें धैर्य का महत्व सिखाया है। दुनिया में कोई चीज स्थायी नहीं है, इसलिए मन में गठान बांधने की जरूरत नही।

# 'वोट चोरी' के मुद्दे पर सचिन पायलट का बड़ा बयान

## बोले- इससे बड़ा कोई पाप नहीं हो सकता

जयपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने प्रदेश कांग्रेस के एससी विभाग की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ममता भूपेश के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में वोट चोरी के मुद्दे पर तीखा बयान दिया। पायलट ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी लगातार यह संदेश दे रहे हैं कि वोट चोरी हुई है और लोकतंत्र में वोट का अधिकार छीनने से बड़ा कोई पाप नहीं हो सकता।



पायलट ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि यह मुद्दा केवल राजनीतिक विवाद नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का मामला है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक का वोट उसकी आवाज है और इसे छीनना पूरे लोकतंत्र की नींव को कमजोर करना है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति सतर्क रहें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

एससी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने इस अवसर पर कहा कि दलित, वंचित और आदिवासी वर्ग के लोग निजी स्कूलों का खर्च नहीं उठा सकते। इसके बावजूद राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों में सरकारी स्कूल लगातार बंद किए जा रहे हैं, जो शिक्षा के अधिकार और समाज के पिछड़े वर्गों के विकास के लिए गंभीर चुनौती है।

**डोटासरा क्या बोले**

प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस ने एससी वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर काम किए हैं। यही वजह है कि यह समाज हमेशा से कांग्रेस के साथ जुड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और समान अवसर प्रदान करना पार्टी की प्राथमिकता है।

**टीकाराम जूली ने क्या कहा**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी वोट चोरी के मुद्दे को छोटा नहीं बताया और कहा कि देश में कई बार वोट चोरी कर सरकारें बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस पर सचिन पायलट पहले भी अपनी चिंता और नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं।

इस कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक हस्तियों के अलावा, स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया और पार्टी के लोकतंत्र एवं सामाजिक न्याय के संदेश को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# जयपुर-कोटा में आईटी की बड़ी रेड : रियल एस्टेट और पान मसाला ग्रुप के 18 ठिकानों पर छापेमारी; टैक्स चोरी का आरोप

जयपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में आयकर विभाग ने मंगलवार, 2 सितंबर 2025 को एक बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। इस कार्रवाई में जयपुर और कोटा में रियल एस्टेट और पान मसाला व्यवसाय से जुड़े 18 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे गए। आयकर विभाग की लगभग 150 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई टैक्स चोरी, बड़े पैमाने पर नकद लेनदेन और अघोषित आय से संबंधित शिकायतों के आधार पर की गई है। इस छापेमारी से भारी मात्रा में अघोषित संपत्ति, नकदी, और फर्जी दस्तावेजों के उजागर होने की संभावना जताई जा रही है।

**किन-किन ग्रुप्स पर गिरी गाज?**

आयकर विभाग की इस कार्रवाई का मुख्य निशाना तीन बड़े व्यावसायिक समूह रहे। इनमें जयपुर का हाई फ्लाई रियल एस्टेट ग्रुप, कोटा का सिद्धेश्वर गम्स (सिग्नेचर पान मसाला), और जयपुर का गोकुल कृपा ग्रुप (बीआरबी डेवलपर्स) शामिल हैं।

हाई फ्लाई रियल एस्टेट ग्रुप- जयपुर के इस समूह के 8 ठिकानों पर आयकर विभाग की टीमें पहुंचीं। यह रियल एस्टेट कंपनी प्रॉपर्टी की खरीद-बिक्री में बड़े पैमाने पर नकद लेनदेन के लिए संदेह के घेरे में है। सूत्रों के मुताबिक, इस ग्रुप पर अघोषित आय और काले धन के उपयोग का आरोप है। विभाग की टीमें इस ग्रुप के कार्यालयों और संबंधित



परिसरों में दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही हैं।

सिद्धेश्वर गम्स (सिग्नेचर पान मसाला)- कोटा के पान मसाला उद्योग से जुड़ी इस कंपनी के 3 ठिकानों पर छापेमारी की गई। आयकर विभाग को इस कंपनी के वित्तीय लेनदेन और टैक्स रिकॉर्ड में अनियमितताओं की जानकारी मिली थी। जांच टीमें कंपनी के कोटा स्थित कार्यालयों और अन्य परिसरों में मौजूद रिकॉर्ड्स की पड़ताल कर रही हैं।

गोकुल कृपा ग्रुप (बीआरबी डेवलपर्स)- जयपुर के रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े इस ग्रुप के 6 ठिकानों पर भी आयकर विभाग ने छापा मारा। इस समूह पर भी प्रॉपर्टी लेनदेन में काले धन के उपयोग और टैक्स चोरी के आरोप हैं। विभाग की टीमें इन ठिकानों पर मौजूद दस्तावेजों और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच में जुटी हैं।

**छापेमारी का कारण क्या?**

सूत्रों ने बताया कि आयकर विभाग को इन समूहों के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं। खास तौर पर रियल एस्टेट सेक्टर में प्रॉपर्टी की खरीद-बिक्री में काले धन का इस्तेमाल और टैक्स चोरी की खबरें सामने आई थीं। सूत्रों के अनुसार, इन समूहों ने कथित तौर पर अघोषित आय को छिपाने के लिए जटिल वित्तीय लेनदेन किए। इसके अलावा, कुछ फर्जी दस्तावेजों और बेनामी संपत्तियों के उपयोग की भी आशंका है।

बताते चलें कि इस बड़े पैमाने की छापेमारी में आयकर विभाग की 150 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमें शामिल हैं। जयपुर और कोटा में सुबह से शुरू हुई यह कार्रवाई देर रात तक जारी रहने की संभावना है। टीमें सभी 18 ठिकानों पर दस्तावेज, कंप्यूटर डेटा, और डिजिटल रिकॉर्ड खंगाल रही हैं। सूत्रों का कहना है कि इस अभियान से भारी मात्रा में नकदी, अघोषित संपत्ति, और संदिग्ध दस्तावेजों का खुलासा हो सकता है।

**आधिकारिक बयान का इंतजार**

आयकर विभाग ने अभी तक इस छापेमारी के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। हालांकि, माना जा रहा है कि जांच पूरी होने के बाद विभाग इस कार्रवाई के नतीजों और खुलासों के बारे में जानकारी साझा करेगा। इस बीच, इन समूहों से जुड़े लोगों और कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## जयपुर पुलिस का बड़ा अभियान

# 780 वांटेड गिरफ्तार, पिछले महीने पकड़े थे 2524 बदमाश और 44 साइबर ठग

जयपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। जयपुर रेंज पुलिस ने एक बार फिर बड़े स्तर पर बदमाशों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया। इस बार रेंज पुलिस ने 780 वांटेड और समाजकंटकों को गिरफ्तार किया। करीब एक महीने पहले भी रेंज पुलिस 2524 बदमाशों को पकड़ चुकी थी और साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई में 44 आरोपियों को गिरफ्तार किया था।



जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि 30 और 31 अगस्त को जयपुर ग्रामीण, अलवर, दौसा, भिवाड़ी, कोटपुतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, सीकर और झुंझुनूं में एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। इसमें पुलिस लाइन में तैनात जवानों, कार्यालयों के कार्मिकों, थानों के स्टॉफ, क्यूआरटी और आरएसी की कंपनी सहित कुल 1775 पुलिसकर्मियों की 436 टीमें बनाई गईं। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 81 नए प्रकरण दर्ज किए और उनमें 79 लोगों को गिरफ्तार किया।

**भट्टा बस्ती से 33 बदमाश गिरफ्तार**

भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत 33 बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि भट्टा बस्ती क्षेत्र में एक दर्जन टीमों ने हिस्ट्रीशीटर, हार्डकोर अपराधियों और समाजकंटकों की पहचान कर उनके ठिकानों पर दबिश दी।

# नकली शराब बनाने वाली गैंग पर चला चाबुक

## चित्तौड़गढ़ और उदयपुर में आबकारी की दबिश

चित्तौड़गढ़, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में कई जगहों से अबकारी विभाग को नकली शराब बनाने वालों के बारे में खुफिया जानकारी मिल रही थी। इसके बाद मामले पर संज्ञान लिया गया। जांच पड़ताल की गई तो नकली शराब के कारोबार का सच एक-एक करके सामने आने लगा। दरअसल, चित्तौड़गढ़ जिले में आबकारी महकमे की ओर से नकली नकली शराब की फैक्ट्री और बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस जांच में बड़ा खुलासा हुआ है।

हाइवे पर स्थित ढाबों पर चोरी किए गए स्प्रीड से अवैध फैक्ट्री में नकली शराब तैयार की जा रही थी। इस मामले में आबकारी ने स्प्रीड सप्लायर को भी गिरफ्तार कर लिया, जिससे पूछताछ की जा रही है। इस मामले में अब तक यह आठवीं गिरफ्तारी है। इससे पहले कांग्रेस नेता सहित छह आरोपियों को आबकारी गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, एक अन्य आरोपित की भी गिरफ्तारी हुई थी।

**कपासन के बेनीपुरिया में एक अवैध शराब की फैक्ट्री पकड़ी**

जिला आबकारी अधिकारी गजेंद्रसिंह राजपुरोहित ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आबकारी ने चित्तौड़गढ़ व उदयपुर जिले में दबिश दी थी। इसमें कपासन के बेनीपुरिया में एक अवैध शराब की फैक्ट्री पकड़ी। यहां से कई स्थानों पर नकली शराब की सप्लाई हो रही थी। इस मामले में आबकारी ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनसे पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपियों को नामजद किया था। आबकारी के अनुसंधान एवं पूछताछ में सामने आया कि चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित ढाबों पर आने वाले टैंकर से स्प्रीड की चोरी की जाती थी। यही स्प्रीड अवैध शराब की फैक्ट्री में सप्लाई होकर नकली शराब बनाई जाती थी।

हाईवे से निकलने वाले स्प्रीड के टैंकरों से स्प्रीड चोरी करता था

इस मामले में आबकारी ने मंगलवाड चौराहा निवासी रमेश पुत्र शंकर लाल अहीर को गिरफ्तार किया, जो की स्प्रीड सप्लायर है। यह आरोपित भीलवाड़ा- चित्तौड़गढ़ नेशनल हाईवे से निकलने वाले स्प्रीड के टैंकरों से स्प्रीड चोरी करता था। बाद में नकली शराब बनाने वाली गैंग के सदस्य मेवदा निवासी प्रकाशचंद्र जाट, रेवाड़ा निवासी अजयपाल सिंह, बेनीपुरिया निवासी रविंद्रसिंह राठौड़ तथा ठुकरावा निवासी गजेंद्रसिंह को सप्लाई कर रहा था।

### 3 दिन से भीग रही 'गुलाबी नगरी', 43 मिमी बारिश दर्ज

#### अगले 5-6 दिन ताबड़तोड़ बरसात की संभावना

जयपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर में भी बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया। पिछले तीन दिनों से शहर में लगातार बारिश का दौर जारी है। रविवार रात से शुरू हुई बरसात भी नहीं थमी। बता दें कि दोपहर में कई इलाकों में मध्यम स्तर की बारिश हुई, जिसके बाद शाम सात बजे के बाद फिर से बारिश शुरू हो गई, जो देर रात तक जारी रही। मौसम केंद्र के अनुसार, बीते 24 घंटे में जयपुर में 43 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने सभी अधिकारियों को वर्षा प्रभावित इलाकों का दौरा करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने किसी भी आपात स्थिति में तुरंत संपर्क के लिए बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।

# एटीएम काटकर चोरों ने उड़ाए 10.56 लाख रुपए

## सीसीटीवी कैमरों पर किया स्प्रे

नागौर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। शहर के निकटवर्ती गोगेलाव गांव में रविवार देर रात एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। कार में सवार होकर आए चोरों ने गांव के बीच नागौर-बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एटीएम को गैस कटर से काटकर उसमें रखी करीब 10 लाख 56 हजार, 700 रुपए की नकदी चुरा ली। वारदात को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोर शातिर और तकनीकी जानकारी रखने वाले थे।

एटीएम के पास में दुकान करने वाला व्यक्ति ही पूरी बिल्डिंग का मालिक है, इसलिए रोज सुबह अपनी दुकान की सफाई करने के दौरान एटीएम में भी झाड़ू निकालता है। जैसे ही वह अंदर झाड़ू निकालने गया, वहां टूटा एटीएम देखकर सरपंच व सदर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने एटीएम मशीन, आसपास की सतह, वाहन के टायरों के निशान और अन्य साक्ष्य एकत्र किए। इस दौरान एएसपी सुमित कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस ने वारदात में 5 से 6 लोगों का गिरोह शामिल होने की आशंका जताई है। घटना के दौरान एटीएम में सुरक्षा गार्ड नहीं था।

वारदात से पहले चोरों ने एटीएम के बाहर और अंदर के सीसीटीवी कैमरों पर लाल रंग का स्प्रे किया। इससे कैमरे फुटेज रिकॉर्ड नहीं कर सकें।

दिल्ली हाईवे पर लेन सिस्टम लागू, नियम तोड़े तो होगा 2000 रुपए का चालान, कैमरों से निगरानी के बाद होगी सख्त कार्रवाई

सूत्रों के अनुसार चोर सफेद रंग की कार में रात को गोगेलाव गांव के बस स्टैण्ड के निकट लगे एटीएम पर पहुंचे। वारदात रात 2.51 से लेकर 3.13 बजे के बीच की है। केवल 22 मिनट में चोर गैस कटर से एटीएम को काटकर राशि चुराकर फरार हो गए। वारदात से पहले चोरों ने एटीएम के बाहर और अंदर के सीसीटीवी कैमरों पर लाल रंग का स्प्रे किया। इससे कैमरे फुटेज रिकॉर्ड नहीं कर सकें।

**क्षेत्र में दहशत और सुरक्षा पर सवाल**

घटना के बाद स्थानीय लोगों में भय के साथ आक्रोश का माहौल है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि नेशनल हाइवे पर स्थित बैंक एटीएम की सुरक्षा इतनी कमजोर कैसे हो सकती है। जेठाराम तांडी ने बताया कि तीन साल पहले उसके घर में भी करीब 20 लाख की चोरी हुई थी, पुलिस आज तक नहीं चोरी नहीं खोल पाई है। गोगेलाव नागौर शहर से मात्र छह किलोमीटर दूर है इसके बावजूद पुलिस गश्त नहीं होती।

**कम्पनी के वकील ने दर्ज कराया मामला**

एसबीआई के एटीएम का रखरखाव करने वाली कम्पनी हिताची पेमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के वकील विकास सोनी ने सदर थाने में चोरी का मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि एटीएम में 10 लाख 58 हजार रुपए थे, जिसमें से 10 लाख, 67 हजार, 700 रुपए चोरी हुए, जबकि 1300 रुपए मशीन से रिकवर हो गए।

### लुटेरी दुल्हन ने शादी के नाम पर साढ़े 4 लाख की धोखाधड़ी की, तीन आरोपी गिरफ्तार

अजमेर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। उदयपुर के युवक को शादी का झांसा देकर साढ़े चार लाख रुपए की नकदी व ज्वैलरी लेकर फरार हुई लुटेरी दुल्हन, उसके दो दलाल को राजकीय रेलवे पुलिस ने दबोचने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों ने पीड़ित को शादी की रकम व ज्वैलरी लेकर अजमेर रेलवे स्टेशन बुलाया था। पुलिस तीन आरोपियों को दबोच धोखाधड़ी की रकम चार लाख रुपए बरामद कर ली।

थानाप्रभारी फूलचन्द बालोटिया ने बताया कि 30 अगस्त को उदयपुर सेन्ट्रल जेल के पीछे वार्ड संख्या 28 में रहने वाले शोभालाल माली ने अजमेर रेलवे स्टेशन पर शादी का झांसा देकर धोखाधड़ी का शिकार बनाने की शिकायत दी।

प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए झारखंड धनबाद कर्मगेरा डिगवाडीह मांझी बस्ती मदरसा के पास निवासी प्रियंका मेरी एलायस(26) पुत्री साइमन एलायस, दलाल धनबाद धनसार हल्दी पट्टी गांधी रोड निवासी मेघनाथ चार(40) पुत्र अनिल चार और स्थानीय दलाल उदयपुर घासा हाल गारियावास सविना श्रीमनगर निवासी अनिल जैन(55) को गिरफ्तार किया। पुलिस तीनों आरोपी को अदालत में पेशकर रिमांड पर लिया। पुलिस की कार्रवाई में हैडकांस्टेबल दिलीपसिंह, लेखराज, कमलकिशोर, सिपाही भंवरविक्रमसिंह, जितेन्द्रसिंह, रणजीत, अशोक कुमार व महिला कांस्टेबल विमला शामिल है।

# दिल्ली के युवक फ़िल्मी स्टाइल में कर रहे थे तस्करी

## चावल के भूसे में ऐसे छिपाई 50 लाख की अवैध शराब

कोटा, 2 सितंबर (एजेंसियां)। कोटा ग्रामीण के कनवास थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 50 लाख रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। शराब तस्कर फिल्मी अंदाज में ट्रक के अंदर चावल के भूसे के बीच शराब की पेटियां छिपाकर ले जा रहे थे, लेकिन पुलिस की सतर्कता से उनकी यह चालाकी नाकाम हो गई।

ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि कनवास थाना पुलिस ने पंजाब में निर्मित 382 पेटी अंग्रेज़ी शराब बरामद की। अंतरराज्यीय स्तर पर पकड़ी गई इस अवैध खेप की अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपए आंकी गई है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान धर्मेन्द्र



(44) और नरेन्द्र (31), निवासी छावला (दिल्ली) के रूप में हुई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को भी जब्त कर लिया है।

लंबे समय से कर रहे थे तस्करी

एसआई श्यामाराम विश्नोई ने बताया कि दोनों आरोपी लंबे समय से अंतरराज्यीय स्तर पर शराब तस्करी में सक्रिय थे। पुलिस को इस संबंध में गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी जिसके बाद एडिशनल एसपी रामकल्याण मीणा के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रक को रोका और मौके पर छापेमारी कर भूसे के नीचे छिपाई गई शराब बरामद कर ली। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच जारी है और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर अवैध तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। कार्रवाई में कांस्टेबल रमेशचंद और बीरबल सिंह की अहम भूमिका रही।


### बारिश से बीकानेर में मचा हाहाकार! तेज बहाव में बहने लगे वाहन; खौफनाक मंजर देख कांप उठे लोग

बीकानेर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में इस वर्ष कई जिलों में भयंकर बारिश देखने को मिली है। वहीं, हनुमानगढ़ और बीकानेर जैसे जिलों में अभी हालात चिंताजनक बने हुए हैं। तेज बारिश की वजह से पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। जलभराव से जीवन प्रभावित हो रहा है। रविवार शाम को बीकानेर शहर में महज कुछ घंटों के बारिश के बाद काफी डरावना मंजर देखने को मिला। सड़क पर पानी ही पानी दिखने लगा। पानी की रफ्तार इतनी तेज थी कि जैसे ये सड़क नहीं कोई नदी बह रही हो। एक दम सड़क पर बहने वाला पानी उफान पर था।

पानी का तेज बहाव देख लोग घरों में कैद होने के लिए मजबूर हो गए। बारिश की तस्वीरें आपको हैरान कर देंगी। तेज हवाओं के साथ आई झमाझम बारिश ने बीकानेर की सड़कों को तालाब बना दिया। कोटगेट इलाके में पानी का बहाव इतना तेज था कि खड़े वाहन बहते चले गए। लोग घंटों तक अपने वाहनों को बचाने की मशक्कत करते दिखे। गलियों और सड़कों पर जलभराव,शहर की लगभग सभी मुख्य सड़कें पानी में डूब गईं। बाजारों से लेकर गलियों तक, हर जगह जलभराव ने लोगों को परेशान कर दिया। वही शहर के निचले इलाकों में कई फीट तक पानी जमा हो गया। बारिश ने किसानों के चेहरों पर भी दोहरी तस्वीर दिखाई। जहां मूंगफली और ग्वार की फसलों को मिली संजीवनी, वहीं मूंग-मोठ की फलियों वाली फसलें बर्बाद हो गईं।काफी समय बाद हुई झमाझम बारिश ने बीकानेर को राहत भी दी और आफत भी लेकिन कोटगेट पर बहते वाहनों का नजारा बीकानेर वासियों को लंबे समय तक याद रहेगा।

# वाईएस ने किसानों के बिजली के बकाए और उनके ख़िलाफ़ दर्ज मुक़दमे भी रद्द किए : रेवंत रेड्डी

**जैविक खेती में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को वाईएस राजशेखर रेड्डी स्मृति पुरस्कार**



हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद के एक होटल में वाईएस राजशेखर रेड्डी मेमोरियल अवार्ड 2025 कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्क, पीसीसी अध्यक्ष महेश गौड़, मंत्री श्रीधर बाबू, पूर्व राज्यसभा सदस्य केवीपी रामचन्द्र राव, पूर्व पीसीसी प्रमुख राघवीरा रेड्डी ने भाग लिया। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जैविक खेती में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉ. सुभाष पालेकर, डॉ. सी. सुधा और डॉ. नागेश्वर राव को डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि समकालीन राजनीति में, जब सत्ता होती है, तो वे दोस्त बनकर आते हैं।

सत्ता जाने पर वे गायब हो जाते हैं। अपने छात्र जीवन से लेकर मृत्यु तक, केवीपी रामचंद्र राव, वाईएस के साथ साये की तरह खड़े रहे। वाईएस ने किसानों के लिए काम किया और कहा कि कृषि एक उत्सव है, अपराध नहीं। कुछ लोग मेरे पास केवीपी रामचंद्र राव जैसा बनने के लिए आते हैं। इस पीढ़ी के पास सिर्फ़ एक वाईएस है, सिर्फ़ एक केवीपी है। उनके पास कोई विकल्प नहीं है। जो गलतियाँ अपने खाते में और अच्छाइयाँ वाईएस के खाते में डालते हैं। केवीपी में सब कुछ त्यागने का गुण और समस्याओं का सामना करने की शक्ति है। देश में किस राज्य में वाईएस ने सरकार बनने के बाद भी मुफ़्त बिजली देने के लिए सरकार को प्रभावित किया है? मुफ़्त बिजली पर पहला समझौता करने के अलावा, वाईएस ने किसानों के बिजली के बकाए और उनके ख़िलाफ़ दर्ज मुक़दमे भी रद्द कर दिए हैं। उन्होंने 2 रुपये प्रति किलो चावल दिया। मुफ़्त बिजली, यही नाम दिमाग़ में आता है। उन्होंने कहा कि शुल्क प्रतिपूर्ति और आरोग्य श्री जैसी योजनाएँ सत्ता में चाहे कोई भी आए, जारी रखनी होंगी। हम तेलंगाना में 3.10 करोड़ लोगों को मुफ़्त चावल दे रहे हैं। इसमें वाईएस की भावना है। हम सत्ता में आने के 3 महीने के भीतर 2 लाख किसानों का कर्ज़ माफ़ कर देंगे। हमने 25,35,694 किसानों का 20,617 करोड़ का कर्ज़ माफ़ कर उन्हें कर्ज़ मुक्त कर दिया है। पिछले मुख्यमंत्री जिन्होंने कहा था कि चावल लगाओ तो गाँव बन जाएगा, हमने उन्हें 100 रुपये का बोनस दिया। अगर आप चावल बोते हैं तो 500 रुपये, हमने आखिरी दाना भी खरीदा। राज्य में प्राकृतिक खेती की योजनाएँ, हम इसे साकार करेंगे तेलंगाना में सूखे और पलायन को रोकने के लिए गोदावरी का पानी लाने के लिए वाईएस प्राणहिता चेवेल्ला परियोजना शुरू की गई थी नलगोंडा में फ़्लोराइड की समस्या के समाधान के लिए वाईएस ने एसएलबीसी शुरू किया। 30 किलोमीटर लंबी सुरंग खोदने के बाद काम रोक दिया गया हमारी सरकार एसएलबीसी को पूरा करेगी और किसानों के सपने को साकार करेगी। वाईएस ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि मेरे जीवन का लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है मैं, वाईएस शर्मिला, राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अथक प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि जब वाईएस मुख्यमंत्री थे, तब मैंने विपक्षी विधायक के रूप में विधानसभा में बजट पर सरकार को चुनौती दी थी। हालाँकि मैं पहली बार विधायक बना था, वाईएस ने विधानसभा में मेरी आलोचनाओं का जवाब दिया। वाईएस ने कहा कि क्रोध की नस कट गई। जब वे सत्ता में थे, तब वाईएस ने अहंकार के बिना सोच-समझकर विपक्ष को जवाब दिया।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**
**सं.डीआरएम/वर्क्स/एससी/86-91/2025/ओटी, दि.29-08-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो हेतु दि.26-09-2025 के 14.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित है।

ई-निविदा सं. 86_सीओ _एससी 25_ओटी, कार्य विवरणः बीपीक्यू-केजेडजे, केजेडजे-केआय, डब्ल्यूडी-एससी एण्ड एससी-केजेडजे सेक्शन्सः संपूर्ण ट्रैक नवीकरण(रिन्युएल्स) सहित एवं रेल नवीकरण(रिन्युएल्स) द्वारा तत्संबंधित से जुडे एसआर.डीइएन/उत्तर/एससी, एसआर. डीइएन/पश्चिम/एससी एण्ड डीइएन/मध्य/एससी सेक्शंस के तहत विविध स्थानों पर मोबाइल फ्लश बट्ट वेल्डिंग प्लांट इन सिटु के माध्यम से रेल जायंट्स 60किग्रा /52किग्रा की वेल्डिंग करना। अनुमानित निविदा मूल्य रू. 2,79,40,626/- पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू. 2,89,700/- कार्य पूरा करने की अवधि महिनों मेः09, रखरखाव अवधि महिनों मेः शून्य, मानक पात्रता मानदंडों के प्रति समान प्रकृति के माने जाने वाले कार्यःएफ-6- रेल्स के हायर सेक्शन या 60किग्रा/52किग्रा से जुडा फ्लेश बट्ट वेल्डिंग।

ई-निविदा सं. 87_डब्ल्यू _एससी _25_ओटी, कार्य विवरणः एससी-वाडी सेक्शनःअमृत भारत फेज-। के तहत विकाराबाद व तांडूर स्टेशनों पर पैसेंजर अमेनिटीज या यात्रियों की सुविधाओं का सुधार कार्य।

अनुमानित निविदा मूल्य रू. 5,21,14,240/- पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू. 4,10,600/- कार्य पूरा करने की अवधि महिनों मेः09, रखरखाव अवधि महिनों मेः 36, मानक पात्रता मानदंडों के प्रति समान प्रकृति के माने जाने वाले कार्यःसी-2- कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य( ट्रैक कार्यों/झोनल कार्यों को छोडकर)।

ई-निविदा सं. 88_डब्ल्यू _एससी _25_ओटी, कार्य विवरणः एसडब्ल्यू 1) एडीइएन /वीकेबी सब-डिवीजन के तहत सीडीएनआर, बीटीएनआर व एचएफजेड पर अतिक्रमण से स्टेशन क्षेत्रों को बचाने हेतु बाउण्डरी वाल का निर्माण कार्य। एसडब्ल्यू 2)एसआर.डीइएन/पश्चिम/एससी क्षेत्राधिकार के तहत बीटीएनआर, सीडीएनआर, एचटीसीवाय, बीआरबीडी, जीडीक्यू,एसइएम, एनएनडब्ल्यू व सीटी स्टेशनों पर स्टेजिंग सहित मौजूदा पुराने वाटर टैंक्स का प्रतिस्थापन करना। एसडब्ल्यू 3) एसआर.डीइएन/पश्चिम/एससी क्षेत्राधिकार के तहत आरएमवाय, जीडीक्यू, एमवीएच, केक्यूटी, जीजीडी,एनएडब्ल्यू, एमक्यूआर व सीटी स्टेशनों पर जेड टाइप शेल्टर्स तथा बेंचेस का प्रावधान।

अनुमानित निविदा मूल्य रू.7,51,33,208/- पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.5,25,700/- कार्य पूरा करने की अवधि महिनों मेः18, रखरखाव अवधि महिनों मेः 36, मानक पात्रता मानदंडों के प्रति समान प्रकृति के माने जाने वाले कार्यःसी-2- कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य( ट्रैक कार्यों/झोनल कार्यों को छोडकर)।

ई-निविदा सं. 89_एन_एससी 25_ओटी, कार्य विवरणः बीपीक्यू-केजेडजे सेक्शनः एडीइएन/बीपीए सब-डिवीजन के एसएसइ/पी.वे/एमएजेच व एसकेजेडआर सेक्शन (महाराष्ट्र राज्य) में कुल 11.908 किमी लम्बाई के लिए चौडा करना/सेस्स की मरम्मत, किनारे के पास नीचले क्षेत्रों को भरना, रेलवे फारमेशन द्वारा आवश्यक गहराई से आवश्यक ढलान आदि तक टो बैंक एण्ड प्रिकास्ट /कास्ट इनसिटु आऱसीसी सेंट्रल ड्रेन या नाली/क्रास ड्रेन एचडीपीई का टीएफटीआर कार्य। (दो पैकेट प्रणाली)।

अनुमानित निविदा मूल्य रू. 13,89,10,667/- पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू. 8,44,600/- कार्य पूरा करने की अवधि महिनों मेः12, रखरखाव अवधि महिनों मेः 36, मानक पात्रता मानदंडों के प्रति समान प्रकृति के माने जाने वाले कार्यःएफ-9- मिट्टी का कार्य या एर्थ वर्क या फार्मेशन ट्रीटमेन्ट से जुडा कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य/रेलवे फार्मेशन का पुनर्वास।

ई-निविदा सं. 90_सीआर_एससी _25_ओटी, कार्य विवरणःडब्ल्यूडी-एससी-केजेडजे सेक्शंस (डाउन एण्ड अप लाइनें) डीइएन/मध्य/एससी सेक्शन के तहत एसडब्ल्यू 1) पीक्यूआरएस/टीआरटी/मैन्युएल पध्दति द्वारा इन्डयुसिंग रिकुपमेन्ट तथा बल्लास्ट कुशन की 35 सीएम तक वृध्दि तथा कुल 2.221 किमी लम्बाई के लिए बल्लास्ट की डीप स्क्रीनींग से जुडा सीटीआऱ(पी) कार्य। एसडब्ल्यू 2) कुल 2.725 किमी लम्बाई के लिए टीआऱआऱ (पी) कार्य। एसडब्ल्यू 3) रिकुपमेन्ट तथा बल्लास्ट कुशन की 25 सीएम तक वृध्दि तथा कुल 32.833 किमी लम्बाई के लिए बल्लास्ट की डीप स्क्रीनींग से जुडा टीएसआऱ(पी) कार्य। एसडब्ल्यू 4) तत्संबंधित विविध स्थानों पर कुल 35.032 किमी लम्बाई के लिए संपूर्ण फिट्टिंग रिनुएल या नवीकरण कार्य।

अनुमानित निविदा मूल्य रू.4,59,42,255/- पूर्व धरोहर राशि-पूधरारू.3,79,800/- कार्य पूरा करने की अवधि महिनों मेः12, रखरखाव अवधि महिनों मेः 45(दिन), मानक पात्रता मानदंडों के प्रति समान प्रकृति के माने जाने वाले कार्यःएफ-3- ट्रैक रखरखाव कार्य सहित कोई भी रेलवे ट्रैक कार्य।

ई-निविदा सं. 91_सीआर_एससी _25_ओटी, कार्य विवरणःएससी-केजेडजे सेक्शनः इएलएस/केजेडजेः होमिंग क्षमता में 175 से 300 लोकोज. तक वृध्दि करना।

अनुमानित निविदा मूल्य रू.8,60,37,279/- पूर्व धरोहर राशि-पूधरारू.5,80,200/- कार्य पूरा करने की अवधि महिनों मेः12, रखरखाव अवधि महिनों मेः 36, मानक पात्रता मानदंडों के प्रति समान प्रकृति के माने जाने वाले कार्यःसी-2- कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य(ट्रैक कार्यों/झोनल कार्यों छोडकर)।

निविदाकार तत्संबंधित में, केवल ई-टेन्डरींग के माध्यम से ही भाग ले सकते हैं तथा इस मामले में मैन्युएल आफर्स पर कतई विचार नही किया जायेगा।

निविदा शर्ते/अन्य विवरण, आयआरइपीएस वेबसाइटः www.ireps.gov.in के निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है, जिसमें भाग लिया जा सकता है तथा जिसमें यदि कोई परिवर्तनों के होने पर उसका अवलोकन किया जा सकता है।

सभी भावी निविदाकारों से अनुरोध है कि, पूधरा या पूर्व धरोहर राशि को केवल आनलाइन पेमेन्ट्स/बीजी द्वारा ही भुगतान करें।

तत्संबंधित निविदा सूचना को, सीनि. डीइएन/को-आर्डिनेशन, सिकंदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया गया है, जिसे सभी कार्यालयीन दिनों में देखा जा सकता है।

सभी भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, जीएसटीआयएन पहचान संख्या प्राप्त करें तथा इसे अपने आफर के साथ प्रस्तुत करें।

**सीनि. डीइएन/को-आर्डिनेशन/ सिकंदराबाद**


## देशी शराब ले जाते तीन लोग गिरफ्तार

आसिफाबाद, 2 सितंबर ( स्वतंत्र वार्ता)। ज़िला टास्क फ़ोर्स पुलिस ने आज दोपहर अवैध शराब (देशी दारू) ले जा रहे दो लोगों और इसमें शामिल एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया। ज़िला एसपी कांतिलाल पाटील ने यह जानकारी दी।

एसपी के अनुसार महाराष्ट्र से कागजनगर अवैध शराब ले जाए जाने की सूचना मिलने पर टास्क फ़ोर्स टीम ने तुरंत कार्रवाई की और कार की जाँच के दौरान ✎ास्टिक की थैलियों में पैक 1,050 बोतलें (प्रत्येक बोतल 90 मिली) देशी शराब बरामद की गई। उन्होंने बताया कि ज़ब्त की गई शराब की कीमत लगभग 63,000 रुपये होगी। विशाल, निवासः चंद्रपुर, महाराष्ट्र 2. दिनेश मित्रा, निवासः महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया है।


**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**(https://ireps.gov.in माध्यम से)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, सीइ/सी-।।।/एससी, कंस्ट्रक्शन आर्गनाइजेशन, एस.सी. रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित है।

एनआयटी संख्याः 20-सीएओ-सी-एससी-2025 दि.16-08-2025, कार्य विवरणः दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे (निर्माण संगठन)-मिरयालगुडा (एमआरजीए) गूड्स शेड पर अभियांत्रिकी, सुविधाओं का विकास कार्य - पर्याप्त हरियाली सहित बीटी एप्रोच रोड तथा बाउण्डरी फेन्सिंग का प्रावधान। अनुमानित मूल्यःरु.1,79,63,102.01, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.2,39,800.00, पूरा करने की अवधिः 09(नौ) महिने, खोलने की तिथिः 24-09-2025 के 15.00 बजे

बोली दस्तावेज एवं अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइटः https://ireps.gov.in पर लागिन करें।

निविदाकार अपने आफर्स को आनलाइन में निविदा प्रस्तुति अवधि के दौरान निविदा बंद करने की तिथि से पंद्रह दिन पहले प्रस्तुत कर सकते हैं।

निविदाकार किसी भी शुध्दिपत्रों (केवल आनलाइन पर जारी) को, निविदा प्रस्तुति की अवधि के प्रारंभिक तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

**मुख्य प्रशासकीय अधिकारी/निर्माण/सिकंदराबाद**

**निविदा संख्याः 23-ओएसडब्ल्यू-25-26-एसआर.डीइइ/एम-एचवायबी**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, एसआर.डीइइ/एम/एचवायबी द्वारा तत्संबंधित निम्न निविदाओं की बंद करने की तिथि 25-09-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदाता अपने मूल/संशोधित बोलियों को तत्संबंधित बंद करने की तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं तथा इस मामले में कोई भी मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

कार्य विवरणः निविदा सं.23-ओएसडब्ल्यू-25-26-एसआर.डीइइ/एम-एचवायबीः हैदराबाद डिवीजनः 1) पीएफए आफिस के दूसरी तथा तीसरी मंजिल पर सी ब्लाक रेल निलयम पर मरम्मत/नवीकरण कार्य-बिजली व्यवस्थाएं। 2) एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग का नवीकरण कार्य सहित क्लर्क्स की डीलींग हेतु इन्डिविज्युएल डेस्क्स व्यवस्था तथा वीसी सुविधा के साथ कान्फरंस हाल का अद्यतन या अपडेटिंग, एन्सिलियरी वर्कशाप बिल्डिंग का नवीकरण करना एवं 7बीएन/आरपीएसएफ/एमएलवाय की एमटी ब्रांच पर छिटपुट कार्य -- बिजली व्यवस्थाएं। अनुमानित मूल्यःरु.84,56,265.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.1.69.100.00, पूरा करने की अवधिः 12 महिने, बंद करने की तिथिः 25-09-2025

**वेबसाइट विवरणः www.ireps.gov.in**

निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः एसआर.डीइइ/एम/एचवायबी का कार्यालय, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500071

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, हैदराबाद**

A1333

**निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी एवं निविदा दस्तावेज की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**


# तेलंगाना में 50 साल की सबसे भारी बारिश से तबाही

**कामारेड्डी समेत कई जिलों में सिंचाई संरचनाएँ ध्वस्त, फसलें बर्बाद**



हैदराबाद, 2 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण 26 से 28 अगस्त तक तेलंगाना में हुई भारी बारिश ने राज्य में भारी तबाही मचाई। इसे पिछले 50 वर्षों की सबसे भीषण वर्षा बताया जा रहा है।

कामारेड्डी, आदिलाबाद, संगारेड्डी और मेदक जैसे जिलों में सिंचाई बुनियादी ढाँचे और फसलों को व्यापक नुकसान पहुँचा है। 27 अगस्त को चरम पर पहुँची बारिश ने कामारेड्डी जिले को सबसे अधिक प्रभावित किया। यहाँ 1,515 लघु सिंचाई तालाबों में से 10% से अधिक टूट गए या क्षतिग्रस्त हो गए। राजमपेट मंडल के अरगोंडा में दो दिन में 536.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बाढ़ के चलते पोचारम और निज़ाम सागर परियोजनाएँ उफान पर आ गईं, जबकि बीबीपेट तालाब के रिसाव से पुल बह जाने से यातायात बाधित हुआ।

मंजीरा नदी के उफान से मेदक और संगारेड्डी जिलों में 50 से अधिक तालाब टूट गए। 16,000 एकड़ से अधिक फसलें जलमग्न हो गईं और कई खेतों पर रेत जमने से भूमि अनुपयोगी हो गई। सिंगुर बाँध की बाईं नहर टूटने से तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करना पड़ा। आदिलाबाद जिले में स्वर्णा और कदम नदियों के उफान से कई गाँव जलमग्न हो गए। नहरों और सड़कों को भारी क्षति पहुँची, जिससे ग्रामीण इलाकों का संपर्क बाधित हो गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, राज्य में 2.2 लाख एकड़ से अधिक धान, मक्का और कपास की फसलें नष्ट हो गईं। अकेले कामारेड्डी में 77,400 एकड़ फसल का नुकसान हुआ है। सिंचाई विभाग के अनुसार, सैकड़ों तालाब, नहरें और सहायक संरचनाएँ बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।



**मैत्रीनगर, कुकटपल्ली के श्याम निवास में मनोज कुमार बंग द्वारा इस गणेश चतुर्थी पर 'गणपति गढ़' थीम पर आधारित गणेश सजावट की है। पिछले 16 सालों से अलग अलग तरह की झांकिया बनाते आ रहे है।**

## शादी का झांसा देकर शोषण, सॉफ्टवेयर इंजीनियर को 20 साल की सजा

हैदराबाद, 2 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। स्थानीय अदालत ने मंगलवार को एक महिला का यौन उत्पीड़न करने के मामले में सॉफ्टवेयर इंजीनियर स्वागत कुमार भोई (42) को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 5,100 रुपये का जुर्माना भी लगाया। पुलिस के अनुसार, 2017 में आरोपी ने पीड़िता से दोस्ती की और शादी का झांसा देकर कई बार उसका यौन शोषण किया। जब महिला ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो उसने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

### 'मां के प्रति ...

इस योजना ने हर मां को, इस चिंता से मुक्ति दिलाई है कि आज घर में बच्चों का पेट कैसे भरेगा। महिलाओं की आमदनी बढ़ाने के लिए हम उन्हें लखपति दीदी, ड्रोन दीदी और बैंक सखी भी बना रहे हैं। ये सारी योजनाएं माताओं-बहनों की सेवा का एक बहुत बड़ा महायज्ञ है। आज इस कार्यक्रम में मैं आपको ये भरोसा देता हूं कि आने वाले महीनों में बिहार की एनडीए सरकार इस अभियान को और तेज करने जा रही है।

'कुछ दिनों बाद नवरात्र का पावन पर्व शुरू होने वाला है। पूरे देश में नवदुर्गा की पूजा होगी, यानी मां के नौ रूपों की पूजा होगी। लेकिन, बिहार और पुरबिया इलाके में नवदुर्गा के साथ सतबहिनी पूजा की परंपरा भी पीढ़ियों से है। मां के रूप में सात बहनों की पूजा की परंपरा, मां के प्रति श्रद्धा और विश्वास, ये बिहार की पहचान है।'

### एमएलसी कविता पार्टी ...

उस पत्र में कविता ने लिखा था, आप (केसीआर) ने केवल दो मिनट बोला और उसी से कुछ लोग यह अटकलबाजी करने लगे कि भविष्य में भाजपा से गठबंधन होगा। मुझे भी व्यक्तिगत रूप से लगा कि आपको भाजपा के खिलाफ और तीखा बोलना चाहिए था। शायद इसलिए क्योंकि मुझे भाजपा की वजह से ही कष्ट झेलना पड़ा। लेकिन पापा, आपको और सख्त रुख अपनाना चाहिए था।

'पत्र लीक की जांच के बजाय मेरे खिलाफ कार्रवाई की'

उन्होंने सार्वजनिक रूप से पूछा कि यह पत्र किसने लीक किया। कविता ने पार्टी के भीतर ही कुछ लोगों पर संगठन को कमजोर करने का आरोप लगाया। कविता ने कहा, मैंने सैकड़ों पत्र लिखे हैं, इसमें गलत क्या है? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पत्र लीक की जांच करने के बजाय पार्टी नेतृत्व ने उनके खिलाफ कार्रवाई की। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके पास झूठी जानकारियां पहुंचाई गईं जो केसीआर के नाम से थीं। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि बीआरएस को भाजपा में मिलाने की कोशिशें हो रही हैं, जिसका उन्होंने जेल में रहते हुए भी विरोध किया था।

# वीर तेजाजी के जागरण में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब



हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भोनगिरी स्थित डोलफिन होटल के पीछे वीर तेजाजी महाराज के मंदिर प्रांगण मे भादव मास के पावन अवसर पर दो दिवसीय वीर तेजाजी महाराज का भव्य जागरण सोमवार 1 सितम्बर एवं मंगलवार 2 सितम्बर पुजा-अर्चना व महाप्रसादी कार्यक्रम जाट समाज वीर तेजाजी नवयुवक मंडल समाज बन्धुओं व भक्तों के सानिध्य मे आयोजित किया गया।

जारी प्रेस विज्ञप्ति मे नवयुवक मंडल के कोषाध्यक्ष धर्माराम कड़वा व सहकोषाध्यक्ष मोहनलाल चांगल ने संयुक्तरुप से बताया कि हर वर्ष की भांति भादव मास की नवमी के पावन अवसर पर वीर तेजाजी महाराज का भव्य जागरण समाज बन्धुओं के सानिध्य मे आयोजित किया गया । वीर तेजाजी महाराज का विशेष श्रृंगारकर, पूजा-अर्चना व आरती के पश्चात् पधारे भक्तों एवं समाज बन्धुओं के लिए सायं 7 बजे से भोजन प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। रात्रि 9.15 बजे ज्योत प्रज्वलितकर एक शाम वीर तेजाजी के नाम जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे आस्था टीवी चैनल फेम सिंगर कन्हैया वैष्णव ने गणपति वन्दना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया व देर रात तक मरुधरा की भजन गायिका आकृति मिश्रा ने वीर तेजाजी महाराज भजनों के पुष्प अर्पित किये । जिसमे वीर तेजाजी महाराज के भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।

भक्तों ने वीर तेजाजी महाराज अमर रहे के नारे लगाकर नाचते-गाते हुए मंदिर प्रांगण को भक्तिमय बना दिया। जागरण के मध्य विशेष बोलियों का आयोजनकर लाभार्थी परिवार का विशेष सम्मान किया गया ।

समाज बन्धुओं ने मंगलवार 2 सितम्बर दशमी को प्रात: वेला मे पुजा-अर्चना, दर्शन-वंदनकर, श्री तेजाजी महाराज के चरणों मे धूप, अगरबत्ती, नारियल एवं पुष्प अर्पितकर खुशहाली की कामना की। प्रात: 11.30 बजे से महाप्रसादी की व्यवस्था की गयी। जिसका जाट समाज बन्धुओं ने सपरिवार लाभ लिया। कार्यक्रम मे जाट समाज वीर तेजाजी नवयुवक मंडल के कार्यकर्ता व समाज बन्धु सपरिवार उपस्थित रहे। मंच का संचालन कोषाध्यक्ष धर्माराम कड़वा ने किया । आरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ ।

# श्री अन्न अनुसंधान संस्थान के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन



हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के सहयोग से श्री अन्न के सतत उत्पादन एवं मूल्य शृंखला पर एक राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम 4 सितंबरतक आयोजित किया जा रहा है।

इस चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य उन्नत श्री अन्न उत्पादन तकनीकों,प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में किसानों के ज्ञान एवं कौशल को बढ़ाना, पोषण सुरक्षा तथा आय सृजन को बढ़ावा देना है। इस प्रशिक्षण में भारत भर के 13 राज्यों के कुल 30 प्रगतिशील किसान भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान की निदेशक डॉ. सी तारा सत्यवती उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में एफएओ के विशिष्ट अतिथि बो झो, ताकायुकी हागिवारा, लाबियोस रोमियो, आशीष कुमार और शोबन सज्जा, इक्रिसेट के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर डॉ. तारा सत्यवती ने खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में श्री अन्न के महत्व पर प्रकाश डाला और श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं की पहलों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समन्वय पाठ्यक्रम निदेशक के रूप में कार्यरत डॉ. बी. गंगय्या और डॉ. ए श्रीनिवास द्वारा किया गया।

## आसिफाबाद में बाघ का आतंक

**पांच गायों को बनाया शिकार, ग्रामीणों में दहशत**

कुमराम भीम-आसिफाबाद, 2 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के तिरयानी रेंज में एक मादा बाघ के आतंक से ग्रामीण सहमे हुए हैं। बीते कुछ दिनों में इस बाघ ने कम से कम पाँच गायों को मार डाला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे लगातार खतरे में जी रहे हैं और अपने मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह बाघ महाराष्ट्र के ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व से नए क्षेत्र की तलाश में आसिफाबाद की ओर आया है। हाल ही में रेबेना मंडल के गोलेटी गाँव के बाहरी इलाके, जहाँ एक खुली खदान परियोजना चल रही है, के पास भी इसे देखा गया था। ग्रामीणों ने वन अधिकारियों से बाघ को घने जंगलों की ओर खदेड़ने और मारे गए मवेशियों के लिए मुआवज़ा जारी करने की माँग की है। चरवाहों का कहना है कि वे अब अकेले खेत या जंगल की ओर जाने से डर रहे हैं।



आज केबीआर में पूजा के यजमान में राजेंद्र कुमार अग्रवाल सुरेंद्र कुमार अग्रवाल गोपाल बलदवा माया अग्रवाल भोजरेड्डी, प्रताप रेड्डी प्रकाश गौड़. रामलू गौड़ श्रीनिवास यादव. पांडे नायक. वेंकटेश गौड़. विश्वनाथ यादव मल्लप्पा कृष्ण मूर्ति श्रीनिवास चौधरी उपस्थित थे।



जामबाग पार्षद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जयसवाल ने गौतम भक्त समाज नारायणगुड़ा कार्यक्रम में पहुंच कर भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया, जिसका आयोजन समाज के अध्यक्ष आर उमेंद्र कुमार, अभय, महेश जयसवाल, दिनेश बाबू, प्रकाश बाबू, नरसिंग गौड़, संतोष, उदय भास्कर, श्रीकांत, उदय, नितिन जयसवाल, हेमथ, श्रीनिवास जोशी ने किया।

## पत्नी की गला घोंटकर हत्या, पति ने किया आत्मसमर्पण

कोत्तागुडेम, 2 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक ऑटो-रिक्शा चालक ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपी शमशीर पाशा ने वारदात के बाद मंगलवार को बर्गमपाडु मंडल मुख्यालय में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। मृतका की पहचान महमूदा बेगम (30) के रूप में हुई है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि पाशा शराब और ऑनलाइन सट्टेबाज़ी का आदी था, जिसका उसकी पत्नी लगातार विरोध करती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे। सोमवार रात भी कहासुनी हुई, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। पड़ोसियों और परिवार को घटना का पता तब चला जब महमूदा का बेटा अपनी दादी के घर गया और बताया कि उसकी माँ नहीं उठ रही है। सूचना मिलने पर परिवार मौके पर पहुँचा और पुलिस को खबर दी।


स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com

Epaper :
epaper.swatantravaartha.com

For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# चीन-जापान और कजाकिस्तान पर जीत के बाद भारतीय टीम के हौसले बुलंद, सुपर-4 में कोरिया से सामना

राजगीर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय टीम ने हर क्षेत्र में बेहतर खेल दिखाया चाहे गोलकीपिंग हो, डिफेंस, मिडफील्ड या आक्रमण। फॉरवर्ड पंक्ति का प्रदर्शन तारीफ के काबिल रहा जिसमें अभिषेक ने चार गोल दागे। सुखजीत सिंह ने भी हैट्रिक लगाई और फ्लैंक से उनकी ड्रिबलिंग और 'डी' के भीतर शांतचित्त रवैया जबरदस्त था।

पूल चरण में अपराजेय रहने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय हॉकी टीम को एशिया कप सुपर-4 चरण के मुकाबले में बुधवार को पांच बार की चैंपियन और पिछली विजेता कोरिया के खिलाफ अपने खेल में सुधार करना होगा। भारतीय टीम पूल ए में सारे मैच जीतकर सुपर 4 में पहुंची है। उसने चीन को 4-3 से, जापान को 3-2 और कजाकिस्तान को 15-0 से हराया।

फॉर्म से बाहर चल रही कोरिया की टीम

जीत के बावजूद भारत का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है। चीन और जापान के खिलाफ औसत प्रदर्शन के बाद उसने टूर्नामेंट में दूसरी ही बार खेल रही कजाखस्तान टीम पर बड़े अंतर से जीत दर्ज की। दूसरी ओर कोरियाई टीम भी अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं है। वह पूल बी में मलयेशिया के बाद दूसरे स्थान पर रही और मलयेशिया ने उसे 4-1 से हरा दिया था।




**कजाकिस्तान के खिलाफ चमके भारतीय खिलाड़ी**

तेज गर्मी और भारी उमस के बीच टीमें संघर्ष करती नजर आई लेकिन सुपर-4 के मैच शाम को होंगे जिससे प्रदर्शन बेहतर रहने की उम्मीद है। भारतीय टीम ने हर क्षेत्र में बेहतर खेल दिखाया चाहे गोलकीपिंग हो, डिफेंस, मिडफील्ड या आक्रमण। फॉरवर्ड पंक्ति का प्रदर्शन तारीफ के काबिल रहा जिसमें अभिषेक ने चार गोल दागे। सुखजीत सिंह ने भी हैट्रिक लगाई और फ्लैंक से उनकी ड्रिबलिंग और 'डी' के भीतर शांतचित्त रवैया जबरदस्त था। भारत की फॉरवर्ड पंक्ति में एकमात्र कमजोर कड़ी दिलप्रीत सिंह रहे जिन्होंने गोल तो किया लेकिन एक आसान मौका गंवाया भी। अभी तक टूर्नामेंट में वह जूझते ही नजर आये हैं और अब उन्हें प्रदर्शन में सुधार करना होगा। भारत के कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'सुपर-4 चरण से पहले स्ट्राइकर्स का लय में रहना जरूरी है।'

**कोच बोले- हमारी टीम आत्मविश्वास से भरी है**

मनप्रीत सिंह की अगुवाई में मिडफील्ड का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने डिफेंस की कमान बखूबी संभाल रखी है। पहले दो मैचों में औसत प्रदर्शन के बाद गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक के प्रदर्शन में भी सुधार हुआ है। कोच फुल्टन ने हालांकि कहा कि असल टूर्नामेंट अब शुरू हुआ है जिसमें पिछले नतीजे मायने नहीं रखते। उन्होंने कहा, 'हमारी टीम आत्मविश्वास से भरी है। खिलाड़ी लय में है और हम यही चाहते हैं।' कजाकिस्तान के खिलाफ हरमनप्रीत, जुगराज सिंह, संजय और अमित रोहिदास चारों ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किये। जुगराज ने हैट्रिक लगाई। सुपर-4 चरण हालांकि सभी टीमों (भारत, कोरिया, चीन और मलयेशिया) के लिये नयी शुरूआत होगी। सभी टीमें एक दूसरे से खेलेंगी और शीर्ष दो रविवार को फाइनल में जगह बनायेंगी। एशिया कप बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप में सीधे जगह बनाने का मौका है। सुपर-4 चरण के दूसरे मैच में मलयेशिया का सामना चीन से होगा।

# कॉमनवेल्थ गेम्स-भारत के साथ नाइजीरिया का भी मेजबानी का प्रस्ताव

## नवंबर में स्कॉटलैंड में फैसला; भारत की 2036-ओलिंपिक की भी दावेदारी

नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के साथ ही नाइजीरिया ने भी 2030 में होने वाले सेंटेनरी (100वें) कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए प्रस्ताव जमा किया है। 31 अगस्त मेजबानी के लिए प्रस्ताव दिए जाने की आखिरी तारीख थी।

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स (सीएस) के अध्यक्ष डॉ. डोनाल्ड रुकारे ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और नाइजीरिया ने 2030 के सेंटेनरी कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए प्रस्ताव जमा किए हैं। इन दो खेल महाशक्ति राष्ट्रों की ओर से मिले सकारात्मक जवाब से पता चलता है कि कॉमनवेल्थ गेम्स का महत्व और इसकी विरासत की संभावनाएं अभी भी बरकरार हैं।




मूल्यांकन समिति का गठन

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के कार्यकारी बोर्ड ने मूल्यांकन समिति का गठन कर दिया है। इस समिति की अध्यक्षता सीएस उपाध्यक्ष सैंड्रा ओसबोर्न केसी करेंगी, जो बारबाडोस कॉमनवेल्थ गेम्स एसोसिएशन और ओलिंपिक समिति की अध्यक्ष भी हैं। समिति में अन्य सदस्यों में हेलेन फिलिप्स, ब्रेंडन विलियम्स, इयान रीड, और एंड्र्यू रायन शामिल हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत सितंबर 2025 के अंत में लंदन में दोनों देशों के प्रतिनिधि अपने प्रस्तावों को व्यक्तिगत रूप से पेश करेंगे। इसके बाद समिति अपनी रिपोर्ट सीएस कार्यकारी बोर्ड को सौंपेगी, जो 74 सदस्य देशों और क्षेत्रों के लिए मेजबान की सिफारिश करेगा। अंतिम मंजूरी नवंबर 2025 में ग्लासगो, स्कॉटलैंड में होने वाली सामान्य सभा में दी जाएगी।

पिछले साल 2036 ओलिंपिक के लिए दावेदारी की थी

भारत 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पिछले साल नवंबर में भारत ने इसकी मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी। 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लॉस एंजिलिस में होने हैं

2 एशियन गेम्स भी करा चुका है भारत

भारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। इनमें 1951 और 1982 के एशियन गेम्स और 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स शामिल हैं। 2010 में दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स हुए थे।

# छक्कों कि बरसात: काइरन पोलार्ड के बल्ले ने उगली आग, सिर्फ 29 गेंदों पर ठोके 65 रन

खेल डेस्क, 2 सितंबर (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के दिग्गज काइरन पोलार्ड भले ही इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो चुके हैं, लेकिन लीग क्रिकेट में उनका बल्ला जमकर चल रहा है. कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के 19वें मैच में भी काइरन पोलार्ड ने ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के खिलाफ एक तूफानी पारी खेली. इस मुकाबले में पोलार्ड ने छक्कों की बारिश कर दी और 8 गेंदों पर 7 छक्के जड़कर हर किसी को हैरान कर दिया.

इस मुकाबले में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की शुरुआत कुछ खास नहीं रही. टीम ने 27 रन पर ही 2 विकेट गंवा दिए और काइरन पोलार्ड जब क्रीज पर आए तो टीम ने 78 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे. लेकिन इसके बाद काइरन पोलार्ड ने गेंदबाजों की क्लास लगाते हुए एक के बाद एक कई छक्के जड़े. पोलार्ड एक समय 13 गेंदों पर 12 रन बनाकर खेल रहे थे. लेकिन इसके बाद उन्होंने 8 गेंदों में 7 छक्के जड़कर सिर्फ 21 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा कर लिया.

पोलार्ड ने नवीन बिदाईसी के एक ओवर में तीन छक्के जड़े. इसके बाद उन्होंने वकार सलामखेल के ओवर में लगातार 4 छक्के जड़ते हुए अर्धशतक तक पहुंचे. उन्होंने इस मैच में कुल 29 गेंदों का सामना



किया और 224.13 की स्ट्राइक रेट से 65 रन बनाए. उनकी इस पारी में 2 चौके और 8 छक्के शामिल रहे. इस दौरान उन्होंने निकोलस पूरन के साथ चौथे विकेट के लिए सिर्फ 49 गेंदों पर 90 रन की साझेदारी की.

**ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की दमदार बल्लेबाजी**

पोलार्ड की इस शानदार पारी के चलते ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाए. पोलार्ड के अलावा निकोलस पूरन ने 38 गेंदों पर 52 रनों की पारी खेली. वहीं, डैरेन ब्रावो ने 21 रन और कॉलिन मुनरो ने 17 रनों का योगदान दिया. दूसरी ओर सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के लिए जेसन होल्डर ने सबसे ज्यादा 2 विकेट हासिल किए.

# पैट कमिंस के कमर के नीचे दर्द

## भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे-टी-20 सीरीज से बाहर

मेलबोर्न, 2 सितंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को कमर की चोट के कारण भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (CA) ने साफ किया कि कमिंस का 'रीहैबिलिटेशन' इस तरह से मैनेज किया जा रहा है ताकि वे एशेज सीरीज के लिए पूरी तरह फिट हो सकें।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सीरीज 1 अक्टूबर से है। वहीं भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्टूबर से है। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे




पर 19-15 अक्टूबर के बीच तीन वनडे और 29 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। जबकि एशेज सीरीज का पहला टेस्ट 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होगा।

सीए ने अपने बयान में कहा,'पैट कमिंस भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। वे अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया को जारी रखेंगे, और उनकी गेंदबाजी में वापसी एशेज की तैयारी के हिसाब से तय की जाएगी।'

कमिंस की रीढ़ की हड्डी में दर्द है

32 साल के कमिंस ने इस साल यूके और कैरेबियन में चार टेस्ट मैचों में 95 से ज्यादा ओवर गेंदबाजी की थी। इसके बाद उन्हें कमर में दर्द की शिकायत हुई। मेडिकल जांच में उनकी रीढ़ के निचले हिस्से में समस्या सामने आई।

# ट्राई सीरीज, अफगानिस्तान ने यूएई को 38 रन से हराया

## राशिद खान टी-20 इंटरनेशनल के टॉप विकेट टेकर बने, सउदी को पीछे छोड़ा

दुबई, 2 सितंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान 3 विकेट लेकर पुरुष टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए। उनके 165 विकेट हो गए।

दुबई में खेले जा रहे ट्राई सीरीज के अपने दूसरे मुकाबले में अफगानिस्तान ने यूएई को 38 रन से हरा दिया। टीम को पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

इस मुकाबले में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान मैच में 3 विकेट लेकर मेंस टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए। उनके 165 विकेट हो गए हैं। वह न्यूजीलैंड के गेंदबाज टिम सउदी से आगे निकल गए हैं। सउदी के 164 विकेट हैं।

राशिद के अलावा, इब्राहिम जदरान और सेदिकुल्लाह अतल की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से अफगानिस्तान ने 188 का स्कोर बनाया। UAE की टीम टारगेट का पीछा करते हुए 8 विकेट पर 150 रन तक ही पहुंच सकी।

**सेदिकुल्लाह-इब्राहिम के बीच 84 रन की साझेदारी**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। यूएई के तेज गेंदबाजों जुनैद




सिद्दीकी और मुहम्मद रोहिद ने पावरप्ले में शानदार गेंदबाजी की और पहले तीन ओवरों में केवल 16 रन दिए। रोहिद ने रहमानुल्लाह गुरबाज को आउट कर अफगानिस्तान को शुरुआती झटका दिया। पावरप्ले के पहले पांच ओवरों में यूएई ने दबदबा बनाए रखा। हालांकि, छठे ओवर में यूएई ने सागिर खान को गेंदबाजी के लिए उतारा, और यहां से सेदिकुल्लाह अ'ल और इब्राहिम जदरान ने मोर्चा संभाला।

सागिर के ओवर में 18 रन बने। जिसकी वजह से अफगानिस्तान ने पावर प्ले में 1 विकेट के नुकसान पर 43 रन बना लिए। सेदिकुल्लाह अतल और इब्राहिम जदरान के बीच दूसरे विकेट के लिए 55 गेंदों पर 84 रन की साझेदारी हुई। सेदिकुल्लाह अटल ने 40 गेंदों का सामना कर 54 और जदरान ने 40 गेंदों का सामना कर 63 रन बनाए।

अफगानिस्तान ने आखिरी चार ओवर में 49 रन बनाए

आखिरी चार ओवरों में अफगानिस्तान ने 49 रन जोड़े, जिससे स्कोर 188 तक पहुंचा। 19वें ओवर में 22 रन बनें। इस ओवर में 2 छक्के और दो चौके भी लगे।

**अच्छी शुरुआत के बाद भी यूएई नहीं जीत पाई**

189 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी UAE की शुरुआत शानदार रही। कप्तान मुहम्मद वसीम ने आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने 37 गेंदों में 67 रन की पारी खेली। वें 10वें ओवर में शराफुद्दीन की गेंद पर गलत शॉट खेल कर आउट हो गए। इसके तुरंत बाद राशिद ने आसिफ खान को पहली ही गेंद पर बोल्ड कर दिया। राशिद ने इसके बाद एथन डिसूजा और ध्रुव पराशर को भी पवेलियन भेजा, जिससे UAE की पारी बिखर गई।

राशिद ने 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिए। राहुल चोपड़ा ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर नाबाद अर्धशतक बनाया। हालांकि, टीम को टीम को जीत नहीं दिला सके।

# मिचेल स्टार्क ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया



मेलबोर्न, 2 सितंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 साल के स्टार्क ने यह फैसला टेस्ट और 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप पर फोकस करने के लिए लिया है। उन्होंने आखिरी टी-20 मुकाबला 2024 में वर्ल्ड कप में खेला था।

स्टार्क ने 65 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले, जिनमें उन्होंने 79 विकेट लिए। वे ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनका बेस्ट परफॉर्मेंस 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ (4 विकेट) रहा।स्टार्क 2021 में UAE में हुए टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रहे।

उन्होंने कहा, 'मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए हर टी-20 मैच का लुत्फ उठाया, खासकर 2021 वर्ल्ड कप का, न सिर्फ जीत की वजह से, बल्कि उस शानदार टीम और उस दौरान की मस्ती की वजह से।'

स्टार्क ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट हमेशा उनकी पहली प्राथमिकता रहा है। 2026 में ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट शेड्यूल काफी व्यस्त है, जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज, साउथ अफ्रीका का दौरा, न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज, जनवरी 2027 में भारत में पांच टेस्ट, इंग्लैंड के खिलाफ मेलबर्न में 150वीं सालगिरह का एक स्पेशल टेस्ट, और फिर 2027 में इंग्लैंड में एशेज सीरीज शामिल है। इसके अलावा, अक्टूबर-नवंबर 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में वनडे वर्ल्ड कप होगा, जिसमें ऑस्ट्रेलिया मौजूदा चैंपियन के रूप में उतरेगा।

स्टार्क ने कहा, 'भारत में टेस्ट दौरे, एशेज और 2027 वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए, यह फैसला मुझे इन बड़े टूर्नामेंट्स के लिए तरोताजा और फिट रहने में मदद करेगा। साथ ही, इससे नई गेंदबाजी इकाई को अगले टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी का समय भी मिलेगा।'

# नाओमी ओसाका ने एकबार फिर कोको गॉफ को हराया

## वेनस-फर्नांडीज जोड़ी यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में

न्यूयॉर्क, 2 सितंबर (एजेंसियां)। यूएस ओपन के चौथे दौर में जापान की नाओमी ओसाका ने तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी कोको गॉफ को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आर्थर ऐश स्टेडियम में ओसाका ने पहले ही गेम में ब्रेक हासिल कर बढ़त बनाई और पूरे मैच में सर्विस पर नियंत्रण बनाए रखा। गॉफ की 33 अनफोर्स्ड एरर्स ने भी बड़ा अंतर बनाया। ओसाका एकबार फिर गॉफी को हराने में कामयाब रहीं।

**कमबैक रन की मजबूती**

ओसाका के लिए यह 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के बाद किसी ग्रैंड स्लैम में सबसे लंबा रन है। जीत के बाद उन्होंने कोर्ट पर भावनात्मक लहजे में यहां लौटने को स्पेशल कहा और अपने गेम को मजेदार बताते हुए आत्मविश्वास जताया।

**अगला मुकाबला और प्रमुख प्रतिद्वंदी**

क्वार्टर फाइनल में ओसाका का मुकाबला चेक गणराज्य की 11वीं वरीय करोलिना मुचोवा से होगा, जिन्होंने यूक्रेन की मार्टा कोस्त्यूक को 6-3, 6-7 (0-7), 6-3 से हराया। मुचोवा फ्लशिंग मीडोज में





लगातार तीसरे सेमीफाइनल की तलाश में हैं, ऐसे में यह मुकाबला कड़ा रहने वाला है।

**पुरुष और महिला सिंगल्स में शीर्ष दावेदारों का दबदबा**

पुरुषों में शीर्ष वरीय यानिक सिनर ने कजाकिस्तान के एलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-1, 6-1, 6-1 से हराकर तेजी से अंतिम-8 में प्रवेश किया। वहीं महिला ड्रा में पोलैंड की इगा स्वियातेक ने 13वीं वरीय एकातेरिना अलेक्सांद्रोवा को 6-3, 6-1 से मात देकर क्वार्टर फाइनल में कदम रखा। इन दोनों की एकतरफा जीतों ने टूर्नामेंट में उनके दावेदारी को और प्रबल किया है। वहीं, पोलैंड की दूसरी वरीय इगा स्वियातेक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रूसी 13वीं वरीय एकातेरिना अलेक्सांद्रोवा को महज एक घंटे में 6-3, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

इसके साथ ही उनकी ग्रैंड स्लैम में लगातार जीत का आंकड़ा 11 मैच तक पहुंच गया है। स्वियातेक दूसरी बार यूएस ओपन खिताब जीतने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही हैं। अगला मुकाबला उनके लिए खास हो सकता है क्योंकि वे अमेरिकी अमांडा अनिसिमोवा का सामना कर सकती हैं। यह वही खिलाड़ी हैं जिनके खिलाफ स्वियातेक ने विंबलडन फाइनल 6-0, 6-0 से जीता था। अनिसिमोवा का मैच ब्राजील की 18वीं वरीय बीट्रिज हदाद मायया से होगा।

महिला युगल में 45 वर्षीय वेनस विलियम्स ने कनाडा की लेलाह फर्नांडीज के साथ मिलकर लगभग एक दशक बाद किसी ग्रैंड स्लैम डबल्स क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस जोड़ी ने रूस की एकातेरिना अलेक्सांद्रोवा और चीन की झांग शुआई को 6-3, 6-4 से हराया। यह वेनस का 2016 के बाद पहला डबल्स ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल है।

'वीनस ने खुलासा किया कि सेरेना विलियम्स दूर से कोचिंग कर रही हैं और मैच से पहले फोन पर पेप टॉक दिया। क्वार्टर फाइनल में वीनस-फर्नांडीज की टक्कर शीर्ष वरीय कतेरिना सिनीआकोवा (चेक गणराज्य) और टेलर टाउनसेंड (अमेरिका) की जोड़ी से हो सकती है।

**डि मिनॉर का दमदार प्रदर्शन**

पुरुष वर्ग में आठवीं वरीय ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनॉर ने स्विट्जरलैंड के क्वालिफायर लेआंड्रो रीडी को 6-3, 6-2, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। डि मिनॉर ने 435वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी को मात देने के लिए आठ ब्रेक हासिल किए। यह उनका छठा ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल है, लेकिन वे अब तक कभी सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाए हैं। अगले दौर में उनका सामना कनाडा के 25वीं वरीय फेलिक्स ऑगर-अलियासिम से होगा, जिन्होंने रूस के आंद्रे रुब्लेव को सीधे सेटों में 7-5, 6-3, 6-4 से हराया।

# आसिफ अली का इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास



इस्लामाबाद, 2 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के मिडिल ऑर्डर बैटर आसिफ अली ने 33 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। हालांकि वे डोमेस्टिक क्रिकेट और दुनिया भर की फ्रेंचाइजी लीग में खेलना जारी रखेंगे। आसिफ ने 21 वनडे और 58 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले।

उन्होंने 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान के खिलाफ सात गेंदों में 25 रन की तूफानी पारी खेल कर पाकिस्तान को जीत दिलाई।

आसिफ ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा, पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और क्रिकेट के मैदान पर अपने देश की सेवा करना मेरा सबसे गर्व भरा अध्याय रहा है।

**विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद**

आसिफ ने आगे लिखा, मेरे प्रशंसकों, साथियों और कोचों, हर उतार-चढ़ाव में आपके प्यार, विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद। मेरे परिवार और दोस्तों, जो खुशी के पलों में और मुश्किल हालातों में, जिसमें वर्ल्ड कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी का निधन भी शामिल है, मेरे साथ खड़े रहे, आपकी ताकत ने मुझे आगे बढ़ाया।

**2023 से इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं**

आसिफ ने पाकिस्तान के लिए 58 टी-20 इंटरनेशनल 577 रन बनाए। 21 वनडे में उन्होंने 25.46 की औसत से 382 रन बनाए जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। पाकिस्तान के लिए उन्होंने आखिरी वनडे अप्रैल 2022 में लाहौर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था जबकि अपना अंतिम इंटरनेशनल मैच उन्होंने अगस्त 2023 में एशियन गेम्स में बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 फॉर्मेट में खेला।

# भट्टी ने इंदिराम्मा आवास निर्माण के पीछे के महान दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला



हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने राज्य के सीमेंट और इस्पात उद्योगों से प्रतिष्ठित इंदिराम्मा आवास योजना की सफलता सुनिश्चित करने में हाथ मिलाने का आग्रह किया, जो जनता की सरकार द्वारा एक महान दृष्टिकोण और मानवीय दृष्टिकोण के साथ शुरू की गई एक व्यापक कल्याणकारी पहल है।

मंगलवार को, उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू के साथ, भट्टी विक्रमार्क ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर सचिवालय में सीमेंट और इस्पात उद्योग के मालिकों और अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक की। उन्होंने कहा कि सरकार ने <22,500 करोड़ की लागत से 4.50 लाख इंदिराम्मा आवास बनाने का निर्णय लिया है और राज्य भर में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना ने सीमेंट और इस्पात उद्योगों को व्यापक रूप से समर्थन दिया है और उनसे इंदिराम्मा आवास की कीमतें कम करके मानवीय भावना से सोचने का आग्रह किया। उपमुख्यमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि ऊँची इमारतों के लिए जिस तरह की बिना किसी समझौते वाली गुणवत्ता वाले सीमेंट और स्टील की आपूर्ति की जाती है, वैसी ही इंदिराम्मा घरों के लिए भी की जानी चाहिए।

मंत्री श्रीधर बाबू ने कहा कि कांग्रेस सरकार के सत्ता में लौटने के 10 साल बाद, राज्य में गरीब परिवारों के लिए यह कल्याणकारी योजना लागू की जा रही है। "सभी कंपनियों, चाहे वे बड़ी हों या छोटी, को एक समान कीमत पर सीमेंट और स्टील की आपूर्ति करनी चाहिए।

तेलंगाना बड़े पैमाने पर उद्योगों को बढ़ावा दे रहा है, जहाँ विश्व-प्रसिद्ध कंपनियाँ न केवल हैदराबाद में, बल्कि पूरे राज्य में विस्तार कर रही हैं। भविष्य में सीमेंट और स्टील की भारी माँग होगी, इसलिए उद्योगों को सरकार की पहल के अनुरूप किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराने चाहिए।," मंत्रियों ने आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में सरकारी योजनाओं के लिए सीमेंट कंपनियों द्वारा सामग्री की आपूर्ति की जा रही दरों की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि 4.50 लाख इंदिराम्मा घरों के निर्माण के लिए लगभग 50 लाख मीट्रिक टन सीमेंट और 27.75 लाख मीट्रिक टन स्टील की आवश्यकता होगी। उद्योग मालिकों और प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार के इस मानवीय कार्यक्रम में सहयोग करने का अवसर पाकर वे स्वयं को सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि उद्योग विभाग के मार्गदर्शन में, वे जल्द ही आगे की चर्चा करेंगे और कीमतों को अंतिम रूप देंगे।बैठक में मुख्य सचिव रामकृष्ण राव, उद्योग विभाग के निदेशक निखिल चक्रवर्ती और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने कालेश्वरम मामले में केसीआर परिवार की आलोचना की, जवाबदेही की मांग की

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य बी महेश कुमार गौड़ ने आज पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के परिवार पर तीखा हमला बोला और उन पर कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। टीपीसीसी प्रमुख ने गांधी भवन में एक प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि परिवार में अंदरूनी कलह भ्रष्टाचार के 'हिस्सेदारी बंटवारे' को लेकर है। न्यायमूर्ति पी.सी. घोष की जाँच ने पुष्टि की है कि कालेश्वरम मामले में भ्रष्टाचार हुआ था और केसीआर और हरीश राव दोषी पाए गए थे, और राज्य सरकार ने मामला सीबीआई को सौंप दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने पहले कालेश्वरम को 'केसीआर का एटीएम' कहा था, लेकिन अब कथित तौर पर बीआरएस को बचा रही है। महेश गौड़ ने इस मामले में सीबीआई से तुरंत कार्रवाई की माँग की और चेतावनी दी कि किसी भी तरह की देरी भाजपा-बीआरएस की मिलीभगत साबित होगी।

# अनोखी घटना

## टैटू ने बचाई एक व्यक्ति की जान





वानापर्थी, 2 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। एक अनोखी घटना में छाती पर बने टैटू ने एक व्यक्ति की जान बचा ली। पीरलागुट्टा के 49 वर्षीय तैलम रमेश सोमवार को एक रिश्तेदार के घर नाश्ता करने गए थे। वहीं अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़े। हरकत बंद होने पर परिवार वालों को लगा कि उनकी मौत हो गई है और उन्होंने अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। रमेश पूर्व कृषि मंत्री जी. निरंजन रेड्डी के बड़े प्रशंसक हैं और उनके चित्र का टैटू उन्होंने सीने पर बनवाया हुआ है।

जब निरंजन रेड्डी को उनकी 'मौत' की खबर मिली तो वे श्रद्धांजलि देने पहुँचे। टैटू देखने के लिए जब उन्होंने ध्यान से रमेश को देखा तो हल्की साँसों का एहसास हुआ। उन्होंने तुरंत शरीर पर रखी मालाएं हटाईं और नाम पुकारा तो रमेश ने आँखें झपकाकर जवाब दिया। फौरन उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां एक घंटे में होश आ गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए हैदराबाद भेजा गया। परिवार अब बेहद खुश और राहत महसूस कर रहा है।

## यूरिया की कमी से किसान बेहोश


### राजन्ना-सिरसिल्ला में संकट गहराया



राजन्ना-सिरसिल्ला, 2 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के गंभीरावपेट मंडल में मंगलवार को एक किसान यूरिया लेने के लिए लंबी कतार में खड़ा था, तभी अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। इस घटना ने इलाके में उर्वरक की लगातार कमी और किसानों की बढ़ती परेशानी को उजागर कर दिया है। पेंडला मल्लैया नाम का किसान प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पीएसीएस) की दुकान पर यूरिया लेने के लिए लाइन में खड़ा था। इसी दौरान उसे अचानक दौरे पड़े और वह वहीं बेहोश हो गया। आसपास मौजूद किसानों ने तुरंत उसके परिवार को सूचना दी। परिवारजन मौके पर पहुंचे और उसे घर ले गए। बाद में उसकी हालत स्थिर बताई गई।

स्थानीय किसानों का कहना है कि यूरिया की कमी के कारण उन्हें रोज़ाना घंटों तक लाइन में लगना पड़ता है। कभी-कभी उर्वरक मिलने की गारंटी भी नहीं होती। इस वजह से किसान मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान हो रहे हैं। किसानों ने मांग की है कि सरकार तुरंत आवश्यक कदम उठाए और जिले में यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करे, ताकि खेती का काम समय पर हो सके और किसानों को ऐसी तकलीफों का सामना न करना पड़े।

# बैडमिंटन सिर्फ़ एक खेल नहीं, बल्कि जीवन का एक सबक है : श्रीधर बाबू




हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी एवं उद्योग मंत्री और तेलंगाना बैडमिंटन संघ (बीएटी) के अध्यक्ष डी. श्रीधर बाबू ने मंगलवार को योनेक्स-सनराइज़ 79वीं दक्षिण क्षेत्र अंतर-राज्यीय बैडमिंटन चैंपियनशिप-2025 के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि बैडमिंटन सिर्फ़ एक खेल नहीं, बल्कि जीवन के सबक सिखाने वाला शिक्षक है।

यह कार्यक्रम बीएटी के तत्वावधान में रंगा रेड्डी ज़िले के कान्हा शांतिवनम स्थित हार्टफुलनेस गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर बोलते हुए, श्रीधर बाबू ने कहा कि शटल का हर बार गिरकर फिर से उठ खड़ा होना जीवन में लचीलेपन का प्रतीक है। उन्होंने कहा, "प्रकाश पादुकोण, पुलेला गोपीचंद, पी.वी. सिंधु, साइना नेहवाल, सात्विक, चिराग और श्रीकांत जैसे दिग्गजों ने बैडमिंटन के माध्यम से भारत को अपार गौरव दिलाया है।

युवा खिलाड़ियों को उनकी भावना का अनुकरण करना चाहिए और केवल अंकों के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र के गौरव के लिए खेलना चाहिए।" मंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि अनुशासन ही असली कोच है, कड़ी मेहनत ही सच्चा प्रायोजक है, और आत्मविश्वास व दृढ़ संकल्प हर एथलीट की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने तेलंगाना को वैश्विक खेल केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए विश्व स्तरीय खेल अवसंरचना विकसित करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उद्घाटन समारोह में शादनगर के विधायक के. शंकरैया, टीयूएफआईडीसी के अध्यक्ष चल्ला नरसिम्हा रेड्डी, बीएटी के महासचिव और राष्ट्रीय मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बुद्धिजीवियों ने स्वर्गीय सुरवरम सुधाकर रेड्डी को याद किया

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रख्यात बुद्धिजीवियों, लेखकों और नेताओं ने वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता और भाकपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सुरवरम सुधाकर रेड्डी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके निधन को वामपंथी आंदोलन के लिए एक बड़ी क्षति बताया। तेलंगाना शहीद स्मारक ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगलवार को बंजारा हिल्स स्थित रवि नारायण रेड्डी सभागार में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाकपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य चाडा वेंकट रेड्डी ने की और इसमें भाकपा नेताओं, पत्रकारों, शिक्षाविदों, पूर्व न्यायाधीशों और प्रशंसकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने सुधाकर रेड्डी को एक "सनातन छात्र और जनयोद्धा" के रूप में याद किया, जिन्होंने अपना जीवन जनांदोलनों के निर्माण और कम्युनिस्ट विचारधारा को मज़बूत करने के लिए समर्पित कर दिया। दिवंगत नेता की कमी उस समय बहुत महसूस हुई जब वामपंथी ताकतें राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करने के लिए एकजुट होने का प्रयास कर रही थीं। चाडा वेंकट रेड्डी ने कहा कि रेड्डी ने जनता के मुद्दों के लिए अथक संघर्ष किया और भाकपा उनके निधन से उत्पन्न शून्य को कभी नहीं भर सकती।

## शिक्षक दिवस समारोह के लिए सरकार ने 36.40 लाख स्वीकृत किए

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना स्कूल शिक्षा विभाग ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती 5 सितंबर, 2025 को शिक्षक दिवस समारोह के लिए 36.40 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। आदेशों के अनुसार, प्रति मंडल (629 मंडल) 5,000 - 31.45 लाख रुपए और प्रति जिला (33 जिले) 15,000 - 4.95 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। यह धनराशि जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) और मंडल शिक्षा अधिकारियों (एमईओ) को जारी की जाएगी। समारोहों की रिपोर्ट संकलित करके स्कूल शिक्षा निदेशक को प्रस्तुत की जानी चाहिए।

# आशा कार्यकर्ताओं का बड़ा प्रदर्शन सरकार से वादे पूरे करने की मांग

### निश्चित वेतन, पीएफ और ईएसआई जैसी सुविधाएं देने का किया था वादा



हैदराबाद, 2 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों के विरोध लंबे समय से जारी हैं। पिछले एक साल से सरकारी स्वास्थ्य कर्मचारी और आरोग्यश्री योजना के तहत मरीजों की सेवा करने वाले निजी अस्पताल लगातार अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को राज्य भर से हजारों आशा कार्यकर्ता हैदराबाद पहुंचे और बड़े पैमाने पर धरना दिया। प्रदर्शनकारी आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि राज्य सरकार ने चुनाव से पहले उन्हें निश्चित वेतन, पीएफ और ईएसआई जैसी सुविधाएं देने का वादा किया था, लेकिन अब तक यह वादे पूरे नहीं किए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है।

आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन पर अवास्तविक लक्ष्य थोपे जा रहे हैं और अत्यधिक काम के बावजूद उन्हें समय पर भुगतान नहीं मिलता। साथ ही नौकरी की सुरक्षा, सेवानिवृत्ति लाभ और रविवार व राष्ट्रीय छुट्टियों पर सवेतन अवकाश की भी कमी है। धरने में शामिल महिलाओं ने साफ कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे आंदोलन जारी रखेंगी। उनका मानना है कि सरकार को स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत करने के लिए आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से हल करना चाहिए।

## तेलंगाना में सरकारी कर्मचारियों का प्रदर्शन

हैदराबाद, 2 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के सरकारी कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन प्रणाली (ओपीएस) को बहाल करने और अंशदायी पेंशन प्रणाली (सीपीएस) को समाप्त करने की मांग को लेकर पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन और रैलियां कीं। गौरतलब है कि 1 सितंबर 2004 को पूरे देश में ओपीएस खत्म कर दिया गया था और उसकी जगह सीपीएस लागू किया गया। कर्मचारियों का कहना है कि इससे उनकी नौकरी की सुरक्षा और भविष्य दोनों प्रभावित हुए हैं।

तेलंगाना सरकारी कर्मचारी संयुक्त कार्रवाई समिति (टीजीईजेएसी) के महासचिव ई. श्रीनिवास राव ने कांग्रेस सरकार से आग्रह किया कि वह अपना चुनावी वादा पूरा करे। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में सत्ता में आने के बाद ओपीएस लागू करने का आश्वासन दिया था।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने कहा कि देश के चार राज्यों में ओपीएस पहले ही बहाल हो चुका है, इसलिए तेलंगाना में भी इसे लागू करने के लिए तुरंत कदम उठाए जाएं। कई विभागों के कर्मचारी सचिवालय परिसर में भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

# आंध्र प्रदेश को पूर्वी तट के लॉजिस्टिक्स केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा : मुख्यमंत्री नायडू

विशाखापत्तनम, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने घोषणा की कि आंध्र प्रदेश जल्द ही एक विश्वस्तरीय लॉजिस्टिक्स केंद्र के साथ पूर्वी तट का प्रवेश द्वार बनकर उभरेगा।

आज पूर्वी तट और लॉजिस्टिक्स शिखर सम्मेलन में बोलते हुए, नायडू ने कहा कि राज्य लॉजिस्टिक्स और नागरिक उड्डयन विश्वविद्यालय स्थापित करेगा, साथ ही सरकार का मार्गदर्शन करने के लिए उद्योग विशेषज्ञों की 20 सदस्यीय सलाहकार समिति का गठन करेगा। नायडू ने ज़ोर देकर कहा कि जीएसडीपी में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र का योगदान वर्तमान 17 से बढ़कर 37 होना चाहिए। छह चालू बंदरगाहों और चार और बंदरगाहों के निर्माण के साथ, मुख्यमंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश अपनी 1,050 किलोमीटर लंबी तटरेखा पर हर 50 किलोमीटर पर बंदरगाह या मछली पकड़ने के बंदरगाह विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि जहाज निर्माण, कंटेनर मरम्मत, जहाज पुनर्चक्रण और रक्षा पोत रखरखाव को बढ़ावा देने की योजनाएँ चल रही हैं।

नायडू ने डिजिटल लॉजिस्टिक्स प्लेटफॉर्म, कार्गो ट्रैकिंग और मज़बूत रेल-सड़क-हवाई संपर्क की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

मुख्यमंत्री ने बकिंघम नहर का हवाला देते हुए अंतर्देशीय जलमार्गों के महत्व पर भी प्रकाश डाला और कहा कि भारत को लॉजिस्टिक्स लागत को 13% से घटाकर वैश्विक स्तर 8% तक लाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि आंध्र प्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है जो नदियों को जोड़कर जल सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है और विशाखापत्तनम जल्द ही एक प्रमुख प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में उभरेगा।

## टीजीएसआरटीसी आईटी कॉरिडोर में 275 और इलेक्ट्रिक बसों की सेवा शुरु करेगा

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीएसआरटीसी) के प्रबंध निदेशक वी.सी. सज्जनार ने आज घोषणा की कि हैदराबाद के आईटी कॉरिडोर में सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को और मज़बूत किया जा रहा है। पहले से चल रही 200 इलेक्ट्रिक बसों के अलावा, जल्द ही 275 और इलेक्ट्रिक बसें जोड़ी जाएँगी। प्रबंध निदेशक ने यह घोषणा सोमवार शाम यहाँ हाईटेक सिटी स्थित टेक महिंद्रा परिसर में टीजीएसआरटीसी, एसोचैम और तेलंगाना सुविधा प्रबंधन परिषद (टीएफएमसी) द्वारा आईटी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से आयोजित एक बैठक के दौरान की। सज्जनार ने कहा कि सॉफ्टवेयर कर्मचारियों की ज़रूरतों के आधार पर बसों की व्यवस्था की जा रही है। इलेक्ट्रिक बसों के साथ-साथ, कंपनियों के लिए कर्मचारियों के परिवहन के लिए मेट्रो डीलक्स बसें भी उपलब्ध हैं।

यह बताते हुए कि आईटी कॉरिडोर में यातायात की भीड़भाड़ मुख्य रूप से निजी वाहनों के अत्यधिक उपयोग के कारण होती है, प्रबंध निदेशक ने आईटी कंपनियों से कर्मचारियों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

# नवंबर से मीर आलम ब्रिज का निर्माण शुरू होने की संभावना

### 430 करोड़ की लागत से बनेगा 2.6 किमी लंबा पुल



हैदराबाद, 2 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। निजामकालीन मीर आलम टैंक पर प्रस्तावित मीर आलम ब्रिज का निर्माण कार्य नवंबर से शुरू हो सकता है। इस पुल का निर्माण मूसी नदी विकास निगम (एमआरडीसीएल) 430 करोड़ रुपये की लागत से करने जा रहा है।

एमआरडीसीएल के मुख्य अभियंता के. सुरेश कुमार ने बताया कि निविदा जारी कर दी गई है और सितंबर के दूसरे हफ्ते तक इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद नवंबर से काम शुरू किया जा सकता है। पुल की लंबाई 2.6 किमी होगी और इसमें चार लेन होंगी। इसके 45 खंभे मीर आलम टैंक के पानी में बनाए जाएंगे। यह पुल शास्त्रीपुरम में बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग को चिंतलमेट से जोड़ेगा।

अधिकारियों के मुताबिक, वर्तमान में यात्रियों को यहाँ पहुँचने के लिए 3-4 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है और 20 मिनट से ज्यादा समय लगता है। नए पुल से यह दूरी घटकर सिर्फ 5-10 मिनट रह जाएगी। इससे 1 लाख से ज्यादा दैनिक यात्रियों को राहत मिलेगी और ईंधन की बचत भी होगी। पुल का डिजाइन और संरचना आईआईटी हैदराबाद, एनआईटी वारंगल और जेएनटीयू-एच जैसे बड़े संस्थान जांचेंगे। काम शुरू होने के 24 महीने के भीतर इसका निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है।

## सरकार ने वर्षा प्रभावित पीड़ितों के लिए बढ़ी हुई अनुग्रह राशि की अवधि बढ़ाई

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार ने भारी वर्षा और बाढ़ से प्रभावित परिवारों के लिए बढ़ी हुई अनुग्रह राशि की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। आदेशों के अनुसार, मानव मृत्यु पर 5 लाख रुपए(पहले 4 लाख), मवेशी मृत्यु (बड़े जानवर)50 हजार रुपए(पहले 37,500),भेड़/बकरी मृत्यु (छोटे जानवर)5,000 रुपए(पहले 4,000)कर दिया गया है। कामरेड्डी, मेडक, आसिफाबाद, सूर्यपेट, निजामाबाद, आदिलाबाद, संगारेड्डी, सिद्दीपेट, मुलुगु, महबूबनगर, जगतियाल, निर्मल और सिरसिला सहित प्रभावित जिलों के लिए 1.3 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टरों को निर्देश दिया गया है कि वे ईसीएस के माध्यम से सीधे परिवारों को भुगतान हस्तांतरित करें और ऑडिट के बाद उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। अन्य राहत उपाय एसडीआरएफ मानदंडों का पालन करेंगे।

## आईएएस अधिकारी शिव शंकर आंध्र प्रदेश सरकार में कार्यभार ग्रहण करने हेतु कार्यमुक्त

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार ने 2013 बैच के आईएएस अधिकारी शिव शंकर लोथेती को कृषि एवं सहकारिता विभाग में संयुक्त सचिव और राजस्व विभाग (एफएसी) में संयुक्त सचिव (डीएम) के वर्तमान पद से कार्यमुक्त कर दिया है। भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के आदेशों के बाद, उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया गया है ताकि वे आंध्र प्रदेश सरकार में कार्यभार ग्रहण कर सकें।

## श्रीवारी सलाकटला ब्रह्मोत्सव 24 सितंबर से 2 अक्टूबर तक

तिरुमाला, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तिरुमाला में इस वर्ष 24 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नौ दिवसीय वार्षिक उत्सव तिरुमाला-सलाकटला ब्रह्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। तिरुमाला में वर्ष भर मनाए जाने वाले असंख्य उत्सवों में से, वार्षिक ब्रह्मोत्सव को एक विशाल धार्मिक उत्सव माना जाता है और इस दौरान उत्सव में शामिल होने वाले हजारों भक्तों के लिए यह एक मनोरम दृश्य होता है। नौ दिवसीय उत्सव 23 सितंबर की शाम को अंकुरार्पणम (जो कि प्रस्तावना अनुष्ठान है) के साथ शुरू होता है। कोइल अलवर तिरुमंजनम- मंदिर शुद्धिकरण अनुष्ठान 16 सितंबर को श्रीवारी मंदिर में, ब्रह्मोत्सव से पहले वाले मंगलवार को आयोजित किया जाएगा।

वार्षिक ब्रह्मोत्सव की भव्यता वाहन सेवाओं के साथ और भी बढ़ जाती है। प्रतिदिन श्री मलयप्पा स्वामी अपनी दोनों पत्नियों श्रीदेवी और भूदेवी के साथ कुछ वाहनों पर और कुछ पर अकेले ही तिरुमाला मंदिर के चारों ओर स्थित चार माडा मार्गों पर भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए आते हैं। प्रतिदिन वाहन सेवा सुबह और शाम दोनों समय की जाती है। ब्रह्मोत्सव के दौरान सुबह की वाहन सेवा सुबह 8 बजे से 10 बजे तक और शाम की वाहन सेवा शाम 7 बजे से 9 बजे तक होती है।

## स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन और सुविधाओं को लेकर विरोध जारी

### ठेका कर्मचारी, एएनएम और जूनियर डॉक्टर सरकार से कर रहे समाधान की मांग

हैदराबाद, 2 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में स्वास्थ्य विभाग और शिक्षण अस्पतालों से जुड़े हजारों ठेका श्रमिक और सुरक्षाकर्मी लंबे समय से वेतन समय पर और पूरा देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले 18 महीनों में दूसरी एएनएम (सहायक नर्स दाइयां) भी कई बार आंदोलन कर चुकी हैं। उनकी मुख्य मांगें हैं-सेवानिवृत्ति लाभ, सेवाओं का नियमितीकरण और लंबित बकाया का भुगतान। वहीं, शिक्षण अस्पतालों के जूनियर डॉक्टरों ने भी कुछ समय के लिए हड़ताल की थी। सरकार ने उन्हें हड़ताल खत्म करने के लिए मना लिया, लेकिन उनकी सबसे अहम मांग-नियमित वजीफे के लिए 'ग्रीन चैनल' व्यवस्था-अब तक पूरी नहीं की गई।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.